सुप्रभात
रांची, सोमवार
13.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 211



12 मनोज वाजपेयी की फिल्म गुलमोहर का ट्रेलर रिलीज

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### असम में भूकंप का झटका, अफरातफरी

**गुवाहाटी।** असम के नगांव जिले में रविवार की शाम भूकंप के झटके महसूस किये गये। नगांव जिले में शाम 4 बजकर 18 मिनट 17 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4 मापी गयी। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आये और लोगों में दहशत फैल गयी।

### पांच दिनों तक बारिश व तूफान की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** ठंड का मौसम धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। कई राज्यों में अधिकतम तापमान बढ़ चुका है। मौसम विभाग ने बताया है कि आने वाले पांच दिनों तक ज्यादातर राज्यों में मौसम में बड़ा बदलाव नहीं आयेगा। वहीं, पहाड़ी राज्यों में अब भी बारिश जारी रहेगी। इसके अलावा, अरुणाचल प्रदेश में भी पांच दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### कांकेर में मुठभेड़, पांच नक्सली घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के छोटे बेठिया के आल्दंड के जंगलों में मुठभेड़ हुई है। जिला पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त पार्टी गश्त पर निकली थी। आलदंड के जंगलों में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुआ है। मुठभेड़ में 4 से 5 नक्सलियों के घायल होने की जानकारी मिल रही है।

### सभापति को जया बच्चन ने दिखायी उंगली, हंगामा

**नयी दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में इन दिनों बजट सत्र के चलते जबरदस्त हंगामा हो रहा है। पक्ष-विपक्ष के दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं और हंगामे के बीच कई बार संदनों को स्थगित भी किया जा चुका है। इसी बीच राज्यसभा सांसद जया बच्चन का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें उनका गुस्सा सभापति जगदीप धनखड़ पर फूटता हुआ दिख रहा है। इस वीडियो में उन्हें सभापति को उंगली दिखाते हुए देखा जा सकता है। भाजपा एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है और विपक्षी पार्टी पर हमले कर रही है।

### झारखंड कांग्रेस ने चार नेताओं निकाला

रांची। एक महीने से अधिक समय लेने के बाद आखिरकार कांग्रेस ने अनुशासनहीनता को लेकर 4 नेताओं को पार्टी से 6 साल के लिए निकाल दिया है।

# देवघर में मुठभेड़, 2 जवान शहीद

## बाल-बाल बचे थानेदार, बादल बोले- सख्त कार्रवाई होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के श्याम गंज रोड अंडा पट्टी मोहल्ले में शनिवार की देर रात अपराधियों से हुई मुठभेड़ में पुलिस के दो जवान शहीद हो गये। पुलिस पर हमला करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों पुलिस जवान एक मछली व्यवसायी सुधाकर झा की सुरक्षा में तैनात थे। कुछ दिनों पहले व्यवसायी के मुंशी पर जानलेवा हमला हुआ था। इसके बाद दो जवानों को व्यवसायी की सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। उनके नाम साहिबगंज जिला के रवि कुमार मिश्रा और संतोष यादव हैं। ये घटना नगर थाने से 500 मीटर दूर श्यामगंज रोड अंडा पट्टी में हुई। एसपी ने बताया कि जवानों ने जान पर खेल कर मछली व्यवसायी को बचा लिया। रविवार सुबह संथाल के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल भी देवघर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी देवघर पहुंचे और शहीद जवानों परिजनों से मिले। उन्हें सांत्वना दी। मंत्री ने कहा कि सरकार मृतक के परिजनों के साथ है और इस जघन्य अपराध के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।



### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : मंत्री

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर कहा कि सरकार मृतक के परिजनों के साथ है। इस जघन्य अपराध के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। दो जवानों की मौत ना सिर्फ देवघर बल्कि पूरे राज्य सनसनी है। उनका कहना है कि सुधाकर झा जिसकी सुरक्षा में दोनों पुलिसकर्मी लगे हुए थे वो अपराधी प्रवृत्ति का था। ऐसे में इस तरह के लोगों को सुरक्षा देने की क्या आवश्यकता थी।

### हथियार से लैस अपराधियों ने व्यापारी के घर किया था हमला

बताया जाता है कि रात करीब अपराधियों ने सुधाकर झा पर घर में हमला कर दिया था। हथियार से लैस अपराधियों ने व्यापारी को निशाने पर लेते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चलायी। दोनों जवानों से अपराधियों की मुठभेड़ हुई। तलबारबाजी भी हुई। इसी दौरान गोली लगने से दोनों पुलिस जवानों की मौत हो गयी। दोनों जवान शहीद होकर मछली व्यवसायी की जान बचाने में सफल रहे। दोनों पुलिस जवान सिविल ड्रेस में थे। घटना कि सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी केके साहू कुशवाहा पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अपराधियों ने थाना प्रभारी की गाड़ी पर भी फायरिंग फायरिंग की, पर थाना प्रभारी भी बाल-बाल बच गये। पुलिस ने एक हमलावर को दिबोच लिया। वह बुरी तरह घायल है, उसका हाथ तलवार से कट गया है। घटना की सूचना मिलने पर एसपी सुभाष चंद्र जाट, एसडीपीओ पवन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी पहुंचे। हिरासत में लिये गये दोनों से पूछताछ की जा रही है।



# राधाकृष्णन झारखंड के नये राज्यपाल, सीएम ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र और सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का नया राज्यपाल बनाया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल और एलजी का फेरबदल किया। राज्यपालों की सूची में नये नाम भी जोड़े गये हैं। राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, बिहार के नये राज्यपाल होंगे। ये नियुक्तियां राज्यपालों के पदभार ग्रहण की तिथि के साथ ही प्रभावी होंगी। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकिशन माथुर ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। (शेष 11 पर)

## कौन हैं सीपी राधाकृष्णन



राष्ट्रपति भवन से जारी अधिसूचना के मुताबिक सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का नया राज्यपाल बनाया गया है। श्री राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल होंगे। सीपी राधाकृष्णन का जन्म 4 मई 1957 को तमिलनाडु कोयंबटूर के तिरुपुर में हुआ है। वे तमिलनाडु के वरिष्ठ भाजपा नेता हैं। वे कोयंबटूर से दो बार सांसद भी रह चुके हैं। 1998और 1999 के आम चुनावों उन्होंने भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी। वह तमिलनाडु के लिए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं। रमेश बैस 07 जुलाई 2021 को झारखंड के राज्यपाल बनाये गये थे। देश की वर्तमान के झारखंड के गवर्नर के पद से हटने के बाद रमेश बैस को झारखंड का गवर्नर बनाया गया था। रमेश बैस अपने पूरे कार्यकाल के दौरान कई मसलों को लेकर सुर्खियों में रहे।

## झारखंड पर विशेष ध्यान, अब हर माह आऊंगा : तेजस्वी

# खेला करनेवाली भाजपा के साथ खेला होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता सह विहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड के प्रति हमारा विशेष ध्यान है। महीने में दो दिन मैं राज्य के लोगों के साथ बिताऊंगा और यहां रहकर पार्टी को सींचने का काम करूंगा। भाजपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, देश में भाजपा की जहां भी सत्ता नहीं होती है, वहां चुनी हुई सरकार को पैसा के बूते और सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर वे लोग खेला करते हैं। लेकिन बिहार में हमने तो भाजपा के साथ ही खेला कर दिया। महागठबंधन बनाकर बिहार से भाजपा को खदेड़ दिया। अब झारखंड में भी हम सब को मिल कर उसी खेला को दोहराना है और भाजपा को यहां से भी भगाना है। (शेष 11 पर)

### रामगढ़ : गाड़ी की डिक्की में मिले दस लाख, जब्त

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। इसी बीच पुलिस की स्पेशल टीम ने जांच अभियान के दौरान एक कार से 10 लाख रुपए जब्त किये हैं। स्टैटिक सर्विलांस टीम ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के टायर मोड़ स्थित चेक नाका में जांच अभियान के दौरान कार की डिक्की से बैग में रखे ये रुपये जब्त किये। पूरे मामले की जांच कैश रिलीजिंग कमेटी द्वारा की जा रही है। रामगढ़ जिले में उपचुनाव को लेकर एफएसडी और एसएसटी का गठन किया गया है, जो जगह जगह पर जांच कर रही है। जिले के बॉर्डर को भी सील कर दिया गया है।

## भारत ने पाक को 7 विकेट से रौंदा

**केप टाउन।** आइसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने जीत से अपने अभियान की शुरूआत की। भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से रौंद दिया। जेमिमा रोड्रिग्ज से नाबाद 53 रनों की पारी खेली और जीत का चौका भी उनके ही बल्ले से निकला। पाकिस्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत के लिए 150 रनों का लक्ष्य दिया था। भारत ने तीन विकेट खोकर 19 ओवर में 151 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ऊंगली में चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रही थीं। भारतीय टीम इस बार ट्रॉफी की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम ने 19 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 153 रन बना कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। मैच में जेमिमाह रॉड्रिक्स शानदार 53 रन (नाबाद ) और ऋचा घोष 31 रन (नाबाद) बनाये। पाकिस्तान की ओर से आयेशा नसीम ने 25 गेंदों पर 43 रनों की विस्फोटक पारी खेली। वहीं, कप्तान बिस्माह मरूफ ने 55 गेंद पर नाबाद 68 रन का योगदान दिया। यह पाकिस्तान का विमेंस क्रिकेट में टीम इंडिया के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है।

### कांग्रेस बॉर्डर पर सड़क बनाने से डरती थी : मोदी

**दौसा।** पीएम मोदी ने रविवार को देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे के पहले फेज का उद्घाटन किया। फिर सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सीमावर्ती इलाकों में सड़क बनाने से डरती थी। उन्हें लगता था कि दुश्मन हमारी बनायी सड़कों से चलकर देश के भीतर आ जायेगा। मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस क्यों हमारे सैनिकों के शौर्य और बहादुरी को कम आंकती रही है। पीएम ने कहा- सीमा पर दुश्मनों को रोक देना और उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना हमारी सेना को बखूबी आता है।

### सीएम आज लातेहार में, कल खतियानी जोहार यात्रा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 13 फरवरी को शाम लातेहार पहुंचेंगे। 14 को जिला स्टेडियम में खतियानी जोहार यात्रा में शामिल होंगे। सीएम की यात्रा सभी तैयारियां कर ली गयी हैं। खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम के अलावा सीएम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। जिला मुख्यालय में डिग्री कॉलेज और मॉडल कॉलेज का भी उद्घाटन करेंगे। इससे शिक्षा के क्षेत्र विकास को नया आयाम मिलेगा, क्योंकि जिला मुख्यालय में आज तक एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है। ये ऐसा पहला मौका होगा जब मुख्यालय में किसी डिग्री कॉलेज की शुरूआत की जायेगी। शिक्षा को लेकर मुख्यमंत्री का लातेहार दौरा काफी अहम होने वाला है।

### एके 47 की गोली के साथ जॉर्ज बुश गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा इलाके से दिल्ली के एक युवक को एके 47 के कारतूस और ब्लैक स्टोन ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आशीष सैम्युल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश दिल्ली के अशोक विहार का रहने वाला है। अरगोड़ा पुलिस जॉर्ज से पूछताछ कर रही है। आशंका है कि जॉर्ज किसी ऐसे बड़े आपराधिक नेटवर्क से जुड़ा हुआ है जो कारतूस और ड्रग्स की तस्करी करता है। जार्ज दिल्ली का शातिर अपराधी है। उसके ऊपर दिल्ली के विभिन्न थानों में 60 से ऊपर मामले दर्ज है। एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने उसे दबोचा।

### गुरुजी घर लौटे, राज्यपाल मिलने पहुंचे



**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मेंदांता अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। तीन दिन के इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें घर ले जाने की इजाजत दे दी है। इस बीच राज्यपाल रमेश बैस अचानक उनका हालचाल लेने उनके घर पहुंचे। डाक्टरों ने गुरुजी को दवाई लेने के साथ खाने पीने के कुछ चीजों मे परहेज करने के लिए भी कहा गया है। फिलहाल, वे राहत महसूस कर रहे हैं। डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन को कई हिदायत के साथ डिस्चार्ज किया गया है। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जो भी समस्याएं हैं, उसके हिसाब से खाने-पीने में परहेज करने की भी सलाह दी गयी है। राज्यपाल ने रविवार को गुरुजी के आवास जाकर उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर झामुमो सुप्रीमो के पुत्र व सीएम हेमंत सोरेन भी मौजूद थे। तीनों के बीच करीब 20 मिनट तक बातचीत हुई। वहीं, रविवार को सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा ने राजभवन जाकर राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की।

# झारखंड के 36 मजदूर ताजिकिस्तान में भूखे-प्यासे फंसे

## सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर वतन वापसी की लगायी गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इस बार झारखंड के 36 प्रवासी मजदूर ताजिकिस्तान में फंसे हुए हैं। वहां उन्हें कई महीनों से वेतन भी नहीं मिला है। इससे उनकी हालत खराब हो गयी है। खाने-पीने को मोहताज हो गये हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया में वीडियो शेयर कर अपनी पीड़ा साझा करते हुए सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है। साथ ही बकाया मजदूरी भुगतान कराने में भी मदद का अग्रह किया है।



### फंसे मजदूरों की सूची

पराये देश में फंसे मजदूरों में गिरिडीह, बगोदर प्रखंड के तुकतुको के खिरोधर महतो, नागेश्वर चौधरी, रामदेव महतो, औरा के सुखदेव महतो, संतोष कुमार, महुरी के गोवर्धन महतो, ढिबरा के जगरनाथ महतो, परतापुर के गणेश महतो, घाघरा के कैलाश महतो, सरिया प्रखंड के अंतर्गत पिपराडीह के डुमरचंद महतो, डुमरी प्रखंड के अंतर्गत कुलगो के शंकर कुमार, सेवाटांड के झरिलाल महतो शामिल हैं। हजारीबाग के बिष्णुगढ प्रखंड के गोविंदपुर के बालेश्वर महतो, नागी के महेन्द्र महतो, करगालो के शिवशंकर साव, सारूकुदर के टुकामन महतो, नागेश्वर महतो, केन्दुवाडीह के डेगलाल गंझू, बलकमक्का के दर्शन महतो, उच्चाघाना के प्रकाश महतो, खरना के सुरेश महतो, डेगलाल महतो, महेश महतो, अशोक कुमार, सिरैय के राजेश महतो, बसरिया के सुकर महतो, टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत जोलमी के दौलत महतो, लालमण महतो, योधा महतो शामिल हैं। वहीं बोकारो, गोमियां प्रखंड के हुरलुंग के नारायण महतो, बालेश्वर महतो, कडमा के दशरथ महतो, अशोक कुमार, करतवारी के प्रकाश महतो, धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड के मानटांड के दिनेश कुमार महतो शामिल हैं।

### मदद की अपील

प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली ने केंद्र और झारखंड सरकार से मजदूरों को मदद की अपील की है। उल्लेखनीय है कि ताजिकिस्तान में गिरिडीह, बोकारो, हजारीबाग और धनबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों के 36 प्रवासी मजदूर फंसे हुए हैं। मजदूरों को चार महीने से मजदूरी नहीं मिली है। पैसे के अभाव में मजदूर भूखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। लोग रोजी-रोटी की तलाश में ये मजदूर विदेश जाते हैं, जहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। ऐसे हालात में मजदूर बड़ी मुश्किल से अपने वतन लौट पाते हैं।

सप्तम् पुण्यतिथि



स्व. वेद प्रकाश भाटिया जी
(10.12.1937-13.02.2016)
। न जायते म्रियते वा कदाचि - न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः ।
।। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो - न हन्यते हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।
अश्रूपूरित श्रद्धांजलि
समस्त भाटिया परिवार व समस्त कर्मचारीगण

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा

# 60 गांवों के लिए सिरदर्द बन गयी शराब फैक्ट्री

### बहरागोड़ा में शराब फैक्ट्री से फैल रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्राचार कर पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा अंचल के गोहलामुडा गांव स्थित स्प्रिंट व शराब बनाने वाली फैक्ट्री ग्लोबस स्प्रिंट लिमिटेड के द्वारा फैलाये जा रहे वायु प्रदूषण की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया है। श्री प्रकाश ने कहा है कि लगभग 60 गांव में शराब फैक्ट्री से प्रदूषण फैल रहा है। इस निजी कम्पनी ने प्रदूषण नियंत्रण के मानदंडों को पूरा किये बगैर स्प्रिंट बनाना प्रारंभ कर दिया है। विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं दुर्गन्धित हवा से बीमार पड़ने लगे हैं। ग्लोबस स्प्रिंट लिमिटेड के द्वारा डीप बोरिंग से भूगर्भीय जल निकालने के कारण गांवों में जल स्तर घटने लगा है। क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी है। उन्होंने कहा कि स्वयं विगत 7 नवम्बर 2022 को शराब फैक्ट्री के नजदीकी गांव जयपुरा का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने खुद स्कूल के छात्र-छात्राओं को दुर्गन्धित हवा से बेहोश होते हुए देखा है। ग्लोबस स्प्रिंट लि. को डीप बोरिंग से पानी निकालने की बजाय नदी का पानी उपयोग करने का तत्काल आदेश निर्गत करने का आग्रह किया है।

# बजट सत्र में सरकार लायेगी नयी नियोजन नीति!

### नयी नियोजन नीति को लेकर हेमंत सरकार गंभीर, अभ्यर्थियों से मांगी जा रही सलाह

उदय चौहान

**रांची।** आगामी बजट सत्र में झारखंड की नयी नियोजन नीति पारित हो सकती है। इसके लिये राज्य सरकार गंभीर है। इस बाबत 27 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उम्मीदवारों से फोन कर नियुक्ति प्रक्रिया पर सलाह ले रहे हैं। मुख्यमंत्री की आवाज में कई उम्मीदवारों को कॉल आ चुके हैं। इसमें यह पूछा गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया को शुरू करने के लिए क्या किया जाये? वे उम्मीदवारों को विकल्प भी दे रहे हैं। इस तरह के कॉल आने के बाद से राज्य के बेरोजगारों के बीच उम्मीद जगी है। राज्य के युवाओं के बीच सीएम का कॉल आना चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि दो महीने पहले हेमंत सरकार की नियोजन नीति को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया था।

हाईकोर्ट से नियोजन नीति खारिज हो जाने के बाद राज्य सरकार बहुत सोच समझकर कदम उठा रही है। पूर्व में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने यह घोषणा की थी कि बजट सत्र में नयी नियोजन नीति विधेयक लाया जायेगा। सरकार की साफ मंशा है कि पूर्व की तरह नयी नियोजन नीति किसी तरह के विवादों में नहीं आये। इसलिए उम्मीदवारों से सीधे कॉल कर सलाह ली जा रही है। अभ्यर्थियों को मैसेज आने के बाद कॉल आता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आवाज में बताया जाता है कि सरकार नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करना चाहती है। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को नौवीं अनुसूची में शामिल होने का इंतजार करें या 2016 की नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति की जायें।

### सरकार जल्द नियोजन नीति लागू करने की पक्षधर

**कांग्रेस ने भी नियोजन नीति जल्द लागू करने का बनाया है दवाब**

सूत्रों के अनुसार सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र को ध्यान में रखकर जल्द से जल्द नियोजन नीति लागू करने की पक्षधर है। सरकार में शामिल प्रमुख सहयोगी दल कांग्रेस ने भी मुख्यमंत्री पर जल्द से जल्द नियोजन नीति लागू करने का दवाब बनाया है। जानकारों का कहना है कि 1932 के आधार पर स्थानीय नीति बनाकर नियोजन की प्रक्रिया शुरू करने में समय लग सकता है। गौरतलब है कि अगले वर्ष विधानसभा का चुनाव भी होना है। दरअसल, 16 दिसंबर 2022 को हाईकोर्ट ने नियोजन नीति रद्द कर दी गयी। तत्कालीन चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन व जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने 16 दिसंबर 2022 को झारखंड सरकार की नियोजन नीति को रद्द कर दिया था।

## रांची में कार्यकर्ता मिलन समारोह में बीजेपी पर गरजे तेजस्वी, कहा

# भाजपा दलित-पिछड़ा विरोधी पार्टी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तेजस्वी ने कहा कि झारखंड गठन के बाद सबसे ज्यादा किसी ने शासन किया है तो वो भाजपा है। इनका काम ठगने और झूठ बोलने का है। पिछड़ों के लिए जब आरक्षण लायी गयी तो गवर्नर ने पास नहीं किया। भाजपा दलित-पिछड़ा विरोधी पार्टी है। देश में भाजपा की जहां भी सत्ता नहीं होती है, वहां चुनी हुई सरकार को पैसा के बूते और सरकार के एजेंसियों के साथ मिलकर देश में बीजेपी वाले खेला करते हैं। मैंने सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर झारखंड राजद के कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान देने की बात कही है। जातीय जनगणना को लेकर भी झारखंड सीएम को सलाह दी है लालू यादव स्वस्थ होकर भारत लौटे हैं। उनका मार्गदर्शन हम सबको मिलेगा और आप जनता के भी मार्गदर्शन की मुझे जरूरत है। संगठन के लिए काम कीजिए, टिकट दिलाने का काम हमारा है।

### ठगने और झूठ बोलने वाली पार्टी है भाजपा



**संगठन का प्रभाव नहीं हुआ है कम: जयप्रकाश नारायण :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण ने कहा कि संयुक्त बिहार के वक्त भी इस क्षेत्र में पार्टी का प्रभाव रहा है और आज भी यह प्रभाव कम नहीं हुआ है। देश के इकलौते नेता डंके की चोट पर लड़ाई लड़ते रहे। लालू ने साम्प्रदायिक शक्तियों के समक्ष घुटना टेकने का काम नहीं किया। उन्होंने गुलामी और अन्याय को कभी बर्दाश्त नहीं किया। उनके पदचिन्हों पर चलकर तेजस्वी यादव काम कर रहे हैं।

**देश की स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं :** राष्ट्रीय महासचिव श्याम राजक ने कहा कि देश संकट के दौर से गुजर रहा है। संविधान के घोर विरोधी लोग देश की सत्ता में है। देश में आग लगाने का काम किया जा रहा है। ऐसी साम्प्रदायिक शक्तियों को नेस्तनाबूद करने का समय आ गया है। राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दकी ने कहा कि देश की स्थिति क्या है, आज किसी से छुपा हुआ नहीं है। राजद सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता का हिमायती है। जिन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया गया, उन्हें आगे बढ़ाने वाली पार्टी राजद है। कार्यक्रम को प्रदेश राजद के नेताओं ने भी संबोधित किया।

**ये हुए पार्टी में शामिल :** समारोह में पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। गिरिडीह के लक्खी राम मुर्मू, इम्तियाज अंसारी, मुनिलाल साह, जयकांत महतो, गुना राम महतो, डॉ तुलसी महतो समेत अन्य लोगों ने राजद के नीति सिद्धि से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा है।

### पॉकेटमारों ने दर्जनों लोगों को बनाया शिकार

इधर, बैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के लिए भोजन का प्रबंध था। जहां खाना लेने के लिए कार्यकर्ताओं में अफरा-तफरी मची रही। इसी का फायदा उठाकर पॉकेटमारों ने दर्जनों लोगों को शिकार बना लिया। मोबाइल और पर्स की चोरी के बाद कार्यकर्ता परेशान दिखे। वहीं छतरपुर से आए फारूक अंसारी ने कहा कि अपना मोबाइल पॉकेट में रख कर खाना खा रहे थे। इस दौरान काफी भीड़ थी। जिसका फायदा उठाकर पॉकेटमार ने मोबाइल फोन की चोरी कर ली। इस बाबत डोरंडा थाना में सनहा दर्ज करवाया है। फारुख ने कहा कि करीब दर्जन भर लोगों के साथ पॉकेटमारी की घटना हुई है।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संजय सिंह यादव, संजय प्रसाद यादव, सत्यानंद भोक्ता, जयप्रकाश नारायण, अब्दुल बारी सिद्दीकी, श्याम रजक, सुभाष यादव, घुरण राम, इम्तियाज हुसैन वारसी, राधाकृष्ण किशोर, अभय सिंह, रानी कुमारी, रंजन कुमार यादव, अनिता यादव, डॉ मनोज कुमार, स्मिता लकड़ा, शैलेंद्र शर्मा, सुबोध पासवान, विशु विशाल, इरफान अहमद अंसारी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

# झारखंड में अबतक बनाये गये 11 राज्यपालों की सूची

| राज्यपाल के नाम | कार्यकाल (शुरू) | कार्यकाल (समाप्त) |
|---|---|---|
| प्रभात कुमार | 15 नवंबर 2000 | 3 फरवरी 2002 |
| विनोद चंद्र पांडेय | 4 फरवरी 2002 | 14 जुलाई 2002 |
| एम रामा जोयिस | 15 जुलाई 2002 | 11 जून 2003 |
| वेद प्रकाश मारवाह | 12 जून 2003 | 9 दिसंबर 2004 |
| सैयद सिब्ते रजी | 10 दिसंबर 2004 | 23 जुलाई 2009 |
| के. शंकर नारायणन | 26 जुलाई 2009 | 21 जनवरी 2010 |
| एमओएच फारुख | 22 जनवरी 2010 | 3 सितंम्बर 2011 |
| डॉ सैयद अहमद | 4 सितंबर 2011 | 17 मई 2015 |
| द्रौपदी मुर्मू | 18 मई 2015 | 13 जुलाई 2021 |
| रमेश बैस | 07 जुलाई 2021 | 12 फरवरी 2023 |
| सी पी राधाकृष्णन | 12 फरवरी 2023 से | |

### नवनियुक्त राज्यपाल का भाजपा ने किया स्वागत

**रांची।** कोयंबटूर से दो बार सांसद रहे सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर प्रदेश भाजपा ने स्वागत किया है। स्वागत करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। नेताओं ने कहा कि राधाकृष्णन के अनुभवों का लाभ मिलेगा।

# कृषि बिल के खिलाफ व्यापारियों का आंदोलन जारी, बैठक कर बना रहे हैं आगे की रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बिल वापस होने तक अनाज का आवक और बिक्री बंद करने का लिया निर्णय**

**रांची।** झारखंड कृषि विपणन बिल के खिलाफ राज्य के व्यापारियों का आंदोलन जारी है। वह जिलों में बैठक कर आगे की रणनीति बना रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को रांची के पंडरा में भी आलू प्याज थोक विक्रेता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल हरमु फल विक्रेता संघ से मिला और बैठक की। इसमें डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी के व्यापारी शामिल हुए और एक स्वर में 15 से आहूत अनिश्चितकाल बंद का समर्थन दिया। कहा कि इस काले कानून के विरोध में कंधे से कंधा मिलाकर, एकजुट होकर चैंबर के फैसले का समर्थन करेंगे। वहीं राज्य के व्यापारियों ने आलू एवं प्याज के थोक व्यापारियों के साथ हटिया, साहिबगंज में ईस्टर्न झारखंड चेम्बर आंफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों के साथ 15 फरवरी से आलू प्याज आवाक तथा विक्री बंद करने को लेकर बैठक की। कहा गया कि कोई समझौते की बात स्वीकार नहीं होगी। केवल और केवल विधयक वापस होने तक अनिश्चितकाल बंद रहेगा। बिना लिखा पढ़ी के किसी भी पदाधिकारी की बातों में आकर स्ट्राइक नहीं टूटनी चाहिए। इधर रविवार के बंद के बावजूद स्थानीय विधायकों से मिले और उनसे कृषि बिल को वापस कराने में समर्थन मांगा।

### आलोक दूबे, लाल किशोर, राजेश गुप्ता और साधुशरण 6 वर्ष के लिए कांग्रेस से निलंबित



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा पर सम्यक विचारोपरांत निम्नलिखित नेताओं आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं साधुशरण गोप को तत्काल प्रभाव से अगले छह वर्षों के लिये झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। वहीं इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस द्वारा कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है।

### सीसीएल ने दिया 28 लोगों को नियुक्ति पत्र

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स ने हितधारकों और कर्मियों के लंबित मामलों का त्वरित निपटारा कर संबंधित व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया है। 11 फरवरी को झारखंड हाई कोर्ट लीगल कमेटी के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उच्च न्यायालय में विचाराधीन सीसीएल के 11 मामलों की सुनवाई की गई तथा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से सभी मामलों का निपटारा किया गया। इसके उपरांत न्यायमूर्ति सुजीत नारायण, न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी तथा न्यायमूर्ति आनंद सेन द्वारा 28 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान की गई। इस अवसर पर सीसीएल के महाप्रबंधक (लीगल) पी भप्ताचार्जी, वीपी जोबी, विजय कुमार, रवि कुमार, एम प्रताप, राजू कुमार जयसवाल तथा क्षेत्रों के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे अनुबंधकर्मियों की बिगड़ रही स्थिति

# राज्य के सभी जिलों में सीएस कार्यालय में 15 फरवरी को होगा जोरदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** पारा मेडिकल नियमावली 2014 के आधार पर नियमितीकरण की मांगो को लेकर पारा मेडिकल कर्मियों के धरना के 27वें दिन और अनशन के 20वें दिन अनुबंध कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष डटे रहे हैं। सरकार की लेटलतीफी के बाद भी अब तक अनुबंध कर्मी का मनोबल नहीं गिरा है। हालांकि एक-एक करके अनशनकारी सदर अस्पताल रेफर होते जा रहे हैं। रविवार को पारा मेडिकल एसोसिएशन से महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार, चंदन कुमार, चंदन ठाकुर झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ से गोपाल शरण सिंह ने आमरण अनशन स्थल पहुंचाकर उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही आंदोलन को सफल बनाने के लिए आगे की रणनीति बनाई।

बताते चलें कि 20 दिन में सभी अनशन कारियों की हालत बिगड़ते जा रही है। झारखंड राज्य एएनएम-जीएनएम और पारा मेडिकल अनुबंध कर्मचारी संघ की प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी और झारखंड अनुबंधित पाराचिकित्सा कर्मी संघ के सचिव नवीन कुमार गुप्ता ने कहा कि बबीता कुमारी सदर अस्पताल के आईसीयू में है और शिवरानी अभी भी एम्स में अपनी जिंदगी की जंग लड़ रही है है।

### अन्याय के विरोध में करेंगे विशाल प्रदर्शन

झारखंड का चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के निर्णय अनुसार 15 फरवरी को प्रत्येक जिला में प्रदर्शन करना है। इसलिए जिला के सभी प्रखंडों संघ के सभी पदाधिकारी 15 फरवरी को 2 बजे सिविल सर्जन के सामने अपने सभी साथियों के साथ प्रदर्शन में भाग लेने के लिए मुख्यालय पहुंचेंगे और अनुबंध कर्मियों के साथ की जारी अन्याय के विरोध में विशाल प्रदर्शन करेंगे।

# भाजपा मुख्यालय के समक्ष आप पार्टी ने किया प्रदर्शन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अडानी मामले को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय के समक्ष जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि अडानी मामले में आप पार्टी चुप नहीं बैठेगी। सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करेगी।

सूत्रों के अनुसार आप के प्रदर्शन की वजह से हरमू से अरगोड़ा चौक तक जाम लगा रहा। राजपथ पर गाड़ियां घंटों तक रेंगती रही। लेकिन जैसे ही आप कार्यकर्ताओं को जाम का पता चला वे खुद सड़क से जाम हटाने में जुट गये। आप नेताओं ने बताया कि ललित मोदी, विजय माल्या के बाद अब गौतम अडानी को भाजपा बचाना चाह रही है। संसद भवन में भी भाजपा के सांसद गौतम अडाणी के मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी आये दिन भ्रष्टाचार के मामले आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी लगातार जनता की समस्याओं को उठाने का काम कर रही है।

## जेबीवीएनएल के कॉमर्शियल जीएम मनीष कुमार ने दिया निर्देश

# 15 फरवरी से बिजली बिल के बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बकायेदारों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज कराकर इन पर कार्रवाई की जायेगी उनका बिजली कनेक्शन भी काटा जायेगा**

**रांची।** बिजली चोरी और बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ जेबीवीएनएल बड़ी कारवाई करने की तैयारी में जुट गया है। 15 फरवरी से जेबीवीएनएल बड़े बकायेदारों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस दर्ज करायेगा। साथ ही इन पर कार्रवाई की जायेगी। उनका लाइन काटा जायेगा। किसी भी बकायेदार को बक्शा नहीं जायेगा। यह निर्देश जेबीवीएनएल के कार्मिशियल जीएम मनीष कुमार ने दिया है। उन्होंने कहा है कि बिजली चोरी के मामले में केस दर्ज किये जाने के बावजूद भी जिन लोगों ने भुगतान नहीं किया गया है, उनके खिलाफ वारंट जारी किये जायेंगे। इसमें वैसे बकाएदार हैं, जो बिजली बिल 6 महीने से नहीं दिये हैं या फिर जिनका लाखों बिजली बिल बकाया है।

**आर्थिक दंड के रूप में 2 करोड़ से अधिक की वसूली :** कार्मिशियल जीएम ने कहा कि अब पूरे राज्य में बड़े बकायेदारों और बिजली चोरी पर कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इसी क्रम में पूरे राज्य में एपीटी ड्राइव चलाकर बिजली चोरों एवं बकायेदारों पर कार्रवाई की गयी है। 500 से अधिक लोगों पर एफआईआर दर्ज की गयी है। साथ ही आर्थिक दंड के रूप में 2 करोड़ से अधिक की वसूली की गयी।

निदेशक मनीष कुमार अपील की है कि सभी लोग बिजली चोरी से बचें। वैसे लोग जिनका बकाया लंबित है, वह जल्द से जल्द बकाया का भुगतान करके लाइन कटने और सर्टिफिकेट केस आदि समस्याओं से बच सकते हैं।

**टोल फ्री नंबर पर मिल रहे शिकायत पर हो रही कार्रवाई :** निदेशक ने कहा कि बिजली चोरी जैसे टोका लगाकर बिजली का उपयोग, बिना मीटर के बिजली का उपयोग आदि शिकायत विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 पर लगातार प्राप्त हो रहे हैं। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है।

जीएम मनीष कुमार ने कहा कि अब कई तकनीक आ चुके हैं, जिससे बिजली चोरी का पता लगाना आसान हो गया है। विभाग इस पर कार्य कर रही है। जल्द ही एपीटी ड्राइव में तेजी लायी जायेगी और बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी।

## शिक्षकों की बायोमीट्रिक उपस्थिति की समीक्षा, सरकारी स्कूलों के निरीक्षण के लिए दल गठित

# ई-विद्यावाहिनी में शिक्षकों की बायोमीट्रिक उपस्थिति देखने स्कूल और कार्यालय जायेंगे शिक्षा अधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के स्कूलों, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रखंड कार्यालयों का निरीक्षण करने के लिए दल गठित कर दिया गया है। दल को इस दौरान ई-विद्यावाहिनी में शिक्षकों की बायोमीट्रिक उपस्थिति को देखने का निर्देश भी दिया गया है। इसके अलावा अन्य चर्चा किए जाने वाले अन्य बिंदुओं की जानकारी भी दी गई है। इससे संबंधित आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने जारी किया है। आदेश में कहा है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा की विभिन्न गतिविधियां और मध्याहन भोजन योजना का संचालन किया जा रहा है। ये दोनों योजनाएं केन्द्र प्रयोजित है। इनका सतत निरीक्षण/पर्यवेक्षण किये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए निम्नांकित पदाधिकारी और कर्मियों का दल गठित किया जाता है। दल के सामने अंकित जिला का भ्रमण फरवरी माह में किये जाने के लिए आवंटित किया जाता है।

### विद्यालय और प्रखंड स्तर पर की जायेगी गतिविधियों की समीक्षा

भ्रमण के क्रम में कई गतिविधियों की समीक्षा विद्यालय और प्रखंड स्तर पर की जायेगी। जिला स्तर पर संचालन में तीव्रता प्रदान करने के लिए जिले के पदाधिकारियों को भ्रमण में पाई गई स्थिति से अवगत कराया जाना है। दलों को निर्देश दिया गया है कि जनवरी, 2023 में किये गये भ्रमण में प्राप्त इश्यू की समीक्षा करे कि कितने बिन्दु पर सुधार हुआ है। संबंधित पदाधिकारी/कर्मी जिला भ्रमण के क्रम में आवंटित जिला के यथासंभव विद्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रखंड कार्यालयों का निरीक्षण/ अनुश्रवण/ समीक्षा करेंगे। किसी भी जिले में कम से कम दो दिनों का भ्रमण किया जायेगा। परिभ्रमण के लिए पूर्व में उपलब्ध कराये गये निरीक्षण प्रपत्र का उपयोग किया जायेगा। भ्रमण के लिए शुक्रवार एवं शनिवार को प्राथमिकता दी जा सकती है। प्रत्येक दल द्वारा प्रतिमाह दो बार जिलों का भ्रमण किया जाना है। भ्रमण के बाद दल विस्तृत अनुश्रवण निरीक्षण प्रतिवेदन संचिका के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

### निरीक्षण में होगी चर्चा

विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवसीय विद्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, 80 उत्कृष्ट विद्यालय, मध्याहन भोजन योजना, पोशाक, विद्यालय किट का वितरण, विद्यालय विकास अनुदान का उपयोग, विद्यालय से बाहर रह गये बच्चे, विद्यालय विकास योजना, ई-विद्यावाहिनी में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, विद्यालयों में आधारभूत संरचना की स्थिति, ई-विद्यावाहिनी में वर्ष 2022-23 तक के आंकड़ों का संधारण और यू-डायस प्लस में वर्ष 2022-23 के आंकड़ों का समेकन से संबंधित।

# 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के फैसले के साथ है आरजेडी : तेजस्वी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के तहत हम लोगों ने झामुमो संप्रीमो शिबू सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था और झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि हर हाल में झारखंड के अंदर गठबंधन को मजबूत करना है। आने वाले समय में झारखंड के सभी जिलों में राजद का कार्यक्रम होगा। भाजपा और आरएसएस को किसी भी कीमत पर मजबूत नहीं होने दिया जाएगा।

वहीं 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि हेमंत सोरेन सभी चीजों को देख रहे हैं। स्थानीय नीति को लेकर जो भी कैबिनेट का डिसीजन हुआ है, हम भी उसके साथ हैं। तेजस्वी यादव रविवार को झारखंड प्रदेश राजद मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

**एनडीए गठबंधन में कितने दल थे शामिल ये अमित शाह को पता होना चाहिए :** वहीं त्रिपुरा में अमित शाह द्वारा दिए गए एक बयान पर तेजस्वी ने कहा कि समान विचारधारा वाले दल अगर एक साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो इसमें गलत क्या है। उन्होंने कहा कि अमित शाह की बातें बकवास है। शुरूआत में जब बीजेपी ने एनडीए गठबंधन बनाया था तब उसमें कितने दल शामिल थे? यह भी अमित शाह को पता होना चाहिए।

**सामाजिक न्याय की विचारधारा के साथ पार्टी कर रही है काम :** वहीं 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर तेजस्वी ने कहा कि फिलहाल यह तय नहीं हुआ है कि आरजेडी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हमारा एक ही मकसद भाजपा को सत्ता से हटाना है। सामाजिक न्याय की विचारधारा के साथ हमारी पार्टी काम कर रही है।

## दो माह तक चलेगा अभियान, पदयात्रा कर सभी ग्राम पंचायतों/गांवों तक जायेगा

# राज्य में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का शुभारंभ ऐतिहासिक रहा : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी कार्यसमिति बैठक में लिये गये निर्णय और आग्रह को स्वीकारते हुए भारत जोड़ो यात्रा के समाप्ति के बाद देश भर में सर्वप्रथम झारखंड आकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विगत एक वर्ष से संगठन सशक्तिकरण में लगे झारखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह को दोगुना कर दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस उत्साहवर्द्धन और मार्गदर्शन के लिये झारखंड कांग्रेस परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है साथ ही साथ भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को



झारखंड के अंदर सफल रूप से आयोजित करने के लिए पहले अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग कमिटी के बैठक में और शनिवार को मंच से राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा सार्वजनिक रूप से सराहना करने से झारखंड का एक एक कार्यकर्ता उत्साहित है और अगले 60 दिनों तक चलने वाले हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये पूरे जोश के साथ तैयार हैं।

राजेश ठाकुर ने साहेबगंज जिले के श्रीकुंड में गुमानी मैदान में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम की सफलता में शामिल होने के लिए सभी प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नेतागण, विधायकगण एवं सभी अग्रणी संगठन, विभागों के अध्यक्ष एवं सभी ज़िलाध्यक्षों के प्रति भी आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि सामूहिक नेतृत्व और निर्णय के साथ एक के बाद एक हम सभी साथ मिलकर सभी कार्यक्रम को सफल बना पा रहे हैं। उसी उत्साह एवं गतिशीलता के साथ हम घर घर कुंडी खटखटा कर राहुल गांधी के पत्र को लेकर पहुंचने का काम करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के प्रति आभार प्रकट करते हुऐ कहा की प्रभारी के निर्देशन व मार्गदर्शन से आज झारखंड कांग्रेस की सराहना सर्वत्र हो रही है, साथ ही साथ कार्यक्रमों की निरंतरता एवं नियोजन से कार्यकर्तागण भी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा है कि 2024 की तैयारी के लिए हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम हमारा लॉन्चिंग पैड है। प्रदेश अध्यक्ष ने इस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के प्रभारी अर्जुन मोडवाडिया, राज्यसभा सांसद डॉ सैयद नासिर हुसैन, एवं राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिये आभार प्रकट प्रकट किया।

राजेश ठाकुर ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा चरण है। घर घर पहुंचने वाले इस कार्यक्रम जन संवाद सफल भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार होगा। यह अभियान दो महीने तक चलेगा यह विशाल अभियान पदयात्रा के रूप में राज्य की सभी ग्राम पंचायतों/गांवों और मतदान केंद्रों को कवर करेगा। उन्होंने कहा की यह जनसंवाद कार्यक्रम देश के 6 लाख गांवों, ढाई लाख ग्राम पंचायतों और दस लाख मतदान केंद्रों तक पहुंचकर राहुल गांधी का संदेश और मोदी सरकार की नाकामियों की चार्जशीट घर घर पहुंचाएगा। उन्होंने कहा है कि शनिवार को ही कार्यक्रम स्थल पर राहुल गांधी जी के संदेश पत्र की पचास हजार प्रति के वितरण के साथ इसका आगाज हो गया है।

# राजधानी के हटिया में बहुप्रतिक्षित प्रोजेक्ट बसारगढ़ हेरीटेज का हुआ भव्य उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। बहुप्रतिक्षित प्रोजेक्ट बसारगढ़ हेरीटेज का रविवार को रांची के हटिया में भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में टाटा के मैनेजर सेल्स प्रतीक अपने अधिकारियों के साथ उपस्थित थे। वहीं कंपनी के कई निदेशक भी शामिल हुए। ज्ञात हो कि बसारगढ़ हेरीटेज अत्याधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण रांची के हटिया में स्थित है। यह प्रोजेक्ट बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से छह किलोमीटर और हटिया रेलवे स्टेशन से तीन किलोमीटर की दूरी पर है। प्रतिष्ठित स्कूल, अस्पातल तथा मार्केट सभी निकटतम दूरी पर हैं।

इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी विशेषता इसके निर्माण में माई वन




तकनीक का प्रयोग है, जो सामान्यतः मेट्रो सिटीज के भवन निर्माण में प्रयोग किया जाता है। इस तकनीक के प्रयोग से भवन निर्माण में बहुत कम समय लगता है और भवन की मजबूती भी उच्च स्तरीय होती है। इस प्रोजेक्ट का ब्रांड एंबेसडर टाटा है। बसारगढ़ हेरीटेज में अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग और आधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण होने के साथ-साथ कीमत भी रीजनेबल रखा गया है।

बसारगढ़ आरइआरए/जेआरइआरए से मान्यता प्राप्त है और इसे एनजीटी का भी क्लीयरेंस प्राप्त है। प्रबंधकों ने बताया कि प्रोजेक्ट के इच्छुक ग्राहकों को प्रमुख बैंकों एसबीआइ, आइसीआइसीआइ, इलाहाबाद बैंक और केनरा बैंक से लोन फाइननेंस कराने की भी सुविधा उपलब्ध है।

ज्ञात हो कि बसारगढ़ हेरीटेज में 1,2,3, बीएचके अपार्टमेंट के साथ-साथ प्रीमियम क्वालिटी के पेंटहाउस भी उपलब्ध होंगे। झारखंडवासी अपने बजट और अपनी आवश्यकता अनुसार किसी भी साइज का फ्लैट बुक करा सकते हैं। प्रोजेक्ट में प्रबंधकों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में 65 प्रतिशत ओपेन स्पेस एरिया, जोगिंग ट्रैक, कवर्ड स्वीमिंग पूल, धोबी दोस्त, दवा दोस्त, मार्केट, इत्यादि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। बसारगढ़ हेरीटेज अपनी उम्दा क्वालिटी ओर समय पर डिलीवरी के लिए प्रतिबद्ध है। प्रोजेक्ट के डायरेक्टर सेल्स ने बताया कि प्रोजेक्ट की भव्यता से प्रभावित होकर काफी बड़ी संख्या में लोगों ने अपने सपनों के घर की बुकिंग भी करवा ली है। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## रांची में 14 और 15 फरवरी को राष्ट्रीय रेस वाकिंग प्रतियोगिता

**झारखंड के 6 खिलाड़ी भी दिखाएंगे हुनर**

रांची। मोरहाबादी मैदान में 14 व 15 फरवरी को 10वीं राष्ट्रीय रेस वाकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। झारखंड ओलंपिक संघ के मधुकांत पाठक ने इस संबंध में रविवार को जानकारी देते बताया कि प्रतियोगिता में 206 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं जिनमें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीट भी शामिल हैं। इसमें 6 झारखंड के एथलीट भी हुनर दिखाएंगे। कुंदन कुमार, सुमित कुमार, अंशू कुमार, जसपाल सिंह, रोशन और आनंद यादव इस लिस्ट में हैं। इस प्रतियोगिता के जरिये वर्ल्ड गेम्स और 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालिफाइंग टिकट भी दिया जायेगा। एसोसिएशन ने मोरहाबादी के निर्धारित ट्रैक के बीच में स्पीड ब्रेकर लगाए जाने पर चिंता जाहिर की है। जिला प्रशासन से इसे हटाने की अपील की है।

# सिरमटोली से मेकॉन गोलचक्कर तक फ्लाईओवर के लिए हटेगा अतिक्रमण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी के सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक मेकॉन गोलचक्कर तक 2.34 किमी फोरलेन फ्लाईओवर सह एलिवेटेड आरओबी के निर्माण के लिए अतिक्रमण को तोड़कर हटाया जायेगा। इस फ्लाईओवर के लिए आवश्यक जमीन के लिए रैयतों को पहले ही नोटिस दिया हुआ है। जल्द ही तोड़कर हटाने की दिशा में काम होगा। इस फ़्लाईओवर निर्माण में करीब 339.64 करोड़ की लागत आ रही है। इसका निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। कई स्थानों पर पिलर का निर्माण हो रहा है। इस योजना के लिए मौजा सिरम में 0.555 एकड़, मौजा डोरंडा में 1.06 एकड़ और मौजा कडरू में 0.687 एकड़ जमीन लेनी है। इस तरह शहर और अरगोड़ा अंचल की जमीन ली जायेगी। इन मौजा के अंतर्गत वार्ड संख्या 14,15, 44 और 45 थाना संख्या 210, 223, और 208 की जमीन ली जा रही है। इनमें 33 से अधिक रैयतों से 2.302 एकड़ जमीन ली जायेगी। मौरा सिरम में केंद्रीय सरना समिति से भी कुछ जमीन लेनी है। कडरू मौजा में तीन भूखंड गैर मजरूआ भूमि भी ली जा रही है। सिरमटोली चौक के आगे पशुपालन विभाग की जमीन को भी चिंहित्त किया गया है। सरकारी बस डिपो,राजेंद्र चौक के आगे जैप की जमीन ली जानी है।

### स्टेशन रोड तक सड़क बनाने का काम 25 फीसदी पूरा



रांची स्टेशन जाने में अब लोगो को असुविधा नहीं होगी। स्टेशन केदूसरे गेट तक पहुंचने के लिए नई सड़क बनायी जा रही है। इसके निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बता दें कि नेपाल हाउस के पास शहीद गोरखा चौके सीधे स्टेशन के पीछे प्लेटफार्म नंबर पांचतक सड़क बन रही है। मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन इसे बनाने का काम कर रहा है। सड़क करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी बनायी जायेगी। इससे वाहनों का दवाब दूसरी सड़क पर कम हो जायेगा।

# डीएवी बरियातू में मनी स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु रांची में स्वामी दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय परिवार ने हवन कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती का योगदान सामाजिक सुधार के लिए सदा याद किया जाता है। उन्होंने अंधविश्वास को दूर करने, नारी शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में सामयिक जरुरतों के अनुसार संकल्पनाओं को अपनाने पर बल दिया। महापुरुषों का संदेश समाज के सभी वर्गों के लिए होता है। उनके उद्देश्यों को धर्म, जाति, सम्प्रदाय से परे रख स्व उत्थान और समाज के उत्थान में लगाना चाहिए।

# मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मारवाड़ी युवा मंच, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और रॉलिक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डंगराटोली स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 85 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया।

मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, विकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किये गये रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। उन्होंने रक्तवीरो को विशेष रूप से मंच की ओर से धन्यवाद दिया।



रक्तदान प्रभारी पिंकेश खंडेलवाल, विष्णु अग्रवाल ने बताया कि सभी रक्तदान करने वालों को मंच की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया। रक्तदाताओं के लिए जूस, कॉफी, बिस्कुट, फल आदि की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदाताओं की संख्या बढ़ाना है। ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाया जा सके। प्रवक्ता अमित शर्मा ने कहा कि पल का हर क्षण, रक्त का हर कण बहुत अनमोल होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे नागरमल सेवा सदन ब्लड बैंक के चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ का पूरा सहयोग मिला।

मौके पर उज्ज्वल मुरारका, कौशल टेकरीवाल, मुकेश काबरा, प्रभात साबू, राजकुमार अग्रवाल, प्रवीण जैन छाबडा, अर्जुन सिंघानिया, विशाल पड़िया आदि उपस्थित थे।

# शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्य से मुक्ति को लेकर नया आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने की मांग शिक्षक संगठन लगातार उठाते रहे हैं। इसे लेकर समय-समय पर विभाग की ओर से आदेश भी जारी किए जाते रहे हैं। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने फिर इसे लेकर 8 फरवरी 2023 को एक आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है।

सचिव ने जारी आदेश में लिखा है कि शिक्षा के गुणात्मक विकास एवं छात्र हित के दृष्टिकोण से शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखने के संबंध में पत्रों के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश



निर्गत है। उक्त के बावजूद गैर-शैक्षणिक कार्यों के लिए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति प्रशासी विभाग की अनुमति या स्वीकृति अथवा परामर्श के बगैर करने के मामले प्रायः विभाग के संज्ञान में आते हैं, जो काफी गम्भीर विषय है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में पुनः निर्देश दिया जाता है कि अन्य कारणों से प्रतिनियुक्त सभी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति (यदि कोई हो) तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाय।

## आइएमए और झासा के बैनर तले राज्य के डॉक्टरों ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा

# मुख्यमंत्री से 50 बेड के हॉस्पिटल को क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट से मुक्त रखने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, झारखंड और झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (आइएमए और झासा) के बैनर तले राज्य के डॉक्टरों ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। इसमें 50 बेड के हॉस्पिटल को क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट से मुक्त रखने की मांग की गयी है। सीएम से लंबित मांगों दोहराते हुए इस पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है सरकार हमें वार्ता के लिए बुलाए और मांगों को 27 से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में इसे पारित कराए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो हम आंदोलन करेंगे और इसकी पूरी जवाबदेही सरकार की होगी।

### चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी

डॉक्टरों ने कहा कि कुछ मांगों के प्रति आपकी भूमिका सराहनीय रही है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य से जुड़े सभी आम जनों को इससे संबंधित महत्वपूर्ण, ठोस और निर्णायक घोषणा की उम्मीद है। राज्यभर के सभी प्राइवेट और सरकारी डॉक्टरों ने आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कोविड-19 के तीनों लहरों के वक्त भी अपनी पूरी क्षमता से कार्य किया। लेकिन सरकार और विभाग के उदासीन रवैया से आहत है और अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इस विधानसभा सत्र के दौरान अगर इन मुद्दों को पारित नहीं किया जाता है, तो संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को बाध्य होगी।

### डॉक्टरों ने इन मांगों को दोहराया

क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में आवश्यक संशोधन, हरियाणा, उत्तर प्रदेश की तर्ज पर 50 बेड तक के हॉस्पिटलों को क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट से मुक्त रखा जाये। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे वर्तमान में भारतवर्ष के 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है। जिन राज्यों में यह लागू है ,वहां मरीजों का रेफरल कम है और परिणाम स्वरूप मृत्यु दर कम है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मारपीट की घटना व तोड़फोड़ की घटना को कम किया जा सकेगा। बायोमैट्रिक अटेंडेंस में डॉक्टरों को छूट दी जाये। सरकार ने सूझबूझ से पुलिस विभाग को इमरजेंसी सर्विसेस मानते हुए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से मुक्त करने की घोषणा की है, जबकि इमरजेंसी सर्विसेज की सूची में स्वास्थ्य सेवा सबसे पहले है। जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के द्वारा सिविल सर्जन जामताड़ा को घसीट कर लाने जैसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। इस पर संज्ञान लेते उचित करवाई की जाये। धनबाद के डॉक्टर दंपत्ति डॉ विकास हाजरा एवं डॉ प्रेमा हाजारा की आग लगने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। वहीं, धनबाद के ही आशीर्वाद अपार्टमेंट में आग से मृत्यु पर सरकार प्रति व्यक्ति चार लाख की राशि दे रही है। इसलिए डॉक्टरों को भी राज्य सरकार राशि मुहैया कराये। रिम्स रांची के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सौरभ शर्मा की ड्यूटी जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सरकार उन्हें भी चार लाख की राशि दे और उनकी पत्नी डॉ खुशबू, जो खुद एनेस्थिसिस्ट है, उन्हें सरकारी नौकरी दे और फायर सेफ्टी के एनओसी के लिए निर्धारित शर्तों को सरल बनाया जाए ताकि सभी हॉस्पिटलों में जहां इनडोर हो वहां पुख्ता इंतजाम किया जा सके। जहां पर इनडोर में मरीज भर्ती नहीं लिए जाते, वैसे स्वास्थ्य केंद्र को इससे मुक्त रखा जाये।

## झारखंड वेटरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# 20 से अधिक मास्टर्स खिलाड़ियों ने दिखाया दम, नीरज कुमार व गौतम सिंह बने विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ एवं रांची जिला टीटी संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय झारखंड राज्य वेटरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप का समापन रविवार को हो गया। जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम, रांची के रैकेट मल्टी हॉल में आयोजित इस टूर्नामेंट में राज्यभर के 20 से ज्यादा मास्टर्स खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में 39 साल से अधिक आयु वर्ग में बोकारो के नीरज कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी रांची के अतनु चटर्जी को 3-2 से हराकर गोल्ड जीता। धनबाद के राजीव कुमार को ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। 49 साल से अधिक आयु वर्ग में रामगढ़ के गौतम सिंह ने धनबाद के शशि ओम प्रसाद को 3-1 से हराकर गोल्ड जीता। धनबाद के सीके सिंह एवं रामगढ़ के राजा दत्ता राय को ब्रॉन्ज मिला। वहीं 59 साल से अधिक आयु वर्ग में धनबाद के



गौतम ने पूर्वी सिंहभूम के एलएन मित्रा को हराकर गोल्ड जीता।

पूर्वी सिंहभूम के उज्जवल चटर्जी तथा धनबाद के अतनु कुमार दत्ता को कांस्य मिला। ओपन डबल्स का खिताब अतनु चटर्जी एवं नीरज कुमार की जोड़ी को मिला जिन्होंने राजीव कुमार एवं सीके सिंह को हराकर खिताब जीता। प्रतियोगिता का संचालन अंतराष्ट्रीय अंपायर संदीप साहा एवं किरण बिहारी शुक्ला की टीम ने किया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी तपन कांति दास सहित झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के मुख्य अभिभावक जय कुमार सिन्हा ने भी खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया एवं पुरस्कार बांटे। समापन के मौके पर टेनिस के राज्य संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव समरजीत सिंह, उपाध्यक्ष शैवाल गुप्ता, संयुक्त सचिव उज्जवल चटर्जी, राकेश कुमार मिश्रा, सुदीप्तो मुखर्जी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सहित संघ के कई लोग भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि टूनार्मेंट का शुभारंभ 11 फरवरी को हुआ था। इसमें धनबाद, रांची, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़ जिला के कई प्रमुख खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था। प्रतियोगिता का उद्घाटन कौशल विकास योजना के निदेशक सुनील कुमार ने किया था।

# रांची में होगा विश्वकर्मा समाज का महाजुटान

## मोरहाबादी में विश्वकर्मा अधिकार रैली, विश्वकर्मा जयंती समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हुआ निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयन्ती समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को विधानसभा सभागार में संपन्न हुई। इसमें झारखण्ड के सभी 24 जिलों से विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यगण शामिल हुए।

बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा तथा मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सीपी सिंह शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से मोरहाबादी मैदान में होनेवाली में विश्वकर्मा अधिकार रैली की तैयारी को लेकर विमर्श किया गया। साथ ही विश्वकर्मा समाज की राजनितिक भागीदारी पर चर्चा की गयी।




राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। विश्वकर्मा समाज के संगठन को सभी जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड स्तर तक मजबूत करें। वहीं, विधायक सीपी सिंह ने कहा शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। विश्वकर्मा समाज को मैं हर सम्भव सहयोग करूंगा। समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में ही विश्वकर्मा अधिकार रैली होगी। इसमें पूरे झारखण्ड से लाखों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे। बैठक में मुख्यरूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष शंकर विश्वकर्मा, शिव किशोर शर्मा, दिलीप शर्मा,संतोष कुमार,बिनोद राणा, मनोज कुमार विश्वकर्मा, गंगाधर शर्मा, नीतू शर्मा, मनोरमा राणा, कंचन राणा, नीलम शर्मा, डॉ बाबूलाल शर्मा, डॉ बिनोद कुमार शर्मा, ऋतु शर्मा, लखन राणा, सुदामा शर्मा, कन्हैया विश्वकर्मा, जयराम शर्मा, प्रो जगदीश शर्मा, लखन लाल शर्मा, गणेश राणा, देवकी राणा, लव कुमार विश्वकर्मा, आरपी राणा, कृष्णा शर्मा, वकील राणा, गुप्तेश्वर शर्मा, दीपक राणा, अशोक शर्मा, रमेश मिस्त्री, दिलीप शर्मा, अवधेश शर्मा, गौतम शर्मा, शंकर राणा,कृष्णा शर्मा,उमेश कुमार शर्मा,बैजू शर्मा,सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन सन्तोष कुमार ने किया। यह जानकारी विश्वकर्मा समाज के प्रदेश संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने दी है।

## एनएमओपीएस का पहला प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**रांची।** एनएमओपीएस ने अपने पहले प्रांतीय अधिवेशन को धूमधाम से झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के सभागार में मनाया। इस अधिवेशन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे। लगभग पांच सौ कर्मचारी विभिन्न विभागों से भाग लिये। वही, हजारीबाग ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि हजारीबाग वैसा जिला हैं जो प्रत्येक तय आंदोलन को अपने अंजाम तक पहुंचाने में महती भूमिका निभाया है। प्रत्येक प्रखंडों के प्रखंड कार्यकारणी और जिला कार्यकारणी-पदाधिकारी उपस्थित थे। एनएमओपीएस के जिला संयोजक रंजीत वर्मा के नेतृत्व में संगठन को उत्तरोत्तर सफलता मिली है। संगठन सचिव अमित गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। अधिवेशन को सफल बनाने में मुख्य सचेतक रविंद्र चौधरी, प्रांतीय प्रवक्ता शिल्पा सुहासिनी सहित किशोरी महतो, संजय कुमार आदि ने भूमिका निभायी।

## नामकुम में धू-धू कर जली कबाड़ी की दुकान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार को नामकुम थाना के नजदीक स्थित कबाड़ी दुकान में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह कबाड़ी दुकान मेराज आलम नामक व्यक्ति का है। आग की लपटें व आसमान की तरफ उठते हुए धुएं देखकर आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। अचानक आग लगने पर हवा तेज होने के कारण आग फैल गई और आसपास के दुकान व घरों को भी लपेटे में ले लिया। सूचना पर अग्निशमन दल की टीम मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। बाद में आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर अग्निशमन की तीन गाड़ी आग पर काबू पाने का प्रयास में जुटी और एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## बैंक ऑफ इंडिया ने किया शाखा प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल ने शाखा प्रबंधक सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति मनोज कुमार, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिग समूह, झारखंड और विशिष्ट अथिति सुबोध कुमार, उप महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति-झारखंड थे। कार्यक्रम में रांची अंचल की सभी 110 शाखाओं और अन्य कार्यालयों के प्रबंधकों ने भाग लिया। बता दें कि बैंक ऑफ इंडिया झारखंड में सार्वजनिक क्षेत्र का प्रमुख बैंक है।



शाखा प्रबंधक सम्मेलन की शुरुआत दीप प्रज्वलन, राष्ट्र गान और प्रार्थना के साथ हुई। संजय कुमार खेमका, आंचलिक प्रबंधक, रांची अंचल ने अपने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया और बैंक के कारपोरेट लक्ष्य के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी। एसएलबीसी के प्रमुख सुबोध कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन और राज्य के सर्वांगीण विकास में अग्रणी बैंक से विशेष अपेक्षाएं रहती हैं। अतः इसे ध्यान में रखकर कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय बैंकिंग समूह, झारखंड के प्रमुख मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य में बैंक ऑफ इंडिया राज्य स्तरीय बैंकर्स की भूमिका में है। राज्य के कुल 24 जिलों में से 15 जिलों में अग्रणी जिला बैंक का दायित्व निभा रहा है। उन्होंने सभी कर्मियों से आह्वान किया कि ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए हर उचित कार्रवाई करें। आज की जरूरत है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचे। साथ ही, हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम बैंक कर्मी लोगों के आर्थिक सलाहकार भी बनें, ताकि लोगों को जानकारी हो कि अपने जमा धन को कैसे बढ़ाना है। उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास और उप आंचलिक प्रबंधक (वसूली) श्रीमती बनिता महापात्र ने भी अपना विचार रखे। रिटेल कारोबार केंद्र, एसएमइ सिटी सेंटर, कृषि विभाग, ऋण निगरानी, आस्ति वसूली, सामान्य परिचालन विभाग, संसाधन संग्रहण और विपणन विभाग द्वारा विशेष प्रस्तुती दी गयी। दिसंबर 2022 तिमाही में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली शाखाओं और उनके प्रमुख को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शैलजा साहु और डॉ. नीरज कुमार चतुर्वेदी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हिमाद्री शेखर दास, सहायक महाप्रबंधक, क्लब साइड शाखा ने किया। मौके पर 110 शाखाओं के शाखा प्रमुख, एलडीएम आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### श्री महावीर मंडल की बैठक में नयी कार्यकारिणी होली पूर्व गठित करने का फैसला

**रांची।** श्री महावीर मंडल की वार्षिक आम सभा रविवार को सर्जना चौक स्थित राम मंदिर में हुई। इसकी अध्यक्षता अशोक पुरोहित ने की। आम सभा की शुरूआत श्री राम वंदना से की गई। आम सभा का संचालन राहुल सिन्हा चंकी एवं धन्यवाद ज्ञापन नकुल तिर्की ने की ।




इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साह, राजीव रंजन मिश्रा, विजय साहू, रामधन बर्मन एवं नंदू शर्मा उपस्थित थे। राज किशोर एवं अमित सोनी ने सभी पूर्व अध्यक्षों का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया। आम सभा मे सर्वसम्मति से श्री रामनवमी मोहत्सव वर्ष 2022-23 की समीक्षा की गई। इसमें होली पूर्व नयी कार्यकारिणी गठित कर लेने का फैसला लिया गया। मंत्री कैलाश केसरी ने आय-व्यय का बौरा दिया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि आज से ही श्री रामनवमी मोहत्सव को सफल बनाने में लग जायें। धूमधाम से विशाल शोभायात्रा की तैयारी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि होली पूर्व श्री महावीर मंडल की नयी कार्यकारिणी का गठन कर लिया जायेगा।

### डीएवी हेहल में मनी महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती

**रांची।** रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय के सभी भवनों को रंगीन लाइट से सजाया गया तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर विशेष हवन कर आहूति दी। प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान समाज सुधारक, पथ प्रदर्शक एवं नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपना सारा जीवन अंधविश्वास एवं कुरूतियों को दूर करने में लगाया। उनके द्वारा बहुत सारी पुस्तकें लिखी गईं। जिनमें सबसे अधिक प्रसिद्ध पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश है। मौके पर वरेण्यं आर्य ने स्वामी दयानंद सरस्वती की गाथा गा कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया। वरिष्ठ शिक्षकआनन्द सिंह ने स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला।



### भाजपा नेता अशोक साहू ने मनाया जन्मदिन

**रांची।** सामजिक कार्यकर्ता सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष अशोक साहू ने मनाया जन्मदिन। रांची के गोविंदम बेंकेट हॉल में रविवार को अशोक साहू ने 35 वें जन्म दिन पर राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य साहू और प्रदेश के भाजपा कार्यसमिति के सदस्य अनिल महतो उर्फ टाइगर व अन्य लोगों की मौजूदगी में केक काटा। सांसद आदित्य साहू ने अशोक साहू को जन्मदिन पर दी बधाई। उन्होंने साहू को दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव, उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार, मेसरा मंडल के युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिवलाल महतो, लीलावती महतो, अभिनेत्री पायल सोनी, कलाकार कैलाश जैक्शन समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



### सरना नवयुवक संघ ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

रांची। कचहरी परिसर स्थित आरटीइ भवन में रविवार को सरना नवयुवक संघ की केंद्रीय समिति की बैठक संघ हुई। इसकी अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरना नवयुवक संघ के तत्वधान में इस वर्ष भी 23 मार्च 2023 को दीक्षांत परिसर में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में एकल गीत एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत की जायेगी। संघ द्वारा प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का लोकार्पण किया जायेगा। विशेष सामग्रियां आदिवासी जीवन शैली, इतिहास, धर्म,कला,साहित्य, शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक से जुड़ी हुई होनी चाहिए।

## आरएलएसवाई कॉलेज में हुई महासंघ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में महासंघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री की उपस्थिति में रविवार को बैठक आयोजित की गयी। इसमें झारखंड प्रांत के सभी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के कर्मचारी की उपस्थिति रही। सभी ने अपने-अपने विचार दिये। इसमें प्रमुख मांग के ऊपर विचार करने का आग्रह महासंघ ने किया है कि पदाधिकारी के स्तर से या आंदोलन की रूपरेखा के स्तर से हमारी मांगों को मनवाने के लिए जो रणनीति अपनायी जायेगी, उसमें महासंघ को सभी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के कर्मचारी साथ देंगे। साथ ही, यह भी निर्णय लिया गया कि अगर यह सब मांगे हमारी पूर्ण नहीं होती हैं, तो राज्य स्तर पर जोरदार आंदोलन किया जायेगा और इसकी सारी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।



महासंघ की प्रमुख मांगें : 1. राज्य सरकार के कर्मियों की तरह विश्वविद्यालय के कर्मियों का छठा एवं सातवां वेतन निर्धारण एवं अनुमोदन विश्वविद्यालय मुख्यालय स्तर पर हो। 2. राज्य सरकार के कर्मियों की जो अधिसूचना जारी होती है, विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए भी वही अधिसूचना को मानी जाये, अलग से अधिसूचना जारी नहीं हो। 3. एसीपी, एमएससीपी राज्य सरकार के कर्मियों की भांति विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों को भी दिया जाये। 4. सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष की जाये। 5. सप्तम वेतनमान का भत्ता राज्य के कर्मचारियों की अधिसूचना की तिथि से ही विश्वविद्यालय महाविद्यालय के कर्मियों को दिया जाये। 6. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मियों का वेतन मान सचिवालय स्तर के कर्मियों के समान दिया जाये। आज की बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार राय, महामंत्री विश्वंभर यादव, रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। मंच संचालन जय किशन ने किया।

## दिल्ली का युवक कारतूस के साथ गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने दो जिंदा कारतूस और छह मादक पुड़िया के साथ गिरफ़्तार किया है। गिरफ्तार युवक दिल्ली का रहनेवाला है। अरगोड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली से एक युवक अरगोड़ा एरिया में मादक पदार्थ के साथ घूम रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और युवक को दबोच लिया। युवक का नाम आशीष सैमुअल जार्ज है। उसने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली से मादक पदार्थ लाकर रांची में सप्लाई करनेवाला था। सौदा तय होने से पूर्व ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अरगोड़ा पुलिस ने जब उसके बार में छानबीन की तो पाया कि उसके विरूद्ध दिल्ली में 54 मामले दर्ज हैं।

## नेत्रहीन विद्यालय हरमू में इको फ्रेंडली क्रिकेट मैच आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्वंभर फाउंडेशन के तत्वावधान में राजकीय नेत्रहीन मध्य विद्यालय हरमू में रविवार को विद्यालय के छात्रों के बीच इको फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच वहां के छात्रों को दो समूह में बांट कर खेला गया। एक टीम के कप्तान राजकुमार और दूसरे टीम के कप्तान छोटू कुमार थे। टास जीतकर छोटू कुमार की टीम ने निर्धारित 6ओवर में 83 रन का लक्ष्य राजकुमार की टीम के सामने रखा। जवाब में राजकुमार की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 ओवर में 4 विकेट पर 35 रन पर सिमट गयी। छोटू कुमार की टीम की तरफ से कृष्णा ने 52 रन की पारी खेली। विजेता टीम के कप्तान को फाउंडेशन की तरफ से ट्राफी प्रदान की गयी। विश्वंभर फाउंडेशन की तरफ से वहां नेत्रहीन विद्यालय के छात्रों के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी थी।

## ईस्ट रेलवे समस्तीपुर ने गोल्ड कप पर कब्जा जमाया

### ऑल इंडिया अब्दुर्रज्जाक अंसारी मेमोरियल रनिंग गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**मिथिलेश ठाकुर मुख्य अतिथि और सुप्रियो भट्टाचार्य विशिष्ट अतिथि थे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अब्दुर्रज्जाक अंसारी मेमोरियल स्पोर्ट्स फाउंडेशन इरबा की ओर से इरबा मैदान में चल रहे ऑल इंडिया अब्दुर्रज्जाक अंसारी रनिंग गोल्ड कप का फाइनल मुकाबला रविवार को ईस्ट सेंटर रेलवे समस्तीपुर बिहार बनाम फुटबॉल क्लब हुलहुंडू रांची के बीच खेला गया। इस मैच में ईस्ट सेंटर रेलवे समस्तीपुर ने फुटबॉल क्लब हुलहुंडू को ट्राइबेकर में 6-5 के मुकाबले से हरा दिया और अब्दुर्रज्जाक रनिंग गोल्ड कप पर कब्जा जमा लिया।



आज के 90 मिनट के इस खेल में महिला, पुरुष, बच्चों से पूरामैदान भरा था। मैदान के चारों तरफ दर्शकों का हुजूम था। रोमांचक मुकाबले में हुलहूंडू की टीम ने बेहतरीन खेल खेला और दर्शको का दिल जीत लिया। हाफ में हुलहूंडू की टीम ने काफी दबाव बनाया, गोल करने के कई मौके भी बनाये, परंतु गोल करने में नाकाम रहे। दूसरे हाफ में ईस्ट सेंटर रेलवे समस्तीपुर की टीम कई अच्छे गोल करने से चूक गयी। दोनो टीमों ने अच्छे शॉट खेले। बिहार की टीम ने दबाव बनाया, परंतु गोल करने में नाकाम रही। बिहार की टीम द्वारा रफ खेल प्रदर्शन के कारण रेफरी शाहिद परवेज ने दो खिलाड़ियों को पीला कार्ड दिखाया। अंत में ट्राइबेकर में ईस्ट सेंटर रेलवे समस्तीपुर की टीम 6-5 के मुकाबला जीत गयी। विजेता बिहार की टीम को गोल्ड ट्रॉफी और नकद डेढ़ लाख का पुरस्कार दिया गया। उपविजेता हुलहूंडू को गोल्ड ट्रॉफी और एक लाख रुपये नकद पुरस्कार मिले। फाइनल मैच में बेस्ट मिडफील्डर ललित कश्यप, मैन ऑफ द मैच इरफान, बेस्ट डिफेंडर मनजीत करमाली तथा यूनिक प्लेयर टूर्नामेंट का पुरस्कार बबलू कश्यप को दिया गया।

मुख्य अतिथि मिथिलेश ठाकुर जल संसाधन एवं स्वच्छता मंत्री झारखंड सरकार एवं विशिष्ट अतिथि सुप्रियो भट्टाचार्य महासचिव सह प्रवक्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर फुटबॉल किक मारकर फाइनल मैच का उद्घाटन किया। इससे पूर्व और ओरमांझी कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा एवं संत अन्ना विद्यालय मांडर की छात्रा ने बैंड का धुन बजाया।

मौके पर झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष और मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। हेमंत सरकार ने खेल नीति बनाकर कई खिलाड़ियों को रोजगार देने का काम किया। अब्दुर रज्जाक अंसारी की 106वीं जयंती के अवसर पर उनके द्वारा किये गये शिक्षा रोजगार स्वास्थ्य के कार्यों की सराहना की गयी। मौके पर स्पोर्ट्स फाउंडेशन रांची के अध्यक्ष अनवर अहमद अंसारी, गुलाम रब्बानी सचिव झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन, सईद अहमद अंसारी, मंजूर अहमद अंसारी, जेएमएम के मुश्ताक आलम हाजी इकबाल अंसारी आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ का महासम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ का महासम्मेलन रविवार को पंजाबी भवन में संपन्न हुआ। इसमें सूरत से नव मनोनीत अध्यक्ष नरेश सेठ ने निवर्तमान अध्यक्ष गुलशन लाल अजमानी से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि महासंघ देश भर से जुड़ी अपनी सभी 13 संबद्ध संस्थाओं से मृत्यु महाभोज को खत्म करने हेतु दृढ़ संकलप है। यह कार्य निर्धन को दान देकर या गरीबों के सहायतार्थ कार्य कर रही संस्थाओं को मदद करके की जानी चाहिए। यह जानकारी देते हुए महासंघ के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने बताया कि बैठक के पूर्व महात्मा गांधी पथ स्थित लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने कहा कि सिख समाज एवं मारवाडी समाज की भांति पंजाबी हिंदू बिरादरी भी सेवा कार्य में अग्रणी है। इसीलिए बिरादरी अगर निर्धन तबके के लिए निःशुल्क या बेहद ही कम दर पर डायलिसिस सेंटर की स्थापना करती है, तो वे अपने सांसद कोष से हर संभव मदद करेंगे। उन्होनें मृत्यु उपरांत या पुण्यतिथि पर होने वाले महाभोज पर रोक लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। नरेश सेठ ने आज की 52वीं बैठक में कहा कि सूरत में उनके समक्ष तलाक के आये 67 मामलों में से 55 का उन्होंने पुनः घर बसा दिया।

चुनाव पदाधिकारी रणदीप आनंद ने प्रमाण देकर नरेश सेठ के निर्वाचण की घोषणा की। इसके बाद निवर्तमान अध्यक्ष गुलशन लाल अजमानी एवं संरक्षकों सुरेश मेहरा एवं दीवान चंद सेतिया ने उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। देशभर से आये सभी पूर्व पदाधिकारियों को चुनरी, शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बैठक मे सूरत, हैरदाबाद, भोपाल, अलवर, जयपुर, अलवर, जबलपुर, अहमदाबाद, राजस्थान, ग्वालियर, जमशेदपुर सहित झारखंड से आये प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में बड़ी संस्था में महिलाओं की भागीदारी रही। आज की बैठक में गुलशन लाल अजमानी, सुरेश मेहरा, दीवान चंद सेतिया, राजेश खन्ना, मुकुल तेनजा, सुधीर उग्गल, हरगोबिंद गिरधर, विनोद माकन आदि सहित बड़ी संख्या में महासंघ एवं बिरादरी के सदस्य उपस्थित थे।

# रातू: टीपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

## राजा साहेब अपहरण कांड का 117वें दिन हुआ खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने राजा साहेब अपहरण कांड की घटना के 117वें दिन रविवार की सुबह सनसनीखेज खुलासा करते हुये सुमु धवैया निवासी सरतू महतो का पुत्र टीपीसी एरिया कमांडर 24 वर्षीय सुकेश महतो उर्फ सुखी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर बुढ़मू के छापर स्थित सुमू डमारू जंगल के बीच चितवारी की ऊंची पहाड़ी में गड्ढा खोद जमीन पर जला कर गाड़े गये ग्लैमर मोटरसाइकिल और राजा के पिता निरंजन शर्मा का मूल आधार कार्ड बरामद कर लिया गया है। लेकिन मृतक की लाश नहीं मिल पायी है। उग्रवादियों ने उसे 17 अक्टूबर 22 की दोपहर मोटरसाइकिल समेत अपहरण कर लिया था। सुकेश महतो पर बुढ़मू व टंडवा थाने में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। फरार उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। यह जानकारी ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस वार्ता में दी। छापेमारी में सीनियर एसपी कौशल किशोर ने राजा का अपहरण के बाद टीम का गठन किया था। इसमें डीएसपी प्रवीण सिंह समेत खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, पुलिस निरीक्षक सपन महथा, बुढ़मू थानेदार कमलेश राय, पुलिस अवर निरीक्षक चमरा मिंज, बादल दास, अंजन कुमार, विपुल ओझा, क्यूआरटी इंचार्ज प्रवीण तिवारी, कृष्णा उरांव, विनय टेटे व सुरेश मंडरी आदि शामिल थे।

### बाइक के साथ जलाया शव, डमारु जंगल से मिली बाइक



### कैसे की गयी हत्या

पुलिस के हत्थे चढ़े सुकेश महतो ने बताया कि अपहरण के बाद राजा को अपने साथी बिक्रम गंझू उर्फ मुनेश्वर, बिनोद महतो उर्फ मुरारी, रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी, सुदेश गंझू उर्फ गुरुदेव, प्रताप उर्फ दिवाकर, छोटन तुरी, अनीश अंसारी व रंजीत महतो ने मिलकर बुढ़मू के हिरिंग बोटका गांव में लगे जीवन जोड़ी मेला ले गये। बिक्रम ने उसे दो गोली मारी, जिससे उसकी मौत हो गयी। सुकेश ने उसकी बाइक को जलाकर जमीन में गाड़ दिया। जबकि बिक्रम व अन्य ने उसके शव को जलाने के उपरांत जंगल में कहीं दफना दिया। कोयले के कारोबार में लेनदेन का विवाद था।

### मुंगेर का था राजा साहेब



अपहृत की पत्नी गीता राज ने 21.10.22 को रातू थाने में कांड संख्या 341/22 दर्ज करा अपहरण की आशंका जतायी थी। राजा मुंगेर का रहने वाला था। कांके के टंगटंग टोली निवासी अशोक गोप का बहनोई था। वह गुटखोली उपामातु में मकान बना कर रहता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा माँ राधा देवी, पिता निरंजन शर्मा, भाई छोटू शर्मा, बहन रानी कुमारी तथा दो पुत्र युवराज व यशराज हैं। घटना के बाद से ही सभी का रो.रोकर बुरा हाल है। उन्हें उम्मीद थी कि राजा जरूर घर लौटेगा, किंतु अस्थियां भी नहीं मिली।

## बैलेट पेपर से हुआ जमीअत उल मोमिनीन इटकी शाखा का चुनाव



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी मदरसा मुहल्ला स्थित कमेटी हॉल प्रांगण में रविवार को जमीअत उल मोमिनीन इटकी शाखा का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। मतगणना का कार्य देर शाम शुरू किया गया। परिणाम देर रात आने की संभावना व्यक्त की गयी है। मतदान के लिए कमेटी हाल में चार बूथ बनाये गए थे। चार पदों के लिए बैलट पेपर के सहारे विधानसभा चुनाव के तर्ज पर चुनाव कराया गया। मतदान कार्य सुबह आठ बजे से शुरू हो गया था, जो शाम चार बजे तक चला। सैकड़ों मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। मतगणना का कार्य देर शाम शुरू किया गया है। परिणाम देर रात तक आने की संभावना व्यक्त की गई है। सदर पद के लिये मोहसिन मुमताज, तस्लीम अंसारी, अमीन अंसारी व कलीम अंसारी नायब सदर में अफरोज आलम, इमरान अंसारीए सेक्रेटरी के लिये अबरार इमाम, रकीब अंसारी, सलीम अंसारी व मो सलीमुद्दीन और नायब सेक्रेटरी के लिये जुबैर अंसारी, मो सलाउद्दीन व सज्जाद अंसारी चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव के सभी कार्य 30 सदस्यीय चुनाव कमेटी के नेतृत्व में व पुलिस प्रशासन की निगरानी में किये गये।

## स्पीड न्यूज

### रातू: संडे मार्केट से बाइक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट से आशिष कुमार की बाइक जेएच 01के 8277 को अज्ञात अपराधियों ने चोरी कर ली। वह अपनी बाइक खड़ी कर मार्केट में बच्चे का कपड़ा खरीदने गये। वापस आकर देखा तो बाइक गायब थी। भुक्तभोगी की ओर से थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### रातू: ऊर्जा मेला में मामलों का ऑन द स्पॉर्ट निपटारा

**रातू।** विद्युत विभाग की ओर से बिजुलिया में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। मेले में विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार सिंह ने मकान में मीटर लगा लगाकर 100 फ्री यूनिट बिजली का लाभ उठायें। किसानों को सिंचाई के लिये भी फ्री कनेक्शन दिये जा रहे हैं। उन्होंने इसके प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इससे पूर्व लंबित कई मामले का ऑन द स्पॉर्ट निपटारा किया गया। मेले मे करीब डेढ़ लाख बकाया बिजली बिल की वसूली गयी। मौके पर कनीय सहायक कुंदन कुमार, सारणी पुरुष, प्रवीण कुमार रजक, विवेक द्विवेदी, नवनीत चौबे, रोशन कुमार, सुशील कुमार सिंह, मतीन अंसारी, मिनाज अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी व प्रमोद मिश्र आदि मौजूद थे।

### बेड़ो में दो दिन से जलापूर्ति ठप, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजलापूर्ति की पानी टंकी से दो दिनों से जलापूर्ति नहीं हो रही है। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिससे बेड़ो के गुमला रोड, लोहरदगा रोड, बाजार टांड़ए ब्लॉक परिसर व बेड़ो बस्ती में दो दिनों से जलापूर्ति ठप है।जिससे ग्रामीणों को पेयजल को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पेयजल के अभाव में लोगों को पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। ज्ञात हो की बेड़ो वासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से लगभग चार दशक पूर्व विभाग द्वारा बेड़ो में जलापूर्ति योजना की सौगात दी गई थी। वही चार दशक पूर्व बनी पानी की टंकी जर्जर हो गई है। जलापूर्ति की आस में लोग सुबह उठते जरूर हैं मगर इंतजार के बाद विभाग को कोसते नहीं थकते हैं। वही विभाग के जेई को फोन करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### बेड़ो में पांच दिवसीय एसएसपी फुटबॉल कप 15 फरवरी से

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस प्रशासन के तत्वाधान में आगामी 15 फरवरी से पांच दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड के 17 पंचायतों की एक.एक टीम भाग लेगी। डीएसपी रजत मणिक बाखला ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। ताकि पुलिस और आम नागरिकों के बीच मधुर संबंध और संवाद स्थापित हो। युवाओं को एक अच्छे नागरिक के साथ उनके कर्तव्यों व अनुशासन के साथ.साथ उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए बेड़ो व इटकी में फुटबॉल और लापुंग में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें विजेता टीम व खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने पर पुलिस द्वारा सर्टिफिकेट व पुरस्कार दिया जाएगा।

### चिलदाग उवि के पूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह सह वनभोज

**अनगड़ा।** राज्य संपोषित उच्च विद्यालय चिलदाग के 1987 बैच के विद्यार्थियों का पारिवारिक मिलन समारोह सह पिकनीक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपने विद्यार्थी के समय बिताए खट्टे मीठे अनुभव साझा किये। साथ ही बीते हुए यादगार पल को याद कर हंसी ठिठोली किये। मौके पर पूर्व खिजरी विधायक राम कुमार पाहन, गढ़वा भंडरिया अंचलाधिकारी मदन महतो, भजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, पत्रकार कविलाश कुमार आदि मौजूद थे।

# सदानों की पहचान मिटाने की हो रही साजिश: राजेंद्र

## काठीटांड़ चौक पर मूलवासी सदान मोर्चा ने गाड़ा झंडा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से संवैधानिक अधिकारों को लेकर महापंचायत, सम्मेलन और सेमिनार आयोजित किये जा रहे हैं। पहचान के लिये सदानी झंडा लगाओ अभियान चलाया जा रहा है। केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद समेत अन्य मोर्चा नेताओं ने काठीटांड़ चौक में विशाल झंडा गाड़ा। श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकारें सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया। अब पहचान मिटाने की साजिशें हो रही है। नेताओं पर निशाना साधते हुये उन्होंने कहा कि सदान शब्द कहने से इन्हें शर्म आती है। सदान यहां के पुराने वाशिंदे है। उन्होंने लोगो से घरों व प्रतिष्ठानों में सदानी झंडा लगाने और एकजुटता का आह्वान किया। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि सदान मोर्चा जाति नहीं जमात की बात करता है। हिंदू और मुस्लिम दोनों सदान समुदाय से आते हैं। उन्होंने धर्म के नाम पर आपस में उलझने से मना किया। नागपुरी कवि और गीतकार क्षितीश राय ने कहा कि प्रत्येक जाति समुदाय एवं राजनीति में सिर्फ एक ही नेता है, जो समाज को सही दिशा दे सकते हैं। उन्होंने केंद्रीय अध्यक्ष का साथ देने की अपील करते हुए श्री प्रसाद के हाथों सदानों की सुरक्षा का दावा किया।

डॉ सुदेश कुमार साहू, नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद, विशाल सिंह, चंदन कुमार व प्रो अरविंद कुमार ने भी अपनी बातें रखी। अध्यक्षता मंजुर खान ने की, जबकि संचालन मुरारी गुप्ता ने किया।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

विशाल कुमार, राहुल पांडेय, नीतीश तिवारी, निसार खान, त्रिलोक साहू, राजू कुमार, मुरारी गुप्ता, इस्तियाक खान, सौरभ साहू, राजकुमार पांडेय, शिव शंभू साहू, नीतीश ठाकुर, भरत साहू, विनोद साहू, रंजीत कुमार, मुकेश साहू, अमित साहू, दीपक साहू, चिंटू मिश्रा, रामप्रताप, किशोर साहू, तेजू, गंगा, अमित, पप्पू कुमार व उमेश कुमार आदि।

## सोनाहातू में ग्राम प्रधान संघ का मिलन समारोह

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा स्थित सतीघाट में रविवार को ग्राम प्रधान संघ सोनाहातू का मिलन समारोह सह वन भोज आयोजित किया गया। जिसके अध्यक्षता मुंडा कृष्ण कुमार सिंह एवं संचालन गोपाल सिंह मानकी ने किया। समारोह में संघ की मजबूती के साथ-साथ विधानसभा, जिला और राज्य स्तर पर विस्तार करने, सम्मान राशि में बृद्धि के साथ ससमय भुगतान देने, ग्राम सभा को सशक्त करने, ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों आदि विषयों पर चर्चा किया गया। मौके पर जगतपाल बड़ाईक, युगल किशोर सिंह मुंडा, भूतनाथ सिंह मुंडा, धीरज सिंह मुंडा, अनिल सिंह मुंडा, फनिभूषण सिंह मुंडा, मदन सिंह मुंडा, मनोहर पातर मुंडा, बिपद भंजन सिंह मुंडा, ब्रजकिशोर सिंह मानकी, जिवाधन सिंह मुंडा, जानकी देवीए कार्तिक सिंह मानकी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### सोनाहातू: तीन एकड़ में लगी पोस्ते की खेती नष्ट



सोनाहातू। थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के नरसिंह लोवाडीह, राणाडीह, जोजोपीडी, कुटीडीह गांव के आसपास में 3 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को पुलिस ने नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। लेकिन खेती करने वाले किसान की पहचान की जा रही है। अभियान में एएसआई दलगोविंद महतो, जयशंकर प्रसाद सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया के शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत

**तमाड़।** रांची-टाटा एनएच-33 पर रविवार को देर रात करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक का नाम सुरेश प्रधान था जो ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया में शिक्षक हैं। स्थानीय सांसद सह केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा के गांव का निवासी था। वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर रांची से टाटा की ओर जा रहा था। इस बीच तमाड़ थाना क्षेत्र के डोड़ेया मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक द्वारा जांच के उसे मृत घोषित कर दिया।

### जेवर दुकान में लूट कांड का नहीं हुआ खुलासा

**मांडर।** शंकर एंड संस ज्वेलर्स में हुई 70 लाख की लूट के मामले में 2 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी तक अपराधियों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाए हैं। पुलिस के वरीय पदाधिकारी द्वारा गठित एसआईटी रविवार को पूरे दिन जांच पड़ताल में लगी रही। डीएसपी अनिमेष नैथानी एसआईटी की अगुवाई कर रहे हैं। अपराधियों द्वारा भागने के सभी संभावित रास्तों पर कहीं-कहीं लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया पर पुलिस को कोई सुराग नहीं लग पाया। वहीं दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव जेवर व्यवसायी की दुकान पर पहुंचे और उन्हें सांत्वना दिया।

## विधायक, जिप सदस्य व मुखिया ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** रविवार को बोड़ेया कांके पंचायत के संग्रामपुर गांव में जिला परिषद के 15वें वित्त से उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक माननीय समरी लाल, जिला परिषद सदस्य किरण देवी, उप प्रमुख अजय बैठा एवं पंचायत के मुखिया सोमा उराव द्वारा संयुक्त रूप से की गई। मुखिया सोमा उरांव ने बताया कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र की कुल लागत 52 लाख है और संग्रामपुर गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र की बहुत ही जरूरत थी और वह आज धरातल पर नजर आ रही है। उप स्वास्थ्य केंद्र खुलने से लोगों लोगों में काफी उत्साह का माहौल है। शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि थानो मुंडा, रितेश तिवारी, प्रभात भूषण, बबलू पहान, संतु कुमार महतो, वार्ड सदस्य कैलाश मुंडा, सती देवी, शकुंतला देवी, सुषमा मुंडा, बबीता देवी, ग्राम प्रधान दीनू उरांव, स्वासत दुबे समाजसेवी मनोज साहू, फूलचंद मुंडा, सुकेश तिवारी व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कस्तूरबा की छात्राओं ने सीखे फिल्म बनाने के गुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** चित्रपट झारखण्ड के तत्वावधान में सिल्ली कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में वर्ग बारहवीं की छात्राओ के लिये रविवार को एक दिवसीय निशुल्क फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने कहा कि फिल्म निर्माण की विधायें सीखकर एक अच्छा कंटेंट बनाकर कस्तूरबा की छात्रायें देश व समाज के निर्माण में सहयोग कर सकतीं है। आज लोग कंटेंट बनाकर लाखों रुपये कमा रहे है। इसे कैरियर के रूप में भी अपनाया जा सकता है। उन्होंने चित्रपट झारखंड के प्रयासों की सराहना की। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विमल कांत झा ने कहा ऐसे कार्यशालाओं के आयोजन से नयी पीढ़ी के लड़कियों को इस क्षेत्र में तकनीकी जानकारी मिलेगी। चित्रपट झारखण्ड के प्रांतीय अध्यक्ष नंद कुमार सिंह ने कहा कि हम ऐसे कार्यशालाओं से फिल्म निमार्ताओं की नयी पौध तैयार करेंगे।

## अस्पताल भवन और पीसीसी सड़क का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** प्रखंड के लोटा गांव मे प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। 6 सैय्या वाले इस उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग निधि से किया जाना है। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए आज लोटा में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया गया है। अस्पताल के बन जाने के बाद चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के आवासन के लिए आवासों का भी निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर प्रसाद ने किया। इससे पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो, जयपाल सिंह एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप लोटा रजक टोला में 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का आधारशिला रखी। मौके पर पुर्व मुखिया योगेश्वर महतो,त्रिलोचन महतो, श्रीधर महतो, पूर्व मुखिया डबलू महली, पूर्व उप मुखिया जगदीश चन्द्र महतो, सुभाष महतो, ग्राम प्रधान नरेश मुंडा, विंदू देवी, प्रेमचंद लोहरा, तरुन महतो, रामकुमार मोदक, संतोष कुमार साहू, शिव शंकर महतो, हरि सिंह मुंडा, योगेश्वर महतो, परमानंद महतो, वार्ड सदस्य कृति वास महतो, घनश्याम महतो, भुदेव महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**सिल्ली।** सेवा भारती सिल्ली व लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सिल्ली धर्मशाला में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में न 148 लोगों की जांच हुई जिसमें 74 लोगों के आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनका ऑपरेशन 13 फरवरी को निरामया अस्पताल कोकर रांची में किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अगरवाल, दिलीप दे, सिस्टर एलिजाबेथ, स्वरूप दत्ता, उपेन्द्र नाथ महतो, भरत सिंह, राहुल भद्रा, आयुष अग्रवाल, रिशी सोनार, प्रशान्त रविदास जगदीश गोराई, कार्तिक गोराई शामिल हैं।

## कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ हैं: गंगोत्री कुजूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** भाजपा मंडल बेड़ो के कार्यसमिति की बैठक रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के परिसर में हुई। इसमें आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने हेतु सभी संगठन को मजबूत और विस्तार करने के लिए बूथों को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बोलते हुए भाजपा नेत्री सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा के चुनाव में जीत का परचम लहराने के लिए एकजुट होकर भाजपा की नीतियों, सिद्धांतों व कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश कार्यालय प्रभारी भोगेन सोरेन, मंडल प्रभारी केदार मेहता, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, भीखा उरांव, चंदन गुप्ता, अनिल उरांव, आनंद साहू, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश कुमार, नकुल राम महथा, मोतीलाल गुप्ता, लिब्रा मुंडा, राजेन्द्र राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष कमलेश लाल, गणेश राम महथा, विनोद गुप्ता मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को दी जा रही धार



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशहित में की जा रही कार्यो से प्रभावित देशभर में विभिन्न राजनीति पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा से जुड़ रहे हैं। रविवार को प्रखंड क्षेत्र के भी दर्जनभर कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने पार्टी का पट्टा ओढ़ा का सभी का स्वागत किया। पहान कंपलेक्स सिलदिरी में मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा को लेकर कार्यकर्ताओं में धार दी गई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य व प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद साहू ने कहा केंद्र सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया पर काम किया जा रहा है। बूथों के माध्यम से लोगों को एप डाउनलोड करा केंद्र सरकार की योजनाओं को लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ता को पन्ना प्रमुख बनने व प्रभारी को डोर-टू-डोर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकरी देने को कहा। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री मन की बात के माध्यम से आम जनता से संवाद करते हैं। प्रयास हो की क्षेत्र की अधिकांश जनता प्रधानमंत्री की बातो को सुने और लाभ उठाएं। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कार्यकर्ताओं को 2024 में होने वाले चुनाव की तैयारी में लग जाने को अहवान किया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में अमरनाथ चौधरी, अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, राज किशोर साहू, शशि मेहता, राजधाम साहू, भानुप्रताप महतो, अशोक पहान, बालक पहान, कमेश्वर साहू, कृष्णकुमार महतो, लक्ष्मण साहू, तिरतू महतो, सोनाराम मुंडा, अमित मुंडा, गंगेश्वरी देवी, चंद्रमोहन महतो, चमरू प्रजापति, नंदलाल महतो, राजेश्वर महतो, धनंजय महतो, रामलखन महतो, शंकर महतो, आनंद मेहता, आफताब आलम, कामेष्वर महतो, जेठू नायक, सुरेंद्र प्रजापति आदि मौजूद थे।


**कार्यालय :— जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार।**

**आवश्यक सूचना**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के लातेहार आगमन/भ्रमण कार्यक्रम में ट्रैफिक की समस्या एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिनांक 13.02.2023 को अपराह्न 02:00 बजे से 14.02.2023 (कार्यक्रम समाप्ति तक) को डालटनगंज से रांची एवं रांची से डालटनगंज की ओर आने—जाने वाले बसों, ट्रकों, भारी वाहनों एवं अन्य छोटे वाहनों के लिए रूट डायवर्सन निम्न प्रकार किया जाता है :—

**(क) रांची से पलामू की ओर जाने वाले बड़े एवं छोटे मालवाहक वाहनों के लिएरूट डायवर्सन प्लान :—**

| क्र0 | वाहन के प्रकार | रूट | प्रस्तावित नया रूट |
|---|---|---|---|
| 1 | बड़े एवं छोटे मालवाहक वाहन के लिए | रांची से पलामू जाने के लिए | चन्दवा—बालूमाथ—हेरहंज—मटलौंग/पांकी होते हुए पलामू। |
| 2 | बस एवं सवारी छोटे वाहनों के लिए | रांची से पलामू जाने के लिए | चन्दवा—उदयपुरा—डीही मुरूप—नवादा—हेरहंज/पांकी—मटलौंग होते हुए पलामू |

**(ख) पलामू से रांची की ओर जाने वाले बड़े एवं छोटे मालवाहक वाहनों के लिएरूट डायवर्सन प्लान :—**

| क्र0 | वाहन के प्रकार | रूट | प्रस्तावित नया रूट |
|---|---|---|---|
| 1 | बड़े एवं छोटे मालवाहक वाहन के लिए | पलामू से रांची जाने के लिए | पलामू—पांकी/मनिका मटलौंग—हेरहंज—बालूमाथ—चन्दवा होते हुए रांची। |
| 2 | बस एवं सवारी छोटे वाहनों के लिए | पलामू से रांची जाने के लिए | मनिका— होटवाग— पोचरा मोड़—बानपुर—पॉलिटेक्नीक रोड — डीही मुरूप — आरागुंडी — उदयपुरा होते हुए रांची |

**(ग) गारू से रांची जाने एवं आने वाले सभी वाहनों क लिए रूट डायवर्सन प्लान :—**

| क्र0 | वाहन के प्रकार | रूट | प्रस्तावित नया रूट |
|---|---|---|---|
| 1 | सभी वाहनों के लिए | गारू से रांची एवं रांची से गारू | नेतरहाट—महुआडांड़—गारू—नावागढ़—नवरंग चौक—जालिम—भुसूर—सिकनी—चन्दवा होते हुए रांची जाने एवं आने के लिए। |

अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार।

जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार।

# गेहूं की कीमत

देश में गेहूं की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के मकसद से खुले बाजार में इसकी बिक्री के फैसले से पिछले एक सप्ताह में गेहूं की कीमतों में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। सरकारी उपक्रम भारतीय खाद्य निगम ने इस सप्ताह आयोजित ई-नीलामी के पहले दो दिन में अबतक थोक उपयोगकताओं को 2,474 रुपये प्रति क्विंटल की औसत दर से 9. 2 लाख टन गेहूं बेचा है। केंद्र ने मुक्त बाजार बिक्री योजना के जरिये खुले बाजार में बफर स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं बेचने का फैसला किया था। इसमें से 25 लाख टन थोक उपभोक्ताओं मसलन आटा मिलों को, तीन लाख टन नेफेड जैसी संस्थाओं को और शेष दो लाख टन राज्य सरकारों को बेचा जाएगा। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा, ह्यई-नीलामी ने पहले ही पिछले एक सप्ताह में गेहूं के बाजार मूल्य में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट का असर डाला है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दो फरवरी को गेहूं का औसत अखिल भारतीय खुदरा मूल्य 33.47 रुपये प्रति किलोग्राम था और गेहूं के आटे की कीमत 38.1 रुपये प्रति किलोग्राम थी। आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 में इसी तारीख को, गेहूं और गेहूं के आटे का औसत खुदरा मूल्य क्रमशः 28.11 रुपये प्रति किलोग्राम और 31.14 रुपये प्रति किलोग्राम था। देश में गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में मजबूती आई है। एफसीआई नीति के तहत, सरकार ग्राहको को थोक उपभोक्ताओं और निजी व्यापारियों को समय-समय पर खुले बाजार में पूर्व निर्धारित कीमतों पर खाद्यान्न, विशेष रूप से गेहूं और चावल बेचने की अनुमति देती है। इसका उद्देश्य अनाज का मौसम नहीं होने पर आपूर्ति को बढ़ावा देना और सामान्य खुले बाजार की कीमतों को कम करना है। इसी प्रकार की समस्या के लिये एफसीआइ में गेंहू भंडारण करती है।

# हाईकोर्ट का इशारा

भा वैसे यह पहली बार नहीं है कि मौजूदा केंद्र सरकार ने ईडी का इस्तेमाल अपने राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये किया हो। तमाम सरकारों के दौरान ऐसा होता रहा है,लेकिन राजग सरकार के दौरान इसकी आवृत्ति बढ़ी है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्र ईडी को राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट की यह नसीहत तार्किक व मार्गदर्शक है कि कानून उसे यह हक नहीं देता कि वह मनमाने ढंग से किसी की प्रतिष्ठा से खेले, उन्हें परेशान करे या किसी तरह का दबाव बनाये। अदालत ने साफ कर दिया कि उसे सिर्फ और सिर्फ धनशोधन के मामले में ही कार्रवाई करने का कानूनी हक है। वह महज अनुमान के आधार पर किसी पर कोई आरोप नहीं लगा सकती। यदि ऐसा कोई प्रयास होता है तो कानून के दायरे में ही उसकी सुनवाई होनी चाहिए। दरअसल, हाईकोर्ट ने ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई की थी जिसमें धनशोधन की स्पष्ट स्थिति न होते हुए भी ईडी ने कार्रवाई की थी। आरोप लगते रहे हैं कि प्रवर्तन निदेशालय ने कई मामलों में विभाग के कार्यक्षेत्र से बाहर वाले मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप किया है। यही वजह है कि ईडी की दखल के बावजूद कोई धनशोधन का मामला उजागर नहीं हो सका। महज इस शक पर कि आय से अधिक की संपत्ति वाले मामले में धनशोधन का एंगल भी हो सकता है। कोर्ट का मानना है कि अन्य विभाग की जांच में यदि धनशोधन का मामला उजागर होता है तो ईडी दखल दे सकती है। किसी को परेशान करने या अपनी राजनीति लाभ हानि को ध्यान में रखकर अगर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग होता है तो निश्चित तौर पर यह लोकतांत्रिक मूल्यों को हानि पहुंचाने वाली बात है। एक नयी लकीर खिचने की बात करने वाली वर्तमान केन्द्र सरकार को इस बात पर सजग रहना चाहिए।

# पर्यावरण की समस्या के आगे विवश दुनिया

**आखिर** विषैली होती हवा का असर क्या है? यदि आपको आम हवा में ऑक्सीजन मिल जाए तो भी खुशकिस्मती होगी। इस साल, इसे रोकने के लिए सरकार को अपने पास उपलब्ध स्त्रोतों और तौर-तरीकों वाले कड़े कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। लेकिन क्या यह इतना आसान है। एबीसी होने देना हम गवारा नहीं कर सकते, अगर यह होता है तो चिन्हित अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया जाना चाहिए।

एबीसी पर पहली मर्तबा वर्ष 1999 में गौर किया गया था। इसके लिए नेपाल में वैज्ञानिक अध्ययन और निगरानी केंद्र बनाए गए। दूसरे शब्दों में, इसके बारे में सरकारों को काफी पहले से पता है, इसमें कोई हैरानी नहीं। दूसरा, यह समझना जरूरी है कि एबीसी का मतलब केवल प्रदूषण नहीं है। ग्लेशियर पिघलने, सूर्य की किरणों की तीव्रता बढ़ने, हर हफ्ते होने वाली असामयिक बारिश और गिरते खेती उत्पादन में इसका बहुत बड़ा हाथ है। तीसरा, एबीसी लगभग पूर्ण रूप से मानव-निर्मित है, जिसमें सल्फर कण (ईंधन तेल जलने पर) के अलावा नाइट्रेट कण (वाहन उत्सर्जन) और ब्लैक कार्बन कण (डीजल, बायोमास और कोयले का पूरी तरह न जल पाना) का घालमेल है। दूसरे शब्दों में, ये आपका ही पैदा किया है। लेकिन अच्छी खबर यह है कि मानव निर्मित इस आपदा को कुछ हद तक खुद इनसान ही रोक सकते हैं, सुबूत है कि यह संभव है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि पिछले साल हुए लॉकडाउन में महज 53 दिनों में भारत के सिंधु-गांगेय मैदानी इलाकों में प्रदूषण स्तर गिरकर दो दशक पहले जितना हो गया था।





-तारा कार्था

> जाहिर है, सर्वप्रथम हमें पराली जलाने से रोकना होगा। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से पहला वचन यही लिया कि पराली जलाने पर जुमार्ना नहीं लगाया जाएगा। परिणामस्वरूप हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में यह एकाएक प्रदूषण बढ़ने का कारण बना और जैसा कि अनुसंधान बताते हैं।

जाहिर है, सर्वप्रथम हमें पराली जलाने से रोकना होगा। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे किसानों ने सरकार से पहला वचन यही लिया कि पराली जलाने पर जुमार्ना नहीं लगाया जाएगा। परिणामस्वरूप हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में यह एकाएक प्रदूषण बढ़ने का कारण बना और जैसा कि अनुसंधान बताते हैं यह फसल उत्पादन और भूजल उपलब्धतता में आगे और कमी बनने में योगदान करता है, पंजाब में यह स्तर पहले ही न्यूनतम हो चुका है। इसलिए ऐसा कोई संकेत नहीं मिलता कि किसान अपनी ओर से पराली जलाना छोड़ देंगे। राज्य सरकारें इसके लिए विकल्प उपलब्ध करवा रही हैं, लेकिन यह करना उतना सस्ता नहीं, जितने में कुछेक क्रिकेट मैच आयोजित हो जाएं। इसलिए सरकार को तैयार रहना होगा कि जहां कहीं पराली जलती दिखे, इसे बुझाने को व्यावसायिक आग बुझाने वाली हवाई जहाज कंपनी या भारतीय वायुसेना का इस्तेमाल करे। कोई नहीं चाहेगा कि अगली फसल तैयार करने को खेत सुखाने में हफ्तों का इंतजार करना पड़े। पहले-पहल किए गए इन प्रयासों को टेलीविजन पर खूब प्रचारित किया जाए, इसे देखकर बाकी अपने आप राह पर आ जाएंगे। तो क्या इसके विरोध में एक नया आंदोलन खड़ा हो जाएगा? हो सकता है।

प्रदूषण में सबसे बड़ा आम कारक है जमीन से उठते धूल कण और यह सब तरफ फैल जाते हैं, चूंकि सरकारों को अनाप-शनाप पैसा खर्चने का चाव होता है, लिहाजा सड़क साफ करने वाली महंगी मशीनें खरीद लेती हैं। उदाहरणार्थ गुरुग्राम नगर निगम ने ऐसी 6 मशीनें तो खुद की खरीदी हैं, प्रत्येक की कीमत 1 करोड़ है, और कुछेक 30 लाख रुपये प्रति माह किराए पर ले रखी हैं। यह कोढ़ में खाज करने जैसा है। गुरुग्राम इलाके में भवन निर्माण से भारी मात्रा में धूल और मलबा पैदा होता है। खाली पड़े लंबे-चौड़े सरकारी मैदान हैं, चूंकि वहां की मिट्टी-गारा तक कहीं और इस्तेमाल के लिए निकाला जा चुका है, लिहाजा जरा-सी हवा चलने पर बंजर पड़ी जमीन से धूल उड़ने लगती है। इसका आसान उपाय है घास लगाना। एक बार मानसून होने पर, यह हर उस जगह पर मजबूत जड़ पकड़ लेगी जहां अभी धरती की ऊपरी सतह पूरी तरह बर्बाद नहीं हुई है। यदि खुद से घास नहीं फैले-फूले तो एक अभियान चलाकर रोपी जा सकती है, इस पर होने वाला खर्च मशीनों पर लगे धन की तुलना में अंशमात्र होगा। इसी बीच नगर निगम जो हर साल जंगली झाड़-झंखाड़ काटने को दल भेजने पर गर्व करता है, ये मुहिमें रोकनी होंगी। घास न केवल मिट्टी को जकड़कर रखती है बल्कि वातावरण को ठंडा भी करती है।

बड़े भवन निमार्ताओं (बिल्डर्स) को सख्त आदेश दिए जाएं कि सालाना छंटाई की आड़ में वे पेड़-पौधे बर्बाद नहीं करेंगे। अगली मर्तबा करते वक्त कोई ऐसा आसपास होना चाहिए, जो समझा सके कि छंटाई का असली मतलब क्या होता है। लेकिन फिलहाल न तो किसी वनस्पति का एक पत्ता तक कटे और न ही उखाड़ी जाए। जिलाधीश को यह आदेश तमाम रेजीडेंट वेलफेयर संगठन और स्थानीय निकायों को एकदम सुस्पष्ट करने की जरूरत है।

वह एक क्षेत्र जिसे अक्सर नजरअंदाज किया जाता है या जो अनियमित वर्ग में आता है, वह है कचरे का पुनर्चक्रीकरण और कबाड़ इकट्ठा करने वाली एजेंसियां, जो ज्यादातर एक माफिया की तरह काम कर रही हैं और इनमें चीन के निवेशकों का पैसा लगा है। सरकार को चाहिए कि इन्हें अपनी निगरानी में लाकर, कड़ी नियमावली लागू कर इस पेशे को नियमित वर्ग में शामिल करे। जब तक पर्यावरणविद इनके कामकाज की पूरी तरह पड़ताल नहीं कर लेते तब तक सब बड़ी कंपनियां अपना तथाकथित पुनर्चक्रीकरण मुल्तवी रखें। इस सबसे ज्यादा खराब है, बेरोकटोक यहां-वहां भवन बनाकर रातों-रात खिसक जाने वाले बिल्डर्स, जिनके काम करने के अवैज्ञानिक तरीकों से शहरों और गावों की हवा में भारी मात्रा में धूल कण फैलते हैं। हरी खाली जगहों पर, आवासीय कालोनियों और लगभग हर ओर मलबा फेंक दिया जाता है। मकान बनाकर अपनी बाकी जिम्मेवारी से भाग जाने वाली ऐसे बिल्डर्स से सफाई शुल्क वसूल किया जाए। शहरी नियोजन एवं योजना विभाग समेत शहरी विकास निकाय संदिग्ध कारणों से किसी को भी भवन निर्माण या अतिरिक्त मंजिल या फ्लोर-टू-एरिया रेशो में बदलाव की इजाजत दे देते हैं, परिणामस्वरूप बेहतरीन रिहायशी कालोनियां भी मुम्बइया चॉल जैसी बन गई हैं।

## खास बात

# प्रसिद्ध शक्तिपीठ प्रयागराज

**अभिनव गुप्त**

**प्रमुख** रूप से उन तीर्थों को शक्तिपीठ कहा गया, जहां-जहां माता सती के शरीर के विभिन्न अंग गिरे। मान्यतानुसार प्रयागराज में माता सती के दाहिने हाथ की अंगुलियां गिरी थीं। अतः संगम नगरी का आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व यहां स्थापित मां अम्बे के शक्तिपीठ के कारण अधिक बढ़ जाता है। प्रमुख रूप से प्रयाग में देवी माता के तीन पौराणिक मंदिर हैं- अलोपी देवी, ललिता देवी और कल्याणी देवी। अलोपी देवी का मंदिर दारागंज क्षेत्र में है। तंत्रचूड़ामणि में इस तीर्थ का उल्लेख मिलता है। यहां माता के दर्शन एक झूले के रूप में होते हैं, जो एक चबूतरे पर स्थापित है। झूले (खटोले) के नीचे चबूतरे पर एक छोटा-सा कुंड है, जिसमें जल भरा रहता है। भक्तजन झूले को माता के प्रतीक रूप में ही शीश नवाते हैं। गंगा घाट इस मंदिर के निकट ही है।

शक्तिपीठ के रूप में ही पूजित ललिता देवी का प्रसिद्ध मंदिर यमुना किनारे के मीरापुर क्षेत्र में है। यहां माता का प्राचीन विग्रह विराजमान है। मंदिर प्रांगण में भोलेनाथ शिवलिंग रूप में सुशोभित हैं। ललिता देवी मंदिर के निकट कुछ ही दूरी पर माता कल्याणी देवी का मंदिर है। प्रयाग की अधिष्ठात्री देवी माता कल्याणी देवी को माना जाता है। तंत्रचूड़ामणि में उल्लेख आता है ह्यअंगुली वृन्दहस्तस्य प्रयागे ललिता भवह्ण अर्थात्? सती माता की अंगुलियां गिरने से प्रयाग में ललिता देवी एवं भव नामक भैरव प्रतिष्ठित हुए। मत्स्य पुराण के वर्णित 108 शक्तिपीठों में भी माता कल्याणी व ललिता देवी का नाम मिलता है।

ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार त्रेता युग में महर्षि याज्ञवल्क्य जी ने मां की आराधना करके कल्याणी देवी शक्तिपीठ पर 32 अंगुल की प्रतिमा स्थापित की। मां कल्याणी को ही महर्षि भारद्वाज की अधिष्ठात्री देवी कहा गया है। प्रत्येक वर्ष चैत्र एवं आश्विन मास के नवरात्र में इन देवी पीठों पर श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लग कर दर्शन प्राप्त करते हैं। मेले के दौरान यहां का दृश्य अति मनोहारी होता है। कथा, सत्संग इत्यादि में भक्तजन बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं।

# केवट की व्यग्रता

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**केवट** निषादराज गुह से अपने स्वभाव के अनुसार सब कुछ जानना चाहता है। खासकर जब श्रीराम बक्सर गये थे किस प्रकार अहिल्या का उद्धार किये थे और जनकपुर गये थे ये सारी कहानी निषादराज केवट को सुना चुके थे और वह बहुत प्रभावित था। जैसे ही निषादराज गुह गंगा घाट पर पहुंचे उन्होंने केवट से कहा लो तुम श्रीराम के विषय में पूछते थे कभी इधर आयेंगे या नहीं मुझें कभी भेंट होगी कि नहीं। देखो ऐसा संयोग है कि ये अकेले नहीं भाई और पत्नी के साथ तुम्हारे घाट पर आ गये हैं, और इनको पार जाना है। तुम्ही को इनको गंगा पार उतारना है। केवट ने कहा वश ये आ गये एकदम पार उतार देंगे। कोई दिक्कत नहीं होगी। थोड़ा सा इनको ये करना है कि पैर धोवाना है। नहीं तो इनके पाव में जो धूल है वो मेरी नाव को नारी बना देगी। क्योंकि मुझे मालूम है इन्होंने पत्थर को नारी बना दिया था। यद्यपि की केवट सही कहानी जानता था कि पत्थर को नारी नहीं बनाया गया था। अहिल्या गौतम ऋषि की परित्यक्त थी और वह पत्थरवत हो गयी थी। वह तप कर रही थी। श्रीराम ने उसका उद्धार किया था लेकिन बात बनाने के लिये केवट घुमाकर बोला कि आप पत्थर को नारी बनाते हैं, मेरी नाव बड़ी कोमल है यह तुरंत नारी बन जायेगी। इसलिये आप चरण की धूरी धोवाइये। श्रीराम बात को समझ रहे थे, सीता भी समझ रही थी लेकिन लक्ष्मण को लग रहा था कि केवटअवज्ञा कर रहा है। लक्ष्मण जी ने कहा कि क्यों नहीं वह एक बात पर तैयार हो रहा है और यह क्या समझता है? श्री राम की अवज्ञा करेगा।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कौन है जो दूसरों को दुःख अपना दे सकेगा,
कौन है जो दूसरों से दुःख उसका ले सकेगा उस नयन से बह सकी कब इस नयन की अश्रु -धारा
क्या करूँ संवेदना लेकर तुम्हारी क्या करूँ , क्या करूँ। पिताजी की पंक्तियां
– अमिताभ बच्चन

## आपके ट्वीट

झारखंड ने मातृत्व दर, नवजात मृत्युदर के मामले में सतत विकास लक्ष्य को न सिर्फ तय समय से पहले हासिल कर लिया है, बल्कि राष्ट्रीय औसत से भी आगे है।
– हेमंत सोरेन, सीएम





**जीवन** की धन्यता पारमार्थिक वृत्तियों में निहित है। हम प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण हेतु सजग रहें। निरापद भविष्य हेतु नदियां झील सरित सरोवर शुद्ध जल और प्राणवायु को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता बने ।
–स्वामी अवधेशानंद गिरी

## कार्टून वर्ल्ड

पर्यावरण की चिंता ..



साभार : कार्टून मूवमेंट

# लोकल फॉर वोकल की पीएम मोदी की घोषणा में दम है

**पीएम मोदी ने** वोकल फॉर लोकल की देशवासियों से भारत में बने उत्पाद खरीदने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के अभियान 'वोकल फॉर लोकल' को सफल बनाने का आग्रह किया। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं। दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। उत्सवों-पर्वों के अलावा अर्थव्यवस्था की सेहत और पारंपरिक कारोबार के नए खातों का समय होता है। महामारी के कारण बिगड़ी आर्थिक गतिविधियां पटरी पर वापस आ रही हैं। साथ ही सरकार और कारोबार की परीक्षा का यह समय है। कोविड-19 के बचाव में एक अरब टीकों के लगने से देशभर में विश्वास का माहौल बना है। त्योहारी सीजन की वजह से भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञ और एजेंसियां अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साहित हैं।

दूसरी तरफ मांग में तेजी और वैश्विक मुद्रास्फीति के कारण भारत में कीमतें बढ़ने का अंदेशा है। खनिज तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल, खाद्य तेलों की महंगाई, धातुओं की कमी और कोयले की सप्लाई में दिक्कतों के कारण

## आर्थिक

अर्थव्यवस्था में अड़ंगे पैदा होंगे। भारत इस वित्त वर्ष में 9.5 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 8.5 फीसदी की संवृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मूडीज ने भारत की साख को बेहतर करते हुए नकारात्मक से स्थिर श्रेणी में कर दिया। उसका कहना है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार जारी है और चालू वित्त वर्ष में संवृद्धि दर महामारी से पहले के मुकाबले बेहतर होगी। एक जमाने में विदेशों में बने सामान में लोगों की दिलचस्पी होती थी, लेकिन आज मेक इन इंडिया की ताकत बढ़ रही है। पिछले साल दिवाली के समय लोगों के दिलो-दिमाग में तनाव था, लेकिन अब टीकाकरण अभियान की वजह से भरोसा है। उन्होंने कहा, मेरे देश में बने टीके मुझे सुरक्षा दे सकते हैं तो देश में बनाए गए सामान भी मेरी दिवाली को और भव्य बना सकते हैं। इस साल मार्च के बाद से निर्यात में भी वृद्धि हुई है। वैश्विक व्यापार में सुधार के कारण इंजीनियरिंग माल, कपड़ों, रासायनिक उत्पादों के निर्यात में वृद्धि हुई है।

माल और सेवा के संयुक्त निर्यात में सितंबर में पिछले साल की इसी अवधि में हुए निर्यात के मुकाबले 22 फीसदी की वृद्धि हुई। निर्यात ने महामारी शुरू होने से पहले के आंकड़े को पार कर लिया है। राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान घटकर बजट अनुमान का 35 प्रतिशत रह गया है, जो पिछले साल की इसी अवधि में बजट अनुमान का 115 प्रतिशत था। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा चार साल के निम्नतम स्तर 5.26 लाख करोड़ रुपये रह सकता है। दूसरी तरफ कुल व्यय बजट अनुमान से ज्यादा हो सकता है। उत्साह का मुख्य कारण है सितंबर में राजस्व में हुई 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि। अग्रिम कर और अप्रत्यक्ष कर में तेज बढ़ोतरी हुई है। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार को सितंबर तक 10.8 लाख करोड़ रुपये (2021-22 की कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान की तुलना में 27.3 प्रतिशत) मिले हैं। इसमें 9.2 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व, 1.6 लाख करोड़ रुपये गैर कर राजस्व और 18,118 करोड़ रुपये गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां हैं।

# कृषि लागत में लगातार बढ़ात्तरी लेकिन मूल्यों में नहीं

**संजीव मुखर्जी**

**किसानों** की आमदनी 2022 तक दोगुना करने का मसला अब ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) की हाल की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि कृषि उत्पादन से कमाई घटी है और कर्ज बढ़ा है। इस स्थिति में बदलाव के लिए मजबूत नीतिगत प्रतिक्रिया की जरूरत महसूस की जा रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि फसल उत्पादन से आमदनी कम हुई है, जबकि ग्रामीण परिवारों की आमदनी का जरिया मजदूरी बन गया है। यही धारणा एनएसएस के पिछले 2013 के सर्वे में भी नजर आई थी, और वित्तीय समावेशन सर्वे 2015-16 (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के) में भी इसे दोहराया गया। अब मौजूदा एनएसएस सर्वे में भी यही परिणाम आया है। इससे देश के ग्रामीण इलाकों की चुनौतियों से बाहर निकलने के लिए मजबूत और ढांचागत कदम उठाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

ग्रामीण इलाकों में खेती अब कुल मिलाकर पीछे छूट गई है। पिछले 6 साल में खेती करने वाले परिवारों की संख्या 9 करोड़ से बढ़कर 9.3 करोड़ हो गई है, वहीं इसी अवधि (2013-19) के दौरान कृषि क्षेत्र से इतर काम करने वाले परिवारों की संख्या 6.6 करोड़ से बढ़कर करीब 8 करोड़ हो गई। इससे पता चलता है कि औसत

## कृषि

कृषक परिवारों पर 2018-19 में कर्ज बढ़कर 74,121 रुपये हो गया है, जो 2012-13 में 47,000 रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले 6 साल में आमदनी 60 प्रतिशत बढ़ी है, वहीं औसत कर्ज भी 57 प्रतिशत बढ़ गया है।' इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ डेवलपमेंट रिसर्च (आईजीआईडीआर) के निदेशक महेंद्र देव ने कहा, 'ग्रामीण परिवारों का कर्ज बढ़ रहा है क्योंकि स्वास्थ्य और शिक्षा पर ग्रामीण इलाकों में खर्च बढ़ा है। कृषि पर व्यय बढ़ा है, जबकि आमदनी पर्याप्त नहीं बढ़ी है।' देव ने कहा कि फसल क्षेत्र में ज्यादा उच्च मूल्य के उत्पादों पर जोर देकर विविधीकरण करी जरूरत है, जिससे ज्यादा आमदनी हो सके और 1960 के दशक की मानसिकता को बदली जा सके।

देव ने कहा, 'सर्वे से पता चलता है कि ग्रामीण इलाकों में आमदनी के स्त्रोत के रूप में मजदूरी अहम हो गई है। हम जानते हैं कि ग्रामीण इलाकों में मजदूरी नहीं बढ़ रही है क्योंकि कृषि के बाहर आर्थिक गतिविधियां सीमित हैं और कम हो रही हैं।'

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में औसत ग्रामीण परिवारों में मजदूरी आमदनी का अहम हिस्सा बनी रहेगी क्योंकि जोत का आकार आगे और कम होगा, जिसके लिए ग्रामीण इलाकों में गैर कृषि गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है। सेंटर फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर (सीएसए) के कार्यकारी निदेशक जीवी रमनजनेयुलु ने कहा, 'पिछले 2-3 साल से हम देख रहे हैं कि खेती से इतर स्त्रोतों से आमदनी तेजी से घटी है, जबकि फसल के क्षेत्र में मोनो क्रॉपिंग को बल मिला है, जिससे एकीकृत कृषि व्यवस्था की राह बनी है।

पंजाब में 30 एकड़ खेत वाला किसान आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 3 एकड़ जमीन वाले एक छोटे खेतिहर जितना ही संस्थागत समर्थन पाता है। यह खत्म होने वाला है। बड़ी डेयरी छोटे पशुपालकों को खत्म कर रही हैं, जिसकी वजह से गांवों में आमदनी का स्त्रोत सीमित हो रहा है।'

## लेटर टू एडिटर

### अनुचित आरोप

**वायु** प्रदूषण को लेकर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को कोसा। वह अमेरिका में प्रदूषण न होना बता कर हर बार जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत, चीन और रूस पर आरोप लगाते आये हैं। वायु प्रदूषण के अलावा अमेरिका में ध्वनि प्रदूषण भी ज्यादा है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सभी देशों की समान जिम्मेदारी है। यह किसी एक देश के लिए चुनौती नहीं है।

– विवेक सिन्हा, बरही

### भविष्य के लिए बेहतर

**योगी** सरकार ने नकल करते पाए जाने वाले छात्रों को रासुका के तहत जेल भेजने का फरमान जारी किया है। उत्तर प्रदेश में हाई स्कूल एवं माध्यमिक बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने पर यह नियम परीक्षा में लागू होगा ताकि छात्र अपनी बौद्धिक क्षमता के अनुरूप परीक्षा दे नकल का सहारा न ले। इस निर्णय का क्या परिणाम होगा यह तो वक्त ही बताएगा।

– वीरेंद्र कुमार, खूंटी


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## हरली से बिजली केबल तार की चोरी

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत हरली गावँ के सुंदर नगर में सात पोल एलटी केबल तार शनिवार की रात्रि में चोरी हो गई। इस संदर्भ में दारू क्षेत्र के कनीय अभियंता राजेश निरंजन टोप्पो ने दारू थाना में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि उक्त गावँ में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण योजना के तहत विद्युत आपूर्ति की गई थी। जो कवालु सबस्टेशन से चालू अवस्था मे था। जिसे शनिवार के रात्रि में अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया है। जिसकी सूचना मिलने घटना स्थल पर पहुँच कर जांच किया और दारू थाना में लिखित आवेदन दिया गया। इससे विभाग को 279135 रुपए राजस्व की क्षति हुई है। तार चोरी होने के कारण सुंदरनगर और कोय गाँव मे बिजली बाधित है।

## सड़क मरम्मत कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**पदमा।** पदमा प्रखंड अंतर्गत सुरजपुरा में रविवार को विधायक सह निवेदन समिति सभापति श्री उमाशंकर अकेला यादव के हाथो सूरजपुरा से सूजी तक सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा कर एवं नारियल फोड़कर किया सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में विकास करना है इसकी हमेशा मुझे चिंता रहती है शिलान्यास सूरजपुरा ग्राम के पांडेय होटल के समीप किया गया इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, मुखिया विजय मेहता,मुखिया सीताराम मेहता पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास, नईम जावेद, भुनेश्वर मेहता, अशोक राणा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## रक्तदान कर बचायी महिला की जान

**इचाक।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डुमरौन बागी चौक निवासी अजीज उर्फ पप्पू ने रक्तदान कर एक महिला का जान बचाई। बताते चलें कि पप्पू दर्जनों बार पहले भी समाज में जरूरतमंद लोगों के बीच रक्त दान देते रहे हैं जहां जब जरूरत पड़ती है उन्हें जरूर खोजा जाता है आज फिर एक महिला जो डिलीवरी केस में रक्त की जरूरत पड़ने पर उसे रक्तदान कर उनकी जान बचाई और अच्छा काम किया। शारदा देवी पति डब्ल्यू प्रसाद मेहता ग्राम गुंजा निवासी को ब्लड डिलीवरी केस में देकर उन्हें सहयोग किया।

## मिला अज्ञात शव जांच में जुटी पुलिस

**बरही।** थाना क्षेत्र के पोडैया गांव स्थित डैम के पास अज्ञात शव मिला है। सूचना पाकर बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को बरही पुलिस द्वारा मुर्दा कल्याण समिति हजारीबाग में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही बरही पुलिस ने आम जनों को प्रेस बयान जारी कर उक्त शव की पहचान होने पर 9431706315 पर खबर करने का आग्रह किया है।

## होंडा शोरूम मां दुर्गा ऑटोमोबाइल का टाटीझरिया में हुआ उद्घाटन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के बाबा बालक नाथ के समीप होंडा शोरूम मां दुर्गा आटोमोबाइल का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाश पति सिंह, महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, सुरेंद्र यादव के द्वारा फीता काट कर किया गया। शोरूम संचालक पिंटु वर्णवाल एवं पत्नी राखी वर्णवाल के द्वारा पुजा अर्चना से शुरूआत किया गया। पुजारी उमेश पाण्डेय के द्वारा विधी विधान से पुजा अर्चना किया गया। संचालक पिंटु वर्णवाल एवं भुनेश्वर प्रसाद ने बताया कि प्रखंड में एक भी शोरूम नहीं था इसी को देखते हुए शुरूआत किया है। शोरूम में पहला ग्राहक सरयू ठाकुर ने पहला गाड़ी को लिया जिसे उपहार स्वरूप चांदी का सिक्का दिया गया। मौके पर राजेंद्र वर्णवाल,रीता देवी, नितेश वर्णवाल, शैलेश सिंह, मनोज कुमार,शम्भु प्रसाद,विजय पांडेय,सरयू ठाकुर, सुजीत वर्णवाल,प्राण कुम्हार,प्रभु लाल इत्यादि उपस्थित हुए।

### होटल शिवम इन में बजट पर चर्चा, सांसद जयंत सिन्हा ने पूछे गये सवालों का दिया जवाब, कहा

# आनेवाले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी भारत की अर्थव्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** होटल शिवम इन के सभागार में रविवार को आम बजट 2023-24 पर चर्चा का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। बतौर मुख्य वक्ता हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रौशनलाल चौधरी, दिलीप दांगी, रंजीत सिन्हा, प्रकाश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रंजन फौजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात सांसद जयंत सिन्हा ने आम बजट 2023-24 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में एनडीए की सरकार बनी थी उस समय हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में 8वें नंबर थी।

वर्तमान समय में हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की अर्थवस्था 2 लाख 75 हजार करोड़ की है। जिसमें केंद्र सरकार का योगदान 15 प्रतिशत है। दो तिहाई योगदान निजी क्षेत्र का है। इसलिए कारण निजी क्षेत्र


चर्चा में शामिल सांसद जयंत सिन्हा।

अर्थव्यवस्था के लिए अहम है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष में सरकार का खर्च 45 लाख करोड़ है, जबकि आय 27 लाख करोड़ है। बताया कि बजट घाटा 18 लाख करोड़ का है। कहा की घाटा से निपटने को लेकर सरकार द्वारा कई कदम उठाये जाते हैं। सांसद श्री सिन्हा ने बताया रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनियाभर में विकट स्थिति है। युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ गए । बावजूद इसके दो वर्ष के कोविड काल और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में भी भारत की स्थिति सुदृढ़ है। जो केंद्र सरकार की नीतियों का परिणाम है। कहा कि आम बजट 2023-24 की विशेषताओं के कारण पूरे विश्व में इसकी प्रशंसा हो रही है। इसे दूरदर्शी बजट करार दिया जा रहा है। जिसमें सभी क्षेत्रों का ख्याल रखा गया है। बजट में समाज के पिछड़े वर्ग, प्रधानमंत्री आवास योजना, युवाओं, लघु उद्योग, फ इनेंस को बढ़ावा एवं इन्सफ्राक्टर के लिए पर्याप्त प्रबंध किये गये हैं। ताकि देश में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, व्यापार आदि क्षेत्रों का विकास बेहतर तरीके से हो और उसका लाभ देश वासियों को मिले। सांसद जयंत सिन्हा ने बताया कि देश में सोलर आधारित परियोजनाओं के लिए ग्रीन ग्रोथ को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है और इसके लिए 35 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। ताकि सोलर आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि देश के विकास की यही रफ्तार रही तो अगले 4 वर्ष में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा।

**ये थे मौजूद :** कार्यक्रम में डॉ के चंद्रा, नंदकिशोर गुप्ता, मनोज मंडल, डॉ दिनेश कुमार, डॉ शरद जैन, विजय मेवाड़, डॉ सुधीर आर्या, डॉ सांत्वना शरण, मनोज मंडल, पंकज वर्णवाल, सत्यजीत चौधरी, विनय सिंह, सरोज सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव, सहदेव ठाकुर ऋषिकेश सिंह आदि कई लोग मौजूद थे।

## इवीएम का द्वितीय रैंडमाइजेशन संपन्न


उपस्थित अधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर रविवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक डॉ हीरा लाल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों/ प्रत्याशियों की उपस्थिति में ईवीएम( कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, विविपैट) का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया।

### बरही विधायक ने सड़क मरम्मतीकरण का किया शिलान्यास

## विकास के लिए किसी धर्म संप्रदाय के सहारे की जरूरत नहीं : उमाशंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने करसो पंचायत के एनएच-33 से लेकर डुमरडीह तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क की प्रकालित राशि एक करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से 4.63 किमी लंबी बननी है। जिसका विधिवित शिलान्यास नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन रामजनम सिंह व पंचायत अध्यक्ष बलराम कुमार ने किया। शिलान्यास के दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि विकास के लिए किसी धर्म सम्प्रदाय या जाति की जरूरत नही होती है। सड़क के मरम्मती


सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास करते विधायक व अन्य।

का कार्य संवेदक वरुण कंस्ट्रक्शन की ओर से किया जाएगा। विधायक श्री अकेला ने कहा कि यह सड़क वर्षों पूर्व बनाई गई थी, हालत काफी जर्जर है। ग्रामीणों ने मरम्मत की मांग की थी। विधायक ने संवेदक को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों ने डुमरडीह से बरहीडीह आधे किलोमीटर की दूरी शेष बच जाता है, जिससे ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में परेशानी होती है। उन्होंने विधायक से मांग किया कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण करवाया जाए तांकि लोगों को आवागमन में सुविधा हों। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, अशोक सिंह, कनीय अभियंता रामप्रसाद बुराई, एई सतीश चंद्रा, संवेदक ललन मेहता, पंचायत अध्यक्ष बलराम सिंह, कांग्रेसी नेता महेश यादव, अर्जुन यादव, अशोक सिंह, शंकर राम, बैजनाथ यादव, झरी महतो, रविंदर सिंह, जीबलाल राणा, कैलाश राम, बिरेंदर राणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**एक नजर में**

## विष्णुगढ़ में बकाश्त भूमि पर लोचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** एक ही जिले में प्रखंडो के लिए अलग अलग भूमि सम्बंधित कानून लागु है। जी हां आप सही समझ रहें है हजारीबाग जिले के अंचलो की भूमि सम्बंधित नियम और कानून एक नहीं है।

शायद ऐसी व्यवस्था सरकारी अफसरों को खुद नियम बनाने और लागु करने की आजादी के लिए स्थापित की गई हो और वो नियम ट्रिपल 'पी' (पैसा,पावर, पद) वाले को छोड़ कर केवल आम नागरिकों पर सख्ती से लागु है` ऐसा इसलिए कहना लाजमी हो जाता है जब सेम किस्म के जमीन का दूसरे अंचलों में ऑनलाइन, लगान रशीद, म्यूटेशन,एलपीसी खरीद-बिक्री हो रहा हो और वही किस्म के जमीन को विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी द्वारा सरकार का जमीन बता दिया जा रहा हो।

इसकी पुष्टि के लिए भूमि निबंधन विभाग से संपर्क किए जाने पर स्पष्ट होता है की केवल विष्णुगढ़ अंचल इकलौता अंचल है जहां बकास्त जमीन को सरकार का जमीन बताकर ऑनलाइन, लगान निर्धारण रसीद, खरीद बिक्री एलपीसी म्यूटेशन आदि के कार्यों पर रोक है मामले पर भूमि निबंधन विभाग बकाश्त जमीन की खरीद बिक्री की मुहर लगा रही है` लेकिन विष्णुगढ़ अंचल द्वारा रोक है। निबंधन विभाग यह सुनकर आश्चर्य और हतप्रभ हो गया जब अधिकारी से यह सवाल पूछा गया कि बकाश्त जमीन की खरीद बिक्री आपके कार्यालय में की जा रही है या नहीं तब निबंधन विभाग ने खुले स्वर में कहा कि बकाश्त जमीन जमींदार का होता है सरकार का नहीं, वहीं अन्य प्रखंडों के बकाश्त जमीन की रजिस्ट्री होने की भी पुष्टि की। इधर बकाश्त जमीन का ऑनलाइन, रशीद निर्गत पर बैन होने से भू धारकों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जमीन का लगान रसीद निर्गत करने, ऑनलाइन करने की कई बार आवेदन दी गई बावजूद अंचल द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गयो संबंधित मामले पर अंचलाधिकारी का कहना है कि रेंट एसेसमेंट करवा कर लाने के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी` सवाल यह है कि जमीन धारकों द्वारा 2015 तक मालगुजारी रसीद बिष्णुगढ़ अंचल से किया गया है तो फिर पुनः रेंट एसेसमेंट की आवश्यकता क्यों है ?

### आकर्षक बना सूर्य मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सदर विधायक ने लगायी ग्रामीणों के बीच चौपाल

## सनातन धर्म के लिए बनेगा वरदान : मनीष जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** प्रखंड के कंचनपुर पंचायत स्थित ग्राम हेदलाग में हेदलाग तालाब परिसर में नवनिर्मित सूर्य मंदिर प्रांगण में मंदिर के जीर्णोद्धार और तालाब परिसर के सौंदर्यीकरण को लेकर ग्रामीणों संग हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने चौपाल लगाकर चर्चा- परिचर्चा की। इस नवनिर्मित मंदिर के लिए जमीन दान गांव के


ग्रामीणों से बातचीत करते विधायक ।

ही स्व. भुखानी साव ने दिया था। गांव के ही बैकरी व्यवसाई सह समाजसेवी मानकी साव ने ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है। आगामी 26 अप्रैल से 4 मई 2023 तक यहां मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का तिथि निर्धारित किया गया है ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हरसंभव सहयोग करने और करीब साढ़े सात एकड़ में फैले तालाब का गहरीकरण व सौंदर्यीकरण में भविष्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया। कहा की तालाब को सुरक्षित बनाने के लिए मेढ़ पर वृक्षारोपण कराने, सीढ़ी का निर्माण कराने, शौचालय और स्नानागार का निर्माण कराने का भरोसा जताया। मौके पर विशेषरूप से विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, समाजसेवी रामकिशोर सावंत, भैया तरुण, खेमलाल कुमार, महेश यादव, रामचंद्र साव, मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मानकी साव, जीबलाल साव, सुधिर यादव, अंकज ठाकुर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## खड़ा कर दी गयी जलमीनार पर जल है नदारद

**संदीप पांडेय**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के डुमर और खैरा पंचायत में जल समस्या से राहत के लिए जल मिशन द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व कार्य प्रारंभ किया गया था।

जिससे ग्रामीणों में एक आस जगी थी कि वर्षों से जो पंचायत डुमर की जल समस्या है, उससे जनता को निजात मिलेगी। किंतु समस्या का समाधान कब होगा यह एक चिंता की बात है। डुमर पंचायत में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। नलों की लाइन बिछाने के लिए कई माह पूर्व सड़कों की खोदाई कर पाइपलाइन डाल दी गई। आलम यह है कि जहां पक्की सड़कों की खुदाई की गई है वहां पर आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है। गड्ढों में जहां पाईप डाली गई वो भी घटिया किस्म की है कई जगहों पर पाईप डालने के उपरांत पाईप भी फट गई है। केवल कोरम पुरा कर के काम को पुरा किया जा रहा। डुमर के ग्रामीणों ने इस घटिया काम को देखते हुए पिछले महीने ही इस काम को बंद करवा दिया है। दिसंबर माह 2022 में डुमर पंचायत के मायापुर गांव में ढंग से काम ना करने को लेकर वहां कि महिलाओं ने आवाज उठाया था। जिसमें जल-नल योजना के कामगारों के


जल की बाट जोहती जलमीनार।

द्वारा मायापुर की महिलाओं के बीच मारपीट भी हो गया था। मामला थाने तक पंहुचा था।

**क्या कहते हैं बीस सूत्री अध्यक्ष :** इस मामले पर बीस सूत्री अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि जल नल योजना के में ठेकेदार द्वारा लूटने का काम किया जा रहा है। बोरिंग से पानी निकला नही है। उसमें जाली काटकर उससे पानी निकाला जा रहा है।

20 वर्ष पुराना चापाकल का बोरिंग धंस चुका है। गर्मी में पानी सुख जाता है। बीस सूत्री के बैठक में जेई के उपस्थिति में यह निर्देश दिया गया था कि जितने भी जनप्रतिनिधि है उसके उपस्थिति में सभी जगह पानी का जाँच और उसका सत्यापन किया जाएगा। लेकिन अभी तक जाँच नही किया गया है। जलमिनार खड़ा कर के उसका बिल निकाला जा रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए।

### 258 अंकों के साथ उरीमारी परियोजना बनी चैंपियन, 149 अंक पाकर भुरकुंडा परियोजना उपविजेता, सफल खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

## उत्पादन के साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा भी निखारती है सीसीएल प्रबंधन : अजय सिंह

### दो दिवसीय बरका-सयाल क्षेत्र अंतर परियोजना खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**अनुशासन की सीख देता है खेलकूद : मनोज**

प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक ने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू होता है। हारने वाला टीम ही एक न एक जीत का असली स्वाद चखता है। उन्होंने कहा कि बरका-सयाल में बेहतर खिलाड़ियों की कमी नहीं है, सिर्फ तराशने की जरूरत है। श्री पाठक ने कहा कि खेल-कूद हमें शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन की भी सीख देता है।


विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह व अन्य।


झारखंडी नृत्य और गीत के साथ अतिथियों का स्वागत करतीं महिलाएं व युवतियां।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेंट्रल सौंदा मैदान में शुक्रवार से चल रहे दो दिवसीय बरका-सयाल क्षेत्र अंतर परियोजना खेल-कूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ शनिवार की शाम संपन्न हो गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बरका सयाल के जीएम अजय सिंह और विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, बिरसा पीओ डी शिव दास व उरीमारी पीओ दिलीप कुमार को संचालन समिति ने अंग वस्त्र, श्रीफल व बुके देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व छात्राओं द्वारा अतिथियों को झारखंडी गीत और नृत्य के माध्यम से स्वागत करते हुए मंचासीन कराया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने प्रतियोगिता में शामिल उरीमारी, भुरकुंडा, बिरसा, महा प्रबंधक कार्यालय, सयाल डी आदि पर योजनाओं के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि खेलकूद जीवन में नई ऊर्जा देती है। सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में ही हर संभव सहयोग करेगी। श्री सिंह ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर अपने परियोजना का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में उरीमरी परियोजना 258 अंकों के साथ ओवर अल चौंपियन बनी। जबकि भुरकुंडा परियोजना 149 अंकों के साथ उप विजेता बनने का गौरव पाया। वहीं बिरसा 142, जीएम यूनिट 106 और सयाल डी परियोजना ने 50 अंक पाया। विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्राफी और उपहार देकर पुरस्त करते हुए मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि खेलकूद जीवन का अभिन्न अंग है। इसमें हार और जीत लगी रहती है। पारितोषिक वितरण समारोह का संचालन केदार राम और गुरजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बीरेंद्र पासवान, अजय कुमार, संतोष पासवान, श्रीकांत गुप्ता, जेपी सिंह, वरुण कुमार, पीके कुंदन, सुनील कुमार, गंगेश्वर महतो, संभू, गुरदीप, गोराचंद साव, मिस मेरी आदि का विशेष योगदान रहा।

**समापन समारोह में यह अधिकारी और कर्मचारी थे मौजूद**

मौके पर बिरसा मैनेजर रामेश्वर मुंडा, एसओएमएम संजय सिंह, एसओएंडएम अमरेंद्र कुमार, प्रवीण सहारे, आरके प्रसाद, अंकुर विश्वनाथ, श्रमिक नेता ब्रजकिशोर पासवान, संजय मिश्रा, शशि सिंह, उदय मालाकार, अशोक गुप्ता, ड. अशीष कुमार, श्रीकांत गुप्ता, सुखदेव प्रसाद, संजय वर्मा, ललन सिंह, अजीत सिन्हा, अशोक गुप्ता, वासुदेव साव, एस एन प्रसाद, शंभु प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## वाहन जांच के दौरान 10 लाख रुपये किया जब्त, जांच जारी

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विधानभा उपचुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने को लेकर चुनाव आयोग के निदेर्शों के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे पर्यायत कदम उठा रहे हैं। इसके तहत उनके निर्देश पर जिले में विभिन्न स्टेटिक सर्विलांस दल एवं फ्लाइंग स्क्वायड दल का गठन कर कार्रवाई की जा रही है। 12 फरवरी को स्टेटिक सर्विलांस दल द्वारा इसी के तहत चलाए गए जांच अभियान के दौरान एक निजी वाहन की डिक्की से 10 लाख रुपए का कैश बरामद किया गया, जिसे जब्त कर लिया गया है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में डीडीसी की जोड़ी प्रथम स्थान पर

**नशे के गिरफ्त से रिहाई अभियान के तहत गुमला पुलिस द्वारा दो दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित**
**नशापान से परिवार होता है बर्बाद और बढ़ता है अपराध : एसपी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नशे की गिरफ्त से रिहाई कार्यक्रम के तहत गुमला पुलिस के द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय बैंडमिंटन प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता चार कैटेगरी वर्ग में खेला गया। जिसमें ओपन कैटगरी वर्ग में उप विकास आयुक्त हेमंत सती व राजीव रौशन की जोड़ी प्रथम, मनोज कुमार गुप्ता व मो. तब्रेज की जोड़ी द्वितीय व प्रियांशु सोवी व पवन की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। ऑल डिपार्टमेंट कैटेगरी में सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार व प्रियांशु सोनी की जोड़ी प्रथम, आरक्षी नवीन कुमार महतो व आरक्षी परेंद्र सिंह की जोड़ी द्वितीय एवं एसडीओ रवि जैन व अविनाश नाग की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। वेटरन कैटेगरी 35 से 50 वर्ष उम्र में मो. तब्रेज व मनोज गुप्ता की जोड़ी प्रथम, संजय प्रताप सिंह व महावीर गोप की जोड़ी द्वितीय एवं संदीप कुमार व संजय कुमार की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। वेटरन कैटेगरी 50 वर्ष उम्र में हीरा सोनी व प्रमोद कुमार की जोड़ी प्रथम, शिवजतन व हर्फिंद्र की जोड़ी द्विमीय एवं निरंजन शर्मा व अनिरूद्ध की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि गुमला जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए नशे की गिरफ्त से रिहाई अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले से मादक पदार्थ की बिक्री पर पूरी रोक लगाने व युवाओं के भटकाव को रोकना है। क्योंकि नशा पान अपराध की जननी है। नशापान से जहां परिवार बर्बाद होता है वहीं समाज में अपराध बढ़ता है। प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डीएफओ बेलाल अनवर, एसडीओ रवि जैन, आईएएस आशीष गंगवार, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, सार्जेंट रविंद्र यादव, सार्जेंट अर्जुन महथा व बेडमिंटन खिलाड़ी उपस्थित थे।



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते एसपी।

# शिवरात्रि में अज्ञानता व दुर्गुणों से आदमी हो जाता है मुक्त : भाई

**▶▶ महाशिवरात्रि को ले प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विवि में कार्यक्रम आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शिवरात्रि हमारे लिए हीरे तुल्य है क्योंकि इस समय हम सभी आत्माएं परमपिता शिव के ज्ञान और योग द्वारा अपने अंदर दुख देने वाले काम क्रोध लोभ मोह अहंकार घृणा वेर विरोध मुक्त हो जाते हैं। जिससे हमारा अपना जीवन दैवी गुणों से युक्त हीरे तुल्य बन जाता है। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारी मुख्यालय माउंट राजस्थान से आये हुए बी के भगवान भाई ने कही। वे रविवार को स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

भाई ने परमात्मा के गुणों का वर्णन करते हुए कहा कि शिव परमात्मा गुणों के सागर हैं। ज्ञान के सागर है, प्रेम के सागर हैं और शांति-सुख के सागर हैं। भोलेनाथ को स्वयं को आत्मा समझकर यथार्थ रूप से याद करता है। वह अपनी आत्मा को जन्म जन्मान्तर के लिए पावन बना सकते हैं। उन्होंने कहा की भारत में जितने भी पर्व मनाये जाते हैं, सब किसी न किसी के दिव्य कर्तव्य के यादगार होते है। महाशिवरात्रि पर्व इन पर्वो में अपना अलग और विशेष महत्व रखता है। बी के शांता बहनजी ने कहा की इस दिन पूरे विश्व के शिवमंदिरों में आराधना, पूजा और साधना बड़ी तन्मयता से की जाती है। शिवलिंग-परमात्मा की प्रतिमाः भारत में जितने शिव के मंदिर हैं शायद ही और किसी भी देवी-देवता के हों। भारत में सुप्रसिद्ध मंदिरों में द्वादश ज्योतिर्लिंग प्रसिद्ध है। परमात्मा के अलग-अलग कार्यों के कारण उनको अनेक जगहों पर कर्तव्यवाचक नामों से पुकारा और याद किया जाता है। जिला उपभोक्ता फोर्म के जज ओमप्रकाश पान्डे ने कहा की शिव परमात्मा की शरण आने से ही हमारा उद्धार होगा। परमात्मा की महिमा अनंत है। वह तो देवो में देव महादेव है। उन्होंने अपने जीवन में ध्यान साधना और भक्ति को जागृत करने की बात कही। अजय मंत्री ने कहा कि क्रोध मानव जीवन की सर्वोपरि पराजय है। विश्व की आधे से अधिक समस्याएं क्रोध के कारण बनती है। क्रोध के अंधकार को हजार दीपक दूर नहीं कर पाते। शिवरात्रि अर्थात क्रोध मुक्त बनता है। मंच का संचालन बी के शिव भाई ने व धन्यवाद ज्ञापन बी के विनय भाई ने की।



## 116 स्थानों पर चल रही रात्रिपाठशाला : डॉ उरांव

**भरनो।** डुडिया गाँव स्थित आम बगीचा में रविवार को स्व. कार्तिक उराँव रात्रि पाठशाला का प्रतिभा सम्मान सह वार्षिक समारोह हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व आईजी डॉ अरुण उराँव शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व.कार्तिक उराँव और स्व. बंदी उराँव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में गुमला, रांची और लोहरदगा के स्व. कार्तिक उराँव रात्रि पाठशाला के बच्चों द्वारा रंगारंग नृत्य गीत और अंग्रेजी से भाषण,नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ अरुण उराँव ने कहा की 29 नवम्बर 2014 को मांडर के उचरी गाँव से मात्र 4 बच्चों से इस रात्रि पाठशाला की शुरूआत की गई थी जो आज 116 जगहों पर संचालित है। जिसमे कुल 3000 बच्चे अध्ययनरत हैं। जिन्हें 350 शिक्षकों द्वारा सेवाभाव से मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा की रात्रि पाठशाला में वैसे बच्चे पढ़ते हैं जो दिन में सरकारी या निजी स्कूलों में पढ़ाई करते हैं और रात में रात्रि पाठशाला में जाते हैं। इन बच्चों को गाँव के ही पढ़े लिखे युवक युवतियों द्वारा निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। इसके लिये सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

# दर्जनों युवा झामुमो में हुए शामिल

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में कई राजनीतिक दलों के दर्जनों युवा कार्यकर्ता झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की उपस्थिति में झामुमो में हुए शामिल। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व से राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है। लोग आए दिन सीएम हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरी ताकत के साथ राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अपना प्रत्याशी उतारते हुए जीत सुनिश्चित करने को लेकर अभी से ही कमर कसी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से विपक्षी पार्टियों की रातों की नींद गायब हो गई है। मौके पर अनिल उरांव,अजय उरांव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।वही झामुमो में सामिल होने वालो मे सुरेश कुमार, बसंत कुमार, नरेश कुमार महतो, जयदीप प्रजापति , विजय प्रजापति ,नागेश महतो,सनीचर उरांव, राजू महतो, अल्फ्रेड खालको, सतेंद्र कुमार, पवन महतो ,आनंद कुमार, मुकेश साहू, सनी कुमार, कैलाश कुमार, वाजिद खान, महेश प्रजापति, विनोद कुमार, मुकेश सिंह, अभय कुमार, विनय साहू, राजू साहू, मुकेश,सुनील कुमार शामिल है।



## विधवा महिला के घर तोड़े जाने पर सांसद ने जताया कड़ा विरोध

**गुमला।** बसिया प्रखंड निवासी सीमा तिर्की का घर प्रखंड प्रशासन के द्वारा तोड़े जाने पर सांसद सुदर्शन भगत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के साथ जिला प्रशासन भी सवेंदनहीन हो चुकी है। जहां एक ओर सरकार आदिवासी की हितैषी बनती है। वहीं दूसरी ओर एक निरीह आदिवासी विधवा महिला के घर को प्रशासन जेसीबी लगाकर तोड़ रही है। गौरतलब है कि बसिया प्रखंड में निवास करने वाले स्व. मुकेश मुंडा के घर को तोड़ा गया है। गृहणी सीमा तिर्की ने बताया कि उनके पति की मौत तीन माह पहले ही हुई है। वे बीमारी से झूझ रहे थे। सांसद सुदर्शन ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में प्रशासन का अमानवीय चेहरा झलकता है। घर सरकारी जमीन में कैसे बना इसकी जांच पहले कैसे नहीं हुई और नहीं हुई तो इतने दिन तक प्रशासन कहां थी। ये बड़ा सवाल है या फिर इतने घर के पूर्ण होने के बाद तोड़ना बदले की भावना है। इस मामले में पीड़ित को उचित न्याय मिले।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार और दोषी पदाधिकारी पर कड़ी करवाई करे। जिला प्रशासन तत्काल आश्रित परिवार को आशियाना का प्रबन्ध करे। स्व. मुकेश मुंडा का पीएम आवास स्वीकृत हुआ था। उसे दो किस्त में राशि मिला। जिससे वह घर बनाया था। सीमा तिर्की के अनुसार उसने एसडीओ से भी गुहार लगाई थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ। जबकि सरकार का नियम कहता है किसी ऐसे ब्यक्ति जिसे पीएम आवास मिला हो और किसी कारण वश उसे तोड़ना पड़े तो इसके एवज में उसे तीन डिसमिल जमीन दिए जाने के बाद ही घर तोड़ना है। लेकिन प्रशासन ने ऐसा कोई काम नही किया। जो सवाल के घेरे में हैं।

## महापंचायत को लेकर झानद व भाकपा की बैठक

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व भाकपा (माले) रेड स्टार द्वारा 28 फरवरी को रांची के राजभवन में झारखंड को बचाने और राज्य हित के मुद्दों को लेकर आयोजित महापंचायत की तैयारी को लेकर गुमला कचहरी के पास झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकारों की लूट नीति के कारण झारखंड पूरी तरह लूट राज में तब्दील हो गया है। जिसे बचाने और हमारे पूर्वजों तथा शहीदों के सपनों का खुशहाल झारखंड बनाने के लिए बुलाई गई राजभवन के समक्ष महापंचायत में गुमला जिला से सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं से रांची चलने की अपील भी की ।बैठक में गुमला जिला के घाघरा प्रखंड सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार-अन्याय पर निंदा प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार व पुलिस प्रशासन से महिला उत्पीड़न पर हर हाल में रोक लगाने की मांग की गई ।

# एमबी डीएवी में दयानंद सरस्वती को किया गया याद

**महर्षि जी के जीवन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा ने नेतृत्व में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य सीपी झा के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र -छात्राओं ने स्वामी जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के साथ छात्राओं द्वारा मनोरम भजन प्रस्तुत किया गया।

छात्रा रिधिमा सिंह,किंजल सिंह व चंचल कुमारी ने महर्षि जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन तथा उनके सपनों के भारत को सभी के समक्ष रखते हुए प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया। महर्षि जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ऋग्वेद सदन विजयी रहा। छात्र वेद प्रकाश को सबसे ज्यादा प्रश्नों के उत्तर देने हेतु पुरस्कृत किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में आनंदी कुमारी ने प्रथम, मानसी कुमारी व गीतांजलि कुमारी ने द्वितीय तथा गौरव राज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। रिद्धिमा सिंह को श्रेष्ठ सुवक्ता के रुप में माननीय प्राचार्य द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य सीपी झा ने सभा को संबोधित करते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती के सत्कर्मों व आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहां कि हम भारतीयों को स्वयं पर गर्व होना चाहिए क्योंकि हमने ऐसी धरती पर जन्म लिया है जहां रामायण, महाभारत,वेद, उपनिषद की रचना करने वाले महर्षियों का जन्म हुआ है, जिस देश से 'सर्वे भवंतु सुखिनः' व 'वसुधैव कुटुंबकम' जैसे मूल मंत्रों का जन्म हुआ है। अंत में सभी को महर्षि जी के कथनानुसार धमार्नुसार आचरण करने हेतु प्रेरित करते हुए उन्होंने अपनी वाणी को विराम दिया। कार्यक्रम में परमित कुमार व पूनम सिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।




## स्पीड न्यूज

### कोचिंग सेंटर में क्विज प्रतियोगिता



**कैरो।** कैरो चांदनी चौक में इकरा फाउंडेशन द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर द्वारा रविवार को शिक्षा समाज का दर्पण विषय पर कार्यक्रम हुआ। कोचिंग सेंटर के छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता हुआ। जिसमें सफल प्रतिभागी व टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह बढ़ाने का काम किया। शिक्षक अलीरजा अंसारी ने कहा कि मेहनत इतनी खामोसी से करो कि सफलता बोल पड़े। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए लक्ष्य बना कर योजनाबद्ध तरीके से कड़ी मेहनत करे सफलता अवश्य मिलेगी।हमे वैसी शिक्षा प्राप्त करनी चाहिये जिससे समाज,क्षेत्र,जिला,राज्य देश और दुनिया को भी लाभ मिले। भंडरा थाना के एस आई विकास कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शिक्षा से सफलता मिलती है,हमे संस्कारयुक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करनी चाहिये,गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम को शिक्षक मुबारक हुसैन,समीर अंसारी,किशोरी मोहन शर्मा आदि ने भी संबोधित करते हुए शिक्षा सफलता की कुंजी,शिक्षा के बिना विकास संभव नही,शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है आदि के बारे में बातचीत किये। संचालक सजीबुल अंसारी के द्वारा कोचिंग सेंटर के बारे जानकारी दिया गया। मौके पर जमील अख्तर, जुबैर अंसारी,अख्तर अंसारी,रफीक अंसारी,कुदुश अंसारी,सरवर अंसारी,शकील अंसारी,आफताब आलम,अफरोज अंसारी,रंजन कुमार साहू,नेसार अंसारी, आदि मौजूद थे।

### नाबालिग का अपहर्ता गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा पुलिस ने नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर अगवा करने का आरोपी युवक को गया जक्शन से गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर अगवा करने के आरोप में पुलिस कारवाई के दौरान नवादा जिला अंतर्गत कादिरगंज ओपी थाना क्षेत्र निवासी दिनेश कुमार के पुत्र दीपेन्द्र कुमार को गया जक्शन से सेन्हा थाना पुलिस ने रेलवे के सहयोग से गिरफ्तार कर सेन्हा थाना लाया। और नियम संगत कारवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि दीपेंद्र कुमार को फेसबुक के माध्यम से नाबालिक लड़की से 2 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं नाबालिक लड़की के माता पिता के द्वारा लापता होने का सनहा दर्ज सेन्हा थाना में कराया गया था। इस मामला को लेकर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद संज्ञान में लेते हुए टेक्नोलॉजी के माध्यम से गया जक्शन में होने का सूचना प्राप्त हुआ। थाना प्रभारी के निर्देश पर सआनि राजेश शर्मा नाबालिक लड़की के परिजनों के साथ गया जक्शन से गिफ्तार कर सेन्हा थाना लाया गया। और मेडिकल जांचोपरांत जेल भेजा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी दीपेंद्र कुमार अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### रैयत ने लगायी न्याय की गुहार

**लोहरदगा।** बगडू थाना क्षेत्र के बेटहट सतपारा गांव निवासी भुनेश्वर राम बराई उर्फ वैधनाथ राम बराई ने डीसी को एक ज्ञापन सौंपकर पुल निर्माण में गलत तरीके से उनके निजी जमीन पर गार्डवाल निर्माण करने और उस जमीन पर स्थित दो हरे भरे जामुन पेड़ काटने का आरोप लगाया है।ज्ञापन में कहा गया है की ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा निविदा के माध्यम से बेटहट सतपारा से ओयना टोंगरी जाने वाले पथ में पुलिया एवं गार्ड वाल का निर्माण संवेदक राजेश अग्रवाल के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें भुनेश्वर राम बराई के निजी जमीन का खाता-191 प्लॉट- 1266 के आंशिक भाग एवं खाता सं0- 196 प्लॉट सं0-1261 का भाग पर सड़क एवं गाईवाल बनाया जा रहा है। उनके द्वारा मना करने पर भी काम को बन्द नहीं करते हुए जबरदस्ती निर्माण किया जा रहा है तथा जमीन पर अवस्थित हरा जामुन का दो पेड़ को भी काट दिया है।

### आजीविका संकुल संगठन की बैठक

**भंडरा ।** बस्ती के भौरों मोड़ स्थित महिला संकूल संगठन मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बैंकिंग लेन-देन, ऋण लेने, बचत करने, बही संधारण, मासिक बैठक करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जानकारियां दी गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बीपीएम विजय प्रसाद ने कहा कि महिलाएं ग्राम संगठन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इसके लिए महिला समूह बैंक से ऋण लेकर स्वरोजगार को अपना सकते हैं। बैठक के उपरांत बताया गया कि बैंक से लेन-देन किस प्रकार करना है। ससमय बैंक से लेन-देन करने पर काफी सहयोग मिलता है। वहीं नियमित रूप से बैठक कर खाता-बही का संधारण करने की बात कही गई। बैठक में बताया गया कि महिलाएं रोजगार से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ कर सकती हैं। संकुल संगठन के सदस्यों को बताया गया कि किस प्रकार संकुल संगठन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया की प्रत्येक गांव में ग्राम संगठन का गठन कर महिला समूह के सदस्यों को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में रेणुका देवी,पुष्पा लिली तिर्की, मैनेजर अमन मिश्रा सहित भंडरा आजीविका संकुल संगठन के सदस्य मौजूद थे।

### तीन सगे भाई-बहन लापता

**भंडरा ।** वुडका टाइन टोली निवासी जुबी उरांव एवं उसकी पत्नी नीलम किंडो ने भंडरा थाना में आवेदन देकर 3 बच्चों की गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बच्चो को खोजने की मांग दंपति के द्वारा की गई है। इस संबंध में जूबी उरांव उसकी पत्नी नीलम किंडो ने बताया कि दोनों व्यक्ति अपने संबंधी के घर नरोली मेहमान गए थे। नरौली से वापस लौटने में दो-तीन दिन लेट हो गया ।इसी क्रम में उनके उनके बच्चे रूपा कुमारी उम्र 13 वर्ष, रुपेश उरांव उम्र 12 वर्ष, रूपरानी उरांव उम्र 7 वर्ष घर से कहीं चले गए। जिस खोजने के क्रम में पता चला कि तीनों बच्चे दो दिनों तक भैसमुंदो गांव में उनके के संबंधी के घर में थे। परंतु 2 दिनों बाद तीनों बच्चे वहां से निकल कर कहीं चले गए ।2 दिनों तक बच्चों की खोजबीन करने के बाद दंपति के द्वारा भंडरा थाना को आवेदन देकर बच्चों को खोजने मे मदद की गुहार लगाया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि इस दंपति के द्वारा लिखित आवेदन दी गई है। पुलिस गुम हुए बच्चों को खोजने का प्रयास कर रही है।

## एक नजर में

### मंडलों को ले गायत्री शक्तिपीठ की बैठक



गुमला। गायत्री शक्तिपीठ बड़ाईक मुहल्ला गुमला में शांतिकुंज हरिद्वार से आए निर्देशों के अनुसार जिला एवं प्रखंड स्तर पर समितियों का गठन करने हेतु विचार गोष्ठी रविवार को हुआ। महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मदेव कुमार ने की। बैठक में प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल, युवा मंडल, संस्कृति मंडल, भारतीय ज्ञान परीक्षा मंडल आदि का प्रखंड एवं जिला स्तर पर गठन हेतु विस्तार से चर्चा करते हुए प्रज्ञा मंडल हेतु समन्वयक एवं उप समन्वयक हेतु नामों का चयन किया गया। जिसमें पालकोट से प्रमोद कुमार साह, कृष्णा प्रसाद, गुमला से प्रमोद कुमार सिंह, हरिंद्र कुमार साव, सिसई से नंदलाल साह, हरिहर जयसवाल,भरनो से फौजदार पांडे, बसिया से हरिगोविंद सिंह, कामडारा से पंचू साव, लालधारी साव, घाघरा से विश्वनाथ जयसवाल, रमेश साव एवं गुमला जिला समन्वयक ब्रह्मदेव कुमार एवं उप समन्वयक किशुन सिंह एवं अशोक साह का चयन किया गया। अन्य मंडलों के समन्वयक एवं उप समन्वयक की घोषणा बहुत ही जल्द कर लिए जाने का निर्णय लिया गया। चयनित सदस्यों के अलावे विचार गोष्ठी में परिवार्जक बलिराम भगत, लक्ष्मी विश्वकर्मा सुनील कुमार दास प्रतिमा देवी अनीता देवी अरविंद सिंह सीमा देवी सुशीला देवी मंगल प्रसाद आरुषि सिंह सरस्वती सिंह लालमोहन सिंह माला देवी केसरी देवी ऋषिराज ठाकुर संजू देवी इत्यादि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में बच्चे की मौत

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के चपका ढलान के समीप रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में 13 वर्षीय नाबालिक बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घाघरा ग्राम निवासी रामप्रसाद ठाकुर का पुत्र 13 वर्षीय पवन ठाकुर सुबह में स्कूटी लेकर शौच करने के लिए नदी की ओर जा रहा था। इसी दौरान चपका ढलान के समीप सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर जाकर सीधी टक्कर मारी दी। जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घायल अवस्था में पवन को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। गुमला में इलाज के दौरान पवन की मौत हो गई। जिसके बाद शव को दोपहर 2 बजे घाघरा स्थित घर लाया गया।

### शिवरात्रि पर निकाली जायेगी भव्य शिव बारात

**गुमला।** 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर श्मशान घाट समिति पालकोट रोड गुमला द्वारा भव्य व आकर्षक शिव बारात, निकालने का निर्णय लिया गया है साथ ही भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए सभी हिंदू धर्मवम्बलीयो से शिव बारात में शामिल होने का आग्रह किया गया है। इसके लिए समिति द्वारा आवश्यक बैठक की गई। जिसमें समिति के भगवान सिंह, रिया राम, अमित पूरी को आवश्यक जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से अशोक त्रिपाठी अनिल सिंह, अरविंद मिश्रा, संतोष दिवान,प्रसुन्न मिंज, प्रदीप सिंह, मुकेश सोनी आदि उपस्थित थे।

### कंपनी से रॉयल्टी जमा कराने की मांग

**गुमला।** आरकेडी कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण को लेकर बरिसा टोंगरी में किये जा रहे पत्थर उत्खन्न को लेकर पूर्व वार्ड आयुक्त राजेंद्र गुप्ता ने एसडीओ को ज्ञापन सौंप है। ज्ञापन के माध्यम से राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आरकेडी कंपनी के द्वारा गुमला से पलमा तक सड़क निर्माण कार्य के लिए पत्थर का बड़े पैमाने पर उत्खन्न किया जा रहा है। लगभग 35 से 40 फीट पर पत्थर तोड़ा जा रहा है और रेड़वा स्थित प्लांट में डंफ किया जा रहा है। राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कंपनी के द्वारा खनन को लेकर रॉयल्टी जमा किया गया है कि नहीं इसकी जांच होनी चाहिए। क्योंकि खनन स्थल से दूसरे स्थानों पर भी चिप्स भेजा जा रहा है। वहीं सड़क निर्माण में रैयतों के अधिग्रहित भूमि का तत्काल मुआवजा देने की अपील की है।

### जारी : कुएं में डूबने से महिला की मौत

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली निवासी एतवा चीक बड़ाईक की की पत्नी 70 वर्षीय बिरसी देवी की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जानकारी देते हुए पति एतवा ने बताया कि काफी दिनों से दिमागी हालत ठीक नहीं था। कल घर में अकेली थी और मैं भीखमपुर बाजार से देर शाम लौटा तो देखा कि बिरसी घर में नहीं थी। पूरे गांव में खोजने के बाद थक हारकर घर पहुंचा। जहां आज सुबह घर से पीछे कुएं में उसकी लाश दिखाई पड़ी। जहां ग्रामीणों को सूचित करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कुंए से निकालने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### चौपाल में किसानों को दी योजनाओं की जानकारी



**गुमला।** गांव में चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की नीति व योजनाओं की जानकारी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा ग्रामीणों को दिया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के द्वारा किसानों को दी जाने वाले किसान सम्मान निधि की जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि हर वर्ष खेती करने के लिए किसानों को केंद्र सरकार अच्छी रकम सीधे उनके खाते में भेजती है। किसान की आय दुगनी करने के लिए केंद्र सरकार लगरतार नीतिगम फैसला ले रही है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, जिला प्रभारी विजय साहू, जिला अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद साहू, जिल महामंत्री मनीष हिंदुस्तान, मीडिया प्रभारी सुभाष जयसवाल, मुखिया मीना देवी और जिला उपाध्यक्ष किशन बड़ाईक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि मेला को ले कार्यों का बंटवारा



डुमरी। बाबा टांगीनाथ धाम परिसर में रविवार को महाशिवारात्रि पर्व को लेकर मेला सह विकास समिति की बैठक संतोष साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूर्व विकास समिति, नवगठित मेला समिति एवं कार्यकारिणी समिति के लोग शामिल हुए। बैठक में महाशिवरात्रि मेले की विधि व्यवस्था को लेकर विभिन्न कार्यों का बंटवारा किया गया एवं चयनित पदाधिकारियों को कार्य की जिम्मेवारी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से गेट, बैरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल सहित विभिन्न कार्यों के सफल संचालन हेतु वोलेंटियर्स की नियुक्ति की गई। मौके पर गोविंद सिंह, अरविंद सिंह, चंद्रमोहन केशरी, विकास कवर, बीरेंद्र जयसवाल, उदय गुप्ता, विजय भगत, सुदामा सिंह, गणेश साहू, श्रवण भगत, सिकंदर ताम्रकार, नीतीश कुमार केशरी, रघुनाथ यादव, प्रदीप प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टाइल्स और सैनिटरी लदे पिकअप की चोरी

**घाघरा।** नेतरहाट रोड स्थित मां टाइल्स एंड सैनिटरी दुकान के बाहर से शनिवार की रात्रि टाइल्स लदे पिकअप की चोरों ने चोरी कर ली।थाना में लिखित शिकायत की गई। मां सेनेटरी दुकान के संचालक संतोष साहू ने बताया कि शनिवार को रांची स्थित बूटी मोड़ से दुकान में बेचने के लिए टाइल्स व सेनेटरी का सामान पिकअप में लेकर घाघरा दुकान पहुंचा था। जहां देर शाम होने के कारण सुबह समान खाली करने की बात कह पिकअप को दुकान के बाहर खड़ा कर दिया। लगभग 12 बजे रात को पिकअप के स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद संतोष अपना दरवाजा खोला जैसे ही बाहर निकला टाइल्स लदा पिकअप को लेकर चोर भागने लगे। संतोष ने यह भी बताया कि चोर के पास सफेद रंग का कार था। कुछ लोग कार से भागे और कुछ लोग पिकअप ले कर भागे।

स्पीड न्यूज

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : सरयू राय

**जमशेदपुर।** बागुनहातु फुटबल मैदान विकास भवन परिसर में युवा जन सेवा समिति के तत्वावधान मे पुलवामा शहिदों की स्मृति में एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय, विशिष्ट अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। सभी ने पुलवामा शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संस्था की ओर से 133 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया गया। इस दौरान टीएसपीडीएल हेड शेखर झा, अखिलेश पांडेय, बंटी सिंह, रतन महतो, जूगुन पांडे, पारसनाथ मिश्रा सहित अन्य वरीय उपस्थित रहे। इस मौके पर सरयू राय ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान कर एक युवा कई लोगों की जान बचा सकता है। हमें आगे बढ़कर रक्तदान में अपना योगदान देना चाहिए। मौके पर मंगल कालिंदी ने कहा कि इस शिविर में रक्तदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा गया.प्रयास रहना चाहिए कि खून की कमी से किसी की मौत न हो।

## समाचार पत्र विक्रेता एसपी सिंह का निधन



**गम्हरिया।** छोटा गम्हरिया निवासी समाचार पत्र विक्रेता सिध्देश्वर प्रसाद सिंह (55) की रविवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। विगत तीस वर्षो से वह गम्हरिया क्षेत्र में समाचार पत्र बिक्री करता था। साथ ही, भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता भी था। उनके निधन की खबर पाकर कई अखबार विक्रेता,हकर और भाजपा कार्यकर्ता उनके घर पहुंचे और उन्हें अंतिम विदाई दी। रविवार को ही उनका अंतिम संस्कार पार्वती घाट में कर दिया गया। वह अविवाहित थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं सांसतिक संस्था भायली महिला मण्डल द्वारा रविवार सुबह रॉकी मैदान सोनारी मे नि:शुल्क मधुमेह एवं रक्त-चाप स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 लोगों की जांच की गई। इसे सफल बनाने मे अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव रंजना केडिया, ड मोहन्ता, महाबीर अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, वंदना जैन, मीरा अग्रवाल, विनीता खिरवाल, मीनू अग्रवाल, राधा अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, काजू अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## माले का महाधिवेशन 15 से 20 तक पटना में

**जमशेदपुर।** भाकपा माले का 11 वां महाधिवेशन 15 से 20 फरवरी तक बिहार की राजधानी पटना में आयोजित किया जा रहा है। यह महाधिवेशन माले के संविधान के अनुसार हर 5 साल बाद होता है। महाधवेशन के पूर्व 15 फरवरी को पटना में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। यह जानकारी माले नेता ओमप्रकाश सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि इस बार महाधिवेशन का नारा है : फासीवाद मिटाओ ,लोकतंत्र बचाओ , शहीदों के सपनों का भारत बनाओ।

## समाजसेवी मौसमी दास ने कुष्ठाश्रम में बांटे फूड पैकेट

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस स्थित कुष्ठ आश्रम में रविवार को मौसमी दास की अध्यक्षता में सबुज बांग्ला ट्रस्ट द्वारा 46 जरुरत मंद में पैकेट वितरण किया गया।

## केकेसी महानगर के अध्यक्ष बने प्रकाश वर्मा

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेश पांडेय के केबल टाउन स्थित आवासीय कार्यालय में केकेसी के महानगर पदाधिकारियों की बैठक रविवार शाम को महानगर अध्यक्ष मनिष चंद्रवंशी के नेतृत्व में आयोजित की गयी।

# टाटा स्टील के नोआमुंडी आयरन ओर माइन ने एमइएमसी सप्ताह में छह पुरस्कार जीते

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ जमशेदपुर।** झारखंड में टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन ओर माइन ने भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), रांची क्षेत्र के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित 29वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (एमईएमसी) सप्ताह, 2021-22 में छह पुरस्कार जीते हैं।




अवार्ड ग्रहण करती टाटा स्टील की टीम।

नोआमुंडी आयरन ओर माइन को ए-1 ग्रुप अफ माइंस के तहत ओवरअल सेगमेंट, अफरेस्टेशन और मिनरल बेनिफिसिएशन में विजेता घोषित किया गया। इसी प्रकार, माइन को ए-1ग्रुप अफ माइंस के तहत अपशिष्ट डंप प्रबंधन और व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास में उपविजेता घोषित किया गया।

इसके अलावा, स्टल प्रदर्शनी में नोआमुंडी आयरन माइन को द्वितीय पुरस्कार मिला।

टाटा स्टील के अधिकारियों ने पंकज कुलश्रेष्ठ, चीफ कंट्रोलर अफ माइन्स (आई/सी), आईबीएम से पुरस्कार प्राप्त किया, जिन्होंने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर खनिज संरक्षण, पर्यावरण निगरानी, सतत विकास और प्रचार एवं प्रसार सहित विभिन्न श्रेणियों में कुल 79 पुरस्कार दिए गए।

सभा को संबोधित करते हुए कुलश्रेष्ठ ने कहा, हालांकि अन्य क्षेत्रों की तुलना में रांची क्षेत्र अयस्क के प्रचुर भंडार में समृद्ध है, लेकिन यहां आयरन और स्टील की कम निर्माण इकाइयां हैं। अधिक खानों की खोज पर ध्यान देने के साथ-साथ हमारे देश के विकास में योगदान देने के लिए, ऐसी और इकाइयों की स्थापना के बारे में सोचने का समय आ गया है।

इस अवसर पर अन्य लोगों में डा वाईजी काले, खान नियंत्रक, पूर्वी क्षेत्र, आईबीएम, अतुल कुमार भटनागर, महाप्रबंधक (ओएमक्यू), टाटा स्टील, जयदीप दासगुप्ता, कार्यकारी निदेशक, सेल, शिरीष शेखर, चीफ, नोआमुंडी आयरन माइन, टाटा स्टील, प्रतीक गुप्ता, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हिंडाल्को लिमिटेड, संजीत कुमार आद्या, हेड, अपरेशंस, नोआमुंडी आयरन माइन और राज्य भर की विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल थे।

टाटा स्टील दुनिया भर में फैले अपने संचालन के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित, कंपनी उन्नत तकनीकों के माध्यम से कच्चे माल की दक्षता और संरक्षण सुनिश्चित करती है।

# कौम में शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस करेगा सीजीपीसी : भगवान सिंह

### झारखंड सिख विकास मंच ने किया सीजीपीसी के नये अध्यक्ष का अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड सिख विकास मंच की बैठक दलबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई और सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्य समिति गठन पर प्रशंसा व्यक्त की गई। इस अवसर पर सीजीपीसी के नये अध्यक्ष भगवान सिंह का अभिनंदन भी किया गया।



भगवान सिंह का अभिनंदन करते गुरदीप सिंह पप्पू व साथी।

बैठक में उपस्थित मंच के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि सरदार भगवान सिंह सभी योग्य लोगों को समुचित योग्य स्थान सीजीपीसी की कमेटी में दिया है और इसके माध्यम से एकता और पंथ हित का अपना संदेश भी दे दिया है। उम्मीद है कि पंथ और कौम के हित में भगवान सिंह कठोर और बड़े फैसले लेंगे जो आने वाले समय के लिए नजीर बनेगा। मानगो गुरुद्वारा साहिब में उनके कार्यकाल में जहां उन्होंने नई पीढ़ी को पंथ के साथ जुड़ा है और शिक्षा की ओर विशेष ध्यान दिया है। आज समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है और भगवान सिंह के नेतृत्व में सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अवश्य सफल होगी।

मंच केंद्रीय अध्यक्ष गुरदीप सिंह पप्पू को संरक्षक बनाए जाने पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रति आभार भी जताया गया। बैठक में हरजिंदर सिंह रकी, कुलविंदर सिंह, अवतार सिंह स, जसवीर सिंह, कुलदीप सिंह, जोगिंदर सिंह, रविंदर सिंह, जसवंत सिंह त्रिलोचन सिंह आदि ने भी विचार रखे।

## बर्मामाइंस और बिरसानगर क्षेत्र भ्रमण पर निकले विधायक सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने आज प्रातः अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बर्मामाइंस स्थित विनोभा आश्रम, श्रीराम आश्रम, हिंद आश्रम के साथ ही आस पास के क्षेत्र का भ्रमण किया इसके पश्चात संध्या में बिरसानगर, जोन नं. 1 'बी', बिरसानगर माछ पाड़ा क्षेत्र का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से मुलाकत की और उनकी समस्याओं को जाना। लोगों ने बताया कि वे काफी समय से विकास के कार्यों से वंचित थे। उन्होंने विधायक राय को बताते हुए धन्यवाद दिया कि उनके माध्यम से क्षेत्र में काफी काम कार्य हुए हैं जो कार्य शेष रह गये हैं उसे भी शीघ्र पूर्ण करवाने का अनुरोध किया। विधायक श्री राय ने बताया कि उनके विधायक बनते ही पूरे



क्षेत्र भ्रमण करते विधायक सरयू राय।

विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से काफी समस्याओं की जानकारी मिली। बारी बारी से सभी कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। विधायक श्री राय ने कहा कि उनकी समस्याओं को चिन्हित कर लिया गया है शीघ्र ही इसका समाधान होगा। भ्रमण के दौरान भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, सुधीर सिंह, अमित शर्मा, एम चन्द्रशेखर राव, पी विजय कुमार, दुर्गा राव व अन्य शामिल थें।

## एक नजर में

### ब्रम्हाकुमारीज विजया गार्डेन में त्रिमूर्ति शिव जयंती मनायी



**जमशेदपुर।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज विजया गार्डेन, बारीडीह, सेवा केन्द्र शाखा के द्वारा महाशिवरात्रि 87वीं त्रिमूर्ति शिव जयन्ती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री कुणाल षाड़ंगी ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया तदुपरांत विशिष्ट अतिथि प्रभात खबर के स्थानीय संपादक श्री संजय मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के बारीडीह मंडल के मिडिया प्रभारी श्री प्रमोद मिश्रा एवं श्री रवि सिंह, राजवन्ती बहन, कदमा सेन्टर की संजु दीदी एवं गंगा बहन शिव आरती में सम्मलित हुए। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि श्री कुणाल षाड़ंगी ने त्रिमूति शिव जयन्ती के पावन अवसर पर अपने वक्तव्य में शिव जी की महिमा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन बहन हरिन्दर कौर ने किया, इस अवसर पर विजया गार्डेनस एवं आस पास के काफी संख्या में प्रबुद्ध जन महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया।

### साकची के बाराद्वारी में खुला उज्जवल ओरल एंड डेंटल केयर



**जमशेदपुर।** साकची के बाराद्वारी टेलीफोन एक्सचेंज रोड (डिस्कवरी डायग्नोस्टिक्स के पास) में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस डेन्टल क्लिनिक उज्जवल ओरल एंड डेंटल केयर का शुभारंभ रविवार की शाम को कोल्हान के पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर डेंटल केयर के संचालक डॉ विशाल लोधा एवं डॉ सुमन लोधा ने बताया कि यहां इंट्रा ओरा स्कैनर, डिजिटल ओपीजी, फुल माउथ एक्स रे, डिजिटल मुस्कान डिजाइनिंग, दंत्य प्रतिस्थापन सिंगल विजिट आरसीटी समेत एक ही छत के नीचे सभी डेंटल सुपर स्पेशलिटी उपचार की सुविधा हैं। मालूम हो कि डॉ विशाल लोधा एवं डॉ सुमन लोधा द्वारा यह क्लिनिक पहले झा निवास न्यू बाराद्वारी में संचालित था। इस शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता कुणाल षाड़गी, समाजसेवी अशोक भालोटिया, अरूण बांकरेवाल, सुरेश सोथालिया, पंकज छावछरिया, विवेक चौधरी, अभिषेक अग्रावल गोल्डी, पीएन मिश्रा, चन्द्रदेव सिंह राकेश समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### समाजसेवी आकाश महतो दिल्ली में युगानुंगूंज सम्मान 2023 से सम्मानित



**गम्हरिया।** ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के झारखंड प्रमुख संमाजसेवी सह पर्यावरणविद् आकाश महतो को दिल्ली में युगानुगूंज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विदित है कि आकाश महतो पीरियड्स आफ प्राइड पहल के तहत मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के बारे में किशोर, ग्रामीण और झुग्गी, झोपड़ी में रह रही किशोरियों और महिलाओं को शिक्षित कर वर्जनाओं को तोड़ रहे हैं। साथ ही, उन्हें बेहतर मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन हेतु जागरूक कर रहे हैं। गम्हरिया प्रखण्ड के नेंगटासाई ग्राम निवासी आकाश महतो अपने गाँव व आसपास के क्षेत्रों में भी माहवारी स्वास्थ्य के हालात देखकर उन्हें अपनी माँ से समाज में बदलाव लाने की प्रेरणा लेकर ग्रीन पेंसिल फाऊंडेशन के संस्थापक सैंडी खांडा के साथ मिलकर इस पहल के तहत कई अन्य सामाजिक कार्यों को भी कर रहे हैं।

### बेनाशोल में शहीद दिलीप बेसरा की स्मृति में रक्तदान शिविर 16 को

**जमशेदपुर।** देश के लिए जम्मू कश्मीर के कारगिल युद्ध में अपनी जान की आहुति देने वाले वीर शहीद दिलीप बेसरा की 41वीं जयंती समारोह पर आगामी दिनांक 16 फरवरी 2023 गुरुवार को मुसाबनी प्रखंड के बेनाशोल पंचायत भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । यह शिविर प्रातः 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा । इस शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला विधानसभा के विधायक रामदास सोरेन के हाथों किया जाएगा । यह जानकारी 69वीं बार के आदिवासी रक्तदाता जमशेदपुर निवासी राजेश मार्डी एवं शहीद दिलीप बेसरा के पिता सिंगराई बेसरा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी हैं । रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा और जरूरत के समय उन्हें रक्त भी उपलब्ध कराया जाएगा । इस शिविर में सभी सक्षम युवा, छात्र, प्रबुद्ध नागरिक तथा बड़ी संख्या में महिलाओं से शामिल होने की अपील की गई है ।

### आनंद मार्ग के गदड़ा आश्रम में मनाया गया नीलकंठ दिवस

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आनंद मार्ग आश्रम गदरा में नीलकंठ दिवस मनाया गया इस अवसर पर 3 घंटे का ''बाबा नाम केवलम ''अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया, नीलकंठ दिवस के अवसर पर इस अवसर पर आश्रम में लगभग 300 नारायणो को भोजन कराया गया एवं एक चिकित्सा शिविर में ड आशु के द्वारा चिकित्सा कर उचित दवा दिया गया दूसरी ओर सोनारी कबीर मंदिर के पास गदड़ा आनंद मार्ग जागृति में नीलकंठ दिवस के अवसर पर 265 वा मोतियाबिंद अपरेशन के लिए जांच शिविर का आयोजन पुर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया दोनों कैंप मिलाकर लगभग 120 लोगों की आंखों की जांच हुई इसमें लगभग 55 रोगी मोतियाबिंद के लिए चयनित हुए जिनका अपरेशन 16फरवरी एवं 21 फरवरी को पूर्णिमा नेत्रालय में किया जाएगा। पिछले दिनों अपरेशन चयनित लगभग 6 लोगों का निशुल्क अपरेशन कर देर से लगाया गया एवं दवा एवं चश्मा देकर सोनारी घर पहुंचा दिया गया, सोनारी एवं गदरा में नीलकंठ दिवस के अवसर पर लगभग एक सौ लोगों के बीच फलदार पौधे अमरूद, कटहल ,आम ,आंवला, पपीता एवं छोटे पौधे फूल के भी वितरित किए गए ।

### एमओ एकेडमी में छात्र-छॉत्राओं के लिए परीक्षा जागरुकता कार्यक्रम




**जमशेदपुर।** जाकिरनगर के एमओ.एकेडमी के सैयद सुलेमान नदवी सभागर मे दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा जागरूकता व काउंसेलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम मे मैट्रिक की परीक्षा की तैयारी कैसे करें , इस पर उपस्थित वक्ताओं ने बच्चों को टिप्स दिए। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की डा.शहला जबीं ने कहा कि बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार विषयों का चुनाव करना चाहिए ताकि उन विषयों मे बच्चों की रुचि बढ़े। डा.निधि शरीवास्तव ने छात्राओं को मोबाइल पर चौटिंग करने से मना किया ताकि मानसिक व शारीरिक विकास मे वृद्धि हो। प्रो.अब्दुल रहमान ने कहा कि अल्लाह ने मनुष्य को दुनिया मे अपना खलीफा बना कर भेजा है।

## नौ सूत्री मांगों को लेकर मोहराबादी मैदान में धरना देगा विश्वकर्मा समाज



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के साथ विकास राणा, रामविलाश शर्मा, सुजीत शर्मा, अर्जुन शर्मा व अन्य।

**जमशेदपुर।** झारखंड के विधानसभा सभागार में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की बैठक प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में सम्मपन हुई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश के लगभग सभी जिला के प्रतिनिधियों ने भाग लिए। बतौर मुख्य अतिथि रांची के विधायक सी पी सिंह और भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित हुए।

इस बैठक में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का 9 सुत्री मांगो को लेकर एक दिवसीय घरना प्रदर्शन करने पर सहमति बनी जो रांची स्थित मोहराबादी मैदान में सम्पन होगी जिसे सर्वसम्मति से सभा में पारित किया गया। बैठक में जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों में जिला अध्यक्ष रामविलास शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, जितेन्द्र शर्मा ,महामंत्री सुजीत शर्मा, सहायक महामंत्री महेश शर्मा के अलावे पूर्व जिलाध्यक्ष सह कार्यकारी अध्यक्ष, अर्जुन शर्मा, श्रीमती नीतू शर्मा, संयोजक रितु शर्मा संगठन मंत्री संगीता शर्मा उपस्थित हुए ।

## चाकुलिया प्रखंड के चंदनपुर गांव में लगा फ्री हेल्थ कैंप, 523 मरीजों का हुआ इलाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के चंदनपुर गाँव में आज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ जिसमें 10 डॉक्टरों के द्वारा 523 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय सलाह प्रदान किया गया। डाक्टरों के परामर्श पर मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान किया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भारत सरकार के प्रमुख उद्यम राइट्स लिमिटेड के सहयोग से प्रमुख स्वयं सेवी संस्था सिटिजन्स फाउंडेशन के द्वारा किया गया।



स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन समारोह में बोलते भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा राइट्स लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के प्रयास से पिछले 1 वर्ष में राज्य के इस सीमावर्ती क्षेत्र में 34 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हुआ जिसमें 16 हजार से अधिक गरीब तबके के लोगों का इलाज संभव हुआ। जमशेदपुर स्थित पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकों के द्वारा 81 नेत्र रोगियों का नेत्र जांच किया गया, जिसमें 43 मोतियाबिंद से ग्रस्त नेत्र रोगियों का आयुष्मान भारत योजना के तहत पूर्णिमा नेत्रालय में निःशुल्क आपरेशन कराया निःशुल्क आपरेशन कराया जायेगा। कार्यक्रम को भाजयुमो जिला अध्यक्ष रंगलाल महतो, सुमंत श्यामल, हिरनमय पाल ने भी संबोधित किया।

**स्वास्थ्य शिविर में इन डॉक्टरों का रहा योगदान :** डॉ पी सी हेम्ब्रम, डॉ साजन सिंहा, डॉ चम्पाई सोरेन, डॉ किरण सिंह, डॉ नवीन लोधा, डॉ नीरज मिश्रा , डॉ अर्चना गिरि, डॉ शान्तनु महापात्रा, डॉ प्रकाश राय तथा पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकों ने योगदान किया।

## अमलगम स्टील समेत प्रदूषण फैलाने वाली अन्य कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गम्हरिया।** प्रखंड के रापचा पंचायत अंतर्गत पिंड्राबेड़ा गांव में आदिवासी भूमि रक्षा समिती के बैनर तले विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में गम्हरिया प्रखंड के पांच पंचायतों के मांझी बाबा, ग्राम प्रधान और हजारों ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों ने अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड समेत प्रदूषण फैलाने वाली अन्य कंपनियों के विरुद्ध अपने पारंपरिक हथियारों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर आदिवासी मूलवासी भूमि रक्षा पार्टी के अध्यक्ष सह मुख्य सलाहकार संग्राम मार्डी ने कहा कि कांड्रा व आसपास के क्षेत्रों में स्थित कंपनियों द्वारा प्रदूषण फैलाए जाने



से क्षेत्र के लोगों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल रही है। क्षेत्र में स्थित नदी, तालाब व कुओं का पानी प्रदूषित हो रहा है। बताया कि अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी प्रबंधन द्वारा मौजा के तिलोपदा एवं पिंडराबेड़ा ग्राम होते हुए अपना निजी सड़क निर्माण, हाईटेंशन बिजली तार व बिजली खंभा गाड़ने का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस बावत स्थानीय संबंधित विभागीय पदाधिकारियों समेत राज्य व केन्द्र सरकार को ग्रामीणों द्वारा पूर्व में ही जानकारी दी गई थी। किन्तु, इस गम्भीर मुद्दे पर अभी तक किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया है। इस मौके पर सुरेश मांझी, सुराई बेसरा, सुनील मार्डी, कालीचरण हांसदा, नरसिंह टुडू, सरांग हेम्ब्रम, नरसिंह टुडू, गुड्डू हांसदा, बुका लोहार, बलराम लोहार, विजयंती टुडू, सुनीता बेसरा, कंचन, ज्योति मार्डी, रतनी मार्डी, सोमबारी देवी, सुनीता टुडू, रबन टुडू, कालीचरण टुडू व अन्य शामिल थें।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस समारोह समिति ने विजेताओं को किया पुरस्कृत



**जमशेदपुर।** आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस 125वीं जयंती समारोह समिति की ओर से मानगो गुरु नानक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह और बुक स्टॉल का आयोजन किया गया। जिसमें नजरिया स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनीशा बोदरा, शिक्षिका लूमा घोष तथा मुख्य अतिथि के रूप में मानगो गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी के महासचिव जसवंत सिंह उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डेमोक्रेटिक रिसर्च स्कलर अर्गेनाइजेशन के अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार महतो ने कहा कि देश और समाज के बेहतरी के लिए व्यक्ति का संघर्ष महत्वपूर्ण है,डिग्री नहीं। वर्तमान समाज में देश का हर एक तबका चाहे वह छात्र, नौजवान, महिला, पुरुष को किसी ना किसी समस्या से ग्रसित हैं। उन्हें अपने हक और अधिकारों के लिए आंदोलन करने और सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नेता जी के विचार आज बहुत ही प्रासंगिक है।

# नशा कारोबार के खिलाफ बारीडीह में निकाली गयी जागरुकता रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्र में नशा के बढ़ते कारोबार पर संस्था दीनदयाल सेवा संघ एवं सामाजिक संस्था कोशिश 'एक मुस्कान लाने की' ने संयुक्त रूप से रविवार को नशीले पदार्थों ब्राउन शुगर, गांजा, डेंडराइट और नशीली दवाओं जैसी चीजों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संस्था एवं राजनीतिक दल से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया।




हल्ला बोल मार्च को संबोधित करते समाजसेवी शिवशंकर सिंह।

सभा को संबोधित करते हुए दीनदयाल सेवा संघ एवं कोशिश एक मुस्कान लाने की के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने कहा कि ब्राउन शुगर, गांजा, डेंडराइट, स्मैक और नशीली दवाओं के उपयोग से युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है और वे अपने लक्ष्य से भटक कर गलत कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में शहर के युवाओं की रगों में नशा बसता जा रहा है। दिनों दिन नशे की जड़ें मजबूत होती जा रही हैं। कभी चोरी छिपे बिकने वाले नशे का सामान, आज गली-मोहल्ले के छोटे दुकानों में धड़ल्ले से बिक रहा है। ऐसे समय में अभिभावक अपने बच्चों पर पूरा ध्यान रखें और उनसे नशे के खतरे एवं समस्याओं पर चर्चा करें। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संस्था ऐसे कार्यक्रम के जरिये विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणाम पर सचेत करेगी।

वहीं, दीनदयाल सेवा संघ के निशांत कुमार ने कहा कि जमशेदपुर शहर के युवा पीढ़ी को तबाह करने के लिए बांग्लादेश की धरती से ब्राउन शुगर एवं गांजा का काला कारोबार साजिश के तहत किया जा रहा है। ऐसे जहरीले नशे का सबसे अधिक प्रभाव युवा वर्ग पर हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे नशीले पदार्थों पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, बिरसानगर भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, आजसू के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, गुरुचरण सिंह बिल्ला, शिंदे सिंह, कुमार अभिषेक, क्रीड़ा भारती के राजीव कुमार, अप्पू तिवारी, ड कविता परमार, अनिशा सिन्हा, लालचंद सिंह, अमर सिंह, रतन महतो, सागर तिवारी, दीनदयाल सेवा संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह व अन्य शामिल थें।

## स्पीड न्यूज

### पथ निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन होगा सुलभ : विधायक



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के बरसैता मेन रोड से भोंगा ग्राम पीसीसी पथ का शिलान्यास पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा किया गया । मौके पर विधायक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर पथ होना जरूरी है। पथ निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन सुलभ होगा। यह पथ एक करोड़ 25 लाख की लागत से डेढ़ किलोमीटर तक बनाया जायेगा। मौके पर भाजपा नेता अशोक तिवारी, बबलु यादव, आनन्द सिंह, कांके मुखिया सरिता देवी, छोटु सिंह, भैरों सिंह, उमेश शर्मा, रंजीत सिंह, अतुल कुमार, अभिषेक कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### चाइल्ड लाइन टीम ने की पोस्टों समेत कई बिंदुओं पर चर्चा



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड ग्राम नावाजयपुर थाना में थाना प्रभारी संजय कुमार की अध्यक्षता में जिला चाइल्ड लाइन टीम ने पुलिस व ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें 1098 के विशेष बातें बताई गई। जिसमें छेड़छाड़, स्पॉन्सरशिप पोस्टों ,कैमरा बाल विवाह, बाल मजदूरी, सोशन हेतु चाइल्ड लाइन टीम ने चर्चा की। बैठक में 1098 टोल फ्री नंबर को सभी ग्रामीण पुलिस को अपने अपने गांव का प्रभार सौंपा गया । कहा कि गया 18 वर्ष के बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत हो या परेशानी हो तो 1098 पर कॉल करेंगे। थाना प्रभारी संजय कुमार ने सभी चौकीदारों को जिम्मेवारी सौंपी और सभी ग्रामीण पुलिस अपने अपने क्षेत्र में दायित्व निर्वहन करने की बात स्वीकार की।

### राजद कार्यकर्ताओं ने एनसीपी में शामिल होने का लिया निर्णय



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप रविवार को बैठक कर कई राजद कार्यकताओं ने दल छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। राजद के पूर्व नेता सह वर्तमान एनसीपी के विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान के नेतृत्व में राजद कार्यकताओं ने राजद से इस्तीफा देते हुए आगामी 16 फरवरी को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के समक्ष एनसीपी की सदस्यता ग्रहण करने की बात कही। इस दौरान कार्यकताओं ने कहा कि राजद में मान-सम्मान नहीं मिल रहा है।राजद कुछ लोगों की पार्टी बनकर रह गयी है। इससे राजद कार्यकर्ता अपमानित महसूस कर रहे हैं। मौके पर रेखा यादव, सचिन यादव, कमलेश यादव, संजय यादव, अनिल यादव, शिव यादव, संतोष यादव, प्रदीप पासवान, संतोष यादव, रनू यादव, अवधेश यादव, लखन यादव, नीरज, अखिलेश यादव, कैलाश यादव, सत्येंद्र, राजू यादव सहित कई लोग उपस्थित थें।

### केतात में मनोकामना सिद्धपीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 21 फरवरी से



**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के केतात कला में भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर बनकर तैयार हो गया है। नव निर्मित मंदिर में अब आदमकद हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित होना है। जिसके लिए मनोकामना सिद्धपीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। पांच दिनों तक चलने वाला यह महायज्ञ आगामी 21 फरबरी को कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा। 25 फरवरी को महा भंडारा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। मंदिर प्रांगण में पिछले आठ फरवरी से ही प्रतिदिन विष्णु विक्रम जी महाराज का प्रवचन चल रहा है। वहीं 21 से 25 फरवरी तक विद्या भाष्कर जी महाराज का प्रवचन होगा। इधर महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। सैकड़ों धर्म प्रेमी महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु दिन रात लगे हुए हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नीलकंठ दिवस



**मेदिनीनगर।** आनंदमार्ग के सदस्य रविवार को नीलकंठ दिवस मनाया। नई मुहल्ला व अबादगंज स्थित जागृति में 6 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान नारायण सेवा, जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण और मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें दर्जनों जरूरतमंद लोगों ने इसका लाभ लिया। मौके पर भुक्तिप्रधान मधेश्वर, जगरनाथ, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ, गोपाल, रामस्वरूप, अरविंद, सरोज, प्रदीप, मणिकांत, चंदन, अमरेस, मनोज, चंदू, सहज प्रिया, भाषा देवी, निशी, रिमझिम, पूनम पुष्पा, मधुबाला, शारदा, मुन्नी, शुभकाला, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

### हेमंत सरकार के विरुद्ध आंदोलन करने पर हुई चर्चा



**हरिहरगंज पलामू।** नई सब्जी मंडी स्थित नयन होटल रेस्टोरेंट में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने किया। जबकि जिला प्रतिनिधि के रूप में जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंत्री रंजीत पासवान शामिल रहे। बैठक में पंचायत स्तर तक भाजयुमो को मजबूत करने तथा झारखंड में विकास विरोधी भ्रष्ट हेमंत सरकार के खिलाफ राज्य स्तर पर प्रस्तावित बड़ी आंदोलन पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर मंडल महामंत्री पवन कुमार, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक सिंह, गोपाल प्रसाद, राहुल विश्वकर्मा, संतोष कुमार, अनिल प्रजापति, दिलीप ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खेलों से अपना भविष्य बना सकते हैं युवा : बिट्टू



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के जमुने क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। दिनेश टांड़ टिकरका में चौरसिया इलेवन पथरा बनाम अतुल इलेवन रजवडीह के बीच मैच खेला गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता समाजसेवी किशोर पांडे ने किया।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जरूरत : बाबूलाल मरांडी

केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचायें : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते बाबूलाल मरांडी।

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक सशक्त संगठन है सभी मोर्चा इसके अभिन्न अंग हैं। गरीब शोषित वंचित दलित समाज तक पार्टी की विचारधारा एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकताओं के कंधों पर है। अनुसूचित समाज को तोड़ने वाले ताकत को विफल करना पार्टी की जिम्मेवारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को सम्मान देकर उनके जन्म स्थान, शिक्षा दीक्षा, कार्यक्षेत्र, परिनिवारण स्थान तक पंचतीर्थ घोषित किया है जो समाज के लिए सम्मान की बात है। अटल जी ने भी अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सड़क योजना की शुरूआत कर विकास की परिकल्पना शुरू की थी। कार्यकर्ता संगठित रहें और 2024 के चुनाव में झारखंड के लोकसभा एवं विधानसभा पार्टी का परचम लहराकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं एवं राज्य में भाजपा की सरकार बनावे। प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बावरी ने कहा कि अनुसूचित जाति क्षेत्रों में नेताओं और कार्यकताओं का प्रवास होगा। केंद्र के द्वारा अंत्योदय का लक्ष्य पूरा करना अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रथम कर्तव्य है। सांसद बीडी राम ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जरूरत है। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया और विधायक किशनदास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर विधायक पुष्पा देवी, बृजमोहन राम, जीतू चरण राम, सीता राम, मनोज, शिवधारी राम, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, उप महापौर मंगल सिंह, प्रभात भुईयां, रंजन भारती, रंजन पासवान, विमल , सीमा पासवान, कमलेश राम, रामेश्वर राम, भवन पासवान , लक्ष्मण राम, राजेश पासवान, समीर बावरी व अन्य मौजूद थें।

### भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है सरकार : मरांडी

**सतबरवा पलामू।** सतबरवा में रविवार को रांची से मेदनीनगर जाने के क्रम में झारखंड विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सरकार भ्रष्टाचार के आकंठा में डूबी हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार की तमाम कुरीतियों को जन –जन तक पहुंचाएं ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इन्हें मुंहतोड़ जवाब दे। वहीं भाजपा नेता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिप परिषद सदस्य सुधा कुमारी, सोनू सिकंदर, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो ने बाबुलाल मरांडी को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सतेन्द्र प्रसाद, सिकंदर भुइयां समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आदिवासियों को ठग रही सरकार

**सतबरवा पलामू।** महाप्रतापी राजा मेदिनी राय के याद में लगने वाले दो दिवसीय मेला के समापन दिवस पर रविवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह झारखंड विधानसभा प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी का स्वागत दुबिया खाड़ में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो के नेतृत्व में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला समिति के लोगों के द्वारा किया गया। मौके पर मरांडी ने कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासी विरोधी है। आदिवासी समाज के लोगों से बड़े-बड़े वायदे कर सत्ता में आई है और यहां के आदिवासियों को ठगने के काम कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से मेला समिति के ठाकुराई सिंह, हिरदया सिंह, अरुण कुमार सिंह तथा अभिषेक कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने को खेलकूद जरूरी : मेयर

चकला को हराकर लोहरदगा पहुंचा क्वार्टर फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता



उदघाटन के बाद समारोह को संबोधित करतीं मेयर।

**मेदिनीनगर।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आयोजित आइपीएल 2023 के तहत रविवार को कठौतिया माइंस के मैदान में लोहरदगा माइंस व चकला माइंस के बीच आयोजित मैच का उदघाटन मेदिनीनगर नगर निगम के मेयर अरूणा शंकर ने किया। मैच में लोहरदगा बाक्साइट माइंस की टीम ने चकला कोल माइंस की टीम को 6 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। उदघाटन के बाद मेयर अरूणा शंकर ने कहा कि काम में बेहतर रिजल्ट के लिए यह जरूरी है कर्मी तनाव रहित रहे है, इसलिए खेल और अन्य वैसै गतिविधि जो मानसिक सकून के साथ उन्हे सक्रिय बनाये रखने में सहायक सिद्ध हो उसका आयोजन समय समय पर होना जरूरी है। उन्होंने ने कहा है कि पलामू में बेहतर औद्योगिक वातवरण तैयार करने में हिंडाल्को अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होने कहा यदि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र को देखगें तो पिछले पांच वर्षों में कोरोना सहित अन्य चुनौतियों से जुझते हुये शहर को एक नयी शक्ल देने को प्रयास किया जा रहा है क्योकि किसी भी जिला या प्रदेश की छवि उसके मुख्यालय से ही निखरती है। कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि लोगों से जुड़ाव का खेल बेहतर माध्यम है। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड पलामू में औद्योगिक माहौल बनाने के लिए पुरी सक्रियता के साथ लगी हुई है। इस मौके पर माइंस मैनेजर राजु सिंह, यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी, विशाल कश्यप व अन्य मौजूद थें।

## पलामू जिले के प्रवासियों को दिया जायेगा गाडियंस सिक्योरिटी फोर्स में रोजगार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्किल इंडिया एवं गाडियन्स सिक्योरिटी फोर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पलामू जिले में चार मार्च तक भर्ती की जाएगी। भर्ती के दौरान विधि व्यवस्था एवं शांति हेतु जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया है। इस भर्ती शिविर में 500 सुरक्षा जवान एवं 50 सुरक्षा सुपरवाइजर का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को रीजनल ट्रेनिंग अकादमी हैदराबाद में 01 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमे पी टी, ड्रिल, थ्योरी,औद्योगिक सुरक्षा,वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सिक्योरिटी की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके गार्डियंस सिक्योरिटी फोर्स प्राइवेट लिमिटेड में औद्योगिक एवं सरकारी क्षेत्र मैं 1000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। भर्ती अधिकारी जय नाथ राम पासवान एवं संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य हो।

पांकी ब्लॉक परिसर में 13 फरवरी को, सतबरबा ब्लॉक परिसर में 14 फरवरी, लेस्लीगंज ब्लॉक परिसर में 15 फरवरी को,16 फरवरी को तरहसी ब्लॉक परिसर, मनातू ब्लॉक परिसर में 17 फरवरी को, पाटन ब्लॉक परिसर में 20 फरवरी को, पड़वा ब्लॉक परिसर में 21 को, नावाबाजार ब्लॉक परिसर में 22 को, हरिहर गंज ब्लॉक परिसर में 23 को, नौडीहा ब्लॉक परिसर में 27 को, छतर पुर ब्लॉक परिसर में 28 फरवरी को, पिपरा ब्लॉक परिसर में एक मार्च, उंटारी रोड ब्लॉक परिसर में दो मार्च, हुसैनाबाद ब्लॉक परिसर में तीन मार्च एवं मोहम्मद गंज ब्लॉक परिसर में चार मार्च को भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानो को गार्डियंस सिक्योरिटी फोर्स प्राइवेट लिमिटेड रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस भर्ती अभियान से जिले में बेरोजगारी दूर होगी।

## शिक्षक कलीम अपनी प्रतिभा से लोगों को प्रकाशित करते रहें : प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर उपस्थित पंचम प्रसाद, राम प्रवेश सिंह, बनारस सिंह, इम्तेयाज अंसारी, सोहैल अहमद, जमशेद आलम, अजय सिंह, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ रेयाज अनवर, मुखिया प्रेम प्रसाद, बसारत अंसारी,मुखिया पति नेहाल अंसारी,सहित काफी संख्या में छात्राएं एवं गणमान्य लोग शामिल थे।

**पांकी पलामू।** प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक मोहम्मद कलीम अंसारी के सेवानिवृत होने पर समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखण्ड प्रमुख पंचम प्रसाद के साथ बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, हजारों की संख्या में छ्त्राएं, एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर प्रमुख ने कहा कि शिक्षक कलीम ने लंबे समय तक इस विद्यालय को अपनी सेवा दी है। ये अब इस विद्यालय से विदा हो रहे हैं लेकिन ये हमलोगों के दिल में हैं। समाज में अपनी प्रतिभा से लोगों के जीवन को प्रकाशित करते रहें। विद्यालय के प्राचार्य प्रणीत ठाकुर ने कहा की कलीम सर ने पैतीस 35 वर्षों तक इस विद्यालय को अपनी मेहनत से सींचा है। शिक्षक मोहम्मद कलीम अंसारी ने कहा स्कूल के कर्मी व बच्चों द्वारा दिये गये सम्मान व प्यार को आजीवन भूला नहीं सकते हैं। मुझे ऐसे अद्भुत व्यक्तियों के समूह के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिन्होंने मेरे जीवन पर स्थाई प्रभाव डाला है।

## पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार



गिरफ्तार युवक के बारे में जानकारी देते थाना प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पड़वा पलामू।** पड़वा पुलिस ने पड़वा थाना क्षेत्र के बनखेता शिव मंदिर के पास से एक देशी पिस्तौल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने दी। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पड़वा थाना क्षेत्र के सरैया के तरफ से एक युवक हथियार के साथ पड़वा की ओर आ रहा है। इसी सूचना पर थाना प्रभारी नकुल साह ने शनिवार को शाम में बनखेता शिव मंदिर के पास थी। इसी दौरान एक युवक बाइक से आ रहा था, पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा तभी पुलिस ने युवक को दौड़ा कर पकड़ लिया। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि गिरफ्तार युवक भगवान मेहता को आर्म्स एक्ट तहत जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर सअनि वीरेंद्र खाखा सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### विद्या मेडिकल हॉल के नये लुक का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर, डॉ सुषमा सबनम होरो, डॉ जयवंत लकड़ा, डॉ सुभाष, डा स्नेहलता के द्वारा विद्या मेडिकल हॉल के नये लुक का उदघाटन किया गया। मौके पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि नगर निगम विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। शहर लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। व्यावसायिक गतिविधियां गतिमान है। अब पलामू के लोगों की अधिकांश समस्या का समाधान अपने ही शहर में संभव हो गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा वाणिज्य आदि सेक्टर में बहुत परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौके पर डाक्टर रोहित पांडेय, विद्या मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर अमिताभ मिश्र ,केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, जितेंद्र कुमार , संजय अग्रवाल, प्रिंस कुमार, विपुल भूषण, पवन कुमार सतीश तिवारी, संजय कुमार पप्पु, रमाकांत पांडेय, अभय कुमार, रमेश कुमार, कृष्णा अग्रवाल, राजदेव उपाध्याय, रंजीत मिश्र, निलेश चंद्र राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### एनपीयू की लापरवाही से छात्र शिक्षा में हो रहे उपेक्षित

**मेदिनीनगर।** एनपीयू के गलतियों का खामियाजा विद्यार्थी भुगत रहे हैं। एनपीयू का डिग्री पूरा किये छात्रा माईग्रेशन प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट रही है। माईग्रेशन मिला तो किसी भी पदाधिकारी का हस्ताक्षर नहीं है। महाविद्यालय प्रबंधन ने फर्जी डॉक्यूमेंट लगाने का आरोप लगा कर प्रताडित किया। एआईएसएफ के जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने कहा कि कुलसचिव को कई बार मौखित और लिखित शिकायत किया गया कि परीक्षा विभाग में बैठे कर्मियों का टेबल ट्रांसफर करें लेकिन कुछ भी नहीं किया गया। एनपीयू छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### बिजली चोरी में 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 7 लोगों को बिजली अवैध उपयोग करते पाया गया। बिजली चोरी करनेवालों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बिजली चोरी के मामले में एक व्यक्ति को दस हजार और 6 लोगों पर छह छह हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**मोहम्मदगंज पलामू।** पूर्व मध्य रेल के मोहम्मदगंज स्टेशन के समीप खम्भा संख्या 346/20 के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान डाउन ट्रैक में आ रही मालगाड़ी के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना रविवार की सुबह करीब 9 बजे की है। मृतक रेहला थानान्तर्गत सिगसिगी भीतिहारा का मिठू राम उम्र 45 वर्षीय बताया जाता है। जो रेलवे थर्ड लाइन निर्माण में लगी अशोका बिल्डकॉन कम्पनी में बतौर मजदूर कार्यरत था। कार्य के दौरान घटना घटी है। मोहम्मदगंज के रेलकर्मियों द्वारा जीआरपी मेदिनीनगर व आरपीएफ पोस्ट जपला को घटना की सूचना दे दी गई है।

### झांकी सजा कर भगवान शिव की 12 ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराया



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत ढाब खुर्द में रविवार को महाशिवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता बहन की नेतृत्व में भगवान शिव की 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रह्माकुमारी सविता बहन, सुमन, बेबी, बबली, निकिता के अलावे मुखिया जितेंद्र पासवान, वार्ड सदस्य उपेन्द्र कुमार यादव एवं दिनेश के द्वारा किया गया। वही सोमनाथ, वैद्यनाथ, ओंकारेश्वर, विश्वनाथ, केदारनाथ सहित 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन झांकी दिखाया गया है। मुख्य संचालिका सविता बहन ने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताया कि भारत में अलग- अलग जगहों पर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं। कार्यक्रम का संचालन करण भाईया ने की।इसे सफल बनाने में प्रतिमा, गिरजा प्रसाद यादव, सतीश, शम्भू, संतोष आदि भईया एवं बहनों की सक्रिय भागीदारी रही।

## पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यसमिति की बैठक शक्ति केन्द्र नवादा बुथ संख्या 201 में की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की और संचालन मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी जवाहर पासवान, विशिष्ट अतिथि पाटन मंडल के प्रभारी उदय कुमार शुक्ला शामिल थे। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की गई। बैठक में जवाहर पासवान ने कहा कि कार्यकर्त्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। आप सभी के बदौलत बीजेपी आज लोकसभा में पूर्ण बहुमत हासिल कर देश में सरकार बनाने में सफल रही। सभी कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तैयार हो जाए। वही पाटन मंडल प्रभारी उदय शुक्ला जी ने कहा कि कार्यकर्त्ता अपने अपने दायित्व को निस्वार्थ भाव से ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान, गोपाल पासवान, पशुपति शर्मा, आनंद सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, अर्जुन तिवारी, विजय सिंह, रणधीर सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, अजीत सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी, शांति पांडे, प्रिंस कुमार, गौतम सिंह, बिरन साव, कामता सिंह, अंजय सिंह, मुजीब खान शामिल थे।

## संस्कारपूर्ण शिक्षा आज की जरूरत : अभिमन्यु सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**विश्रामपुर(पलामू)।** विश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेन्ट स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समारोह पूर्वक मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का उदघसटन मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार,युवा ग्रासिम इंड्रस्टीज के एच आर हेड अजित तिवारी,बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पड़वा प्रमुख गीता मेहता,समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, स्कूल के संस्थापक विजय पांडेय,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी,गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय,एएसआई अनंत कुमार सिंह,प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक नारेंद्र कुमार तिवारी ने किया,जबकि संचालन अमित कुमार सिंह व स्कूल के प्राचार्य आर के सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि बच्चों को अनुसाशन व संस्कारपूर्ण शिक्षा देने की जरूरत है। इस बात की खुशी है कि यह स्कूल बच्चों को अनुसाशन में रखते हुये संस्करपूर्ण शिक्षा दे रहा है। निदेशक नारेंद्र कुमार तिवारी ने स्कूल के सात वर्षों की विकास यात्रा के बारे में लोगो को बताया कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही हमारा एक मात्र उद्देश्य है। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर सुशील शुक्ला, नागेंद्र प्रसाद पांडेय, गोपाल पांडेय, मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, राहुल दुबे, धनंजय यादव, प्रवीण सिंह व अन्य मौजूद थें।

## बेंगलुरु का ख्वाब बारालोटा में पूरा कर रहे हैं अंबिका

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बेंगलुरु में देखा गया ख्वाब झारखंड के पलामू जिला मुख्यालय स्थित बारालोटा में पूरा होने लगा। बारालोटा स्थित जनकपुरी निवासी अंबिका तिवारी का हनुमान मंदिर निर्माण का सपना सालों से अधूरा पड़ा था। जिसे अब राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का बल मिला है। प्रदेश संरक्षक अर्जुन पाण्डेय( गुरु पांडेय )के निर्देश पर युवा वाहिनी ने जनकपुरी नहर के समीप अंबिका तिवारी के जमीन पर अर्धनिर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण को तेजी दी। मंदिर का ढांचा बनकर तैयार है,अब उसे स्वरूप देना बाकी था। मंदिर निर्माण का मुख्य आकर्षण गुंबद की आधारशिला रविवार को युवा वाहिनी के अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी( पिंकू )मंदिर के संस्थापक अंबिका तिवारी ने विधिवत पूजन कर एवं प्रतिष्ठित सामाजिक चेहरे विभाकर नारायण पाण्डेय ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य एवं बारालोटा ग्राम के प्रबुद्ध लोगों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता निभाई। अंबिका तिवारी ने समाज की सेवा के लिए सनातन धर्म संस्कृति के उत्थान हेतु मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक बृजेश शुक्ला, श्यामाकांत तिवारी, राकेश पांडेय, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,अध्यक्ष लल्लू पांडेय, आनंद तिवारी व अन्य मौजूद थे।

# गोविंदपुर गोलीकांड में चार गिरफ्तार

**अपराधियों के पास से पांच मोबाइल और कार किया गया है जब्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** गोविंदपुर गोलीकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। कांड में संलिप्त चार अपराधी गिरफ्तार हुए हैं।अपराधियों के पास से 30 लीटर चोरी का डीजल,5 मोबाईल और एक कार जब्त किया गया है। रविवार को ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपरोक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।गिरफ्तार अपराधकर्मियों में मटकुरिया निवासी राकेश कुमार विश्वकर्मा, उम्र 29 वर्ष, धनसार निवासी भोला कुमार सोनी उर्फ भोलू,उम्र 23 वर्ष, गोधर बस्ती का मंजित कुमार रवानी,उम्र -22 वर्ष बरवाअड्डा निवासी कालू राम महतो, उम्र 25वर्ष शामिल है।पिछले 8-9 फरवरी कि रात्रि में गोविंदपुर थाना अंतर्गत रांगाबांध मोड़ जीटी रोड के पास कुछ अपराधकर्मी दो हाइवा से डीजल चोरी कर रहे थे। बगल में टायर पंक्चर बनाने वाले मिस्त्री आरिफ रजा जब लघुशंका करने दुकान से बाहर निकले तो चोरों को डीजल चोरी करते देख हल्ला किया। हो हल्ला की आवाज सुनकर हाइवा के चालक जग गए. तत्पश्चात मिस्त्री आरिफ रजा एवं चालकों के द्वारा डीजल की चोरी कर रहे अपराधकर्मियों को दबोच लिया गया।

अपराधकर्मियों के द्वारा स्वयं को घिरता हुआ देखकर एक अपराधकर्मी के द्वारा मिस्त्री आरिफ रजा को लक्षित कर पिस्टल से दो गोली फायर किया गया, जिसमें एक गोली मिस्त्री आरिफ रजा के पेट में लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इधर स्थानीय व्यक्तियों को एकत्रित होता देखकर अपराधकर्मी चोरी के डीजल के साथ अपने चारपहिया वाहन में बैठ कर गोविन्दपुर की तरफ भाग गये।अनुसंधान के क्रम में गठित छापामारी दल के द्वारा चार अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। अपराधकर्मियों ने जीटी रोड एवं बीसीसीएल के कोयला उत्खनन व भण्डारण क्षेत्रों में प्रचालित बड़े वाहनों से डीजल चोरी कर संगठित अपराधकर्मियों के सहयोग से खुले बाजार में विक्रय कर धनार्जन करने की बात को स्वीकार किया गया है।

**छापामारी में थे शामिल**

छापामारी दल में अमर कुमार पाण्डेय,पुलिस उपाधीक्षक, मु.-01, धनबाद, पु.नि. उमेश प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी, गोविन्दपुर थाना, पु.अ.नि. विक्रम कुमार सिंह, थाना प्रभारी, बर्वाअड्डा थाना, असलम अंसारी, गोविन्दपुर थाना, पु.अ. नि. विपक कुमार द्विवेदी, गोविन्दपुर थाना, पु.अ.नि. लक्ष्मण हॉसदा, गोविन्दपुर थाना, पु.अ.नि. विक्रम कुमार, गोविन्दपुर थाना, प्रुएअएनि. अजय यादव, गोविन्दपुर थाना, सा.अ.नि. प्रदीप सुधांशु, गोविन्दपुर थाना शामिल थे।

## नेताजी की प्रतिमा का अपमान बर्दाश्त नहीं: दीप नारायण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोमो।** यूथ फोर्स 14वां स्थापना दिवस के अवसर पर तोपचांची सुभाष चौक में एनएचएआई के विरुद्ध नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के प्रतिमा को पुनः स्थापित करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसका अध्यक्षता जदयू/यूथ फोर्स तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष सह पानापुर मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। धरना कार्यक्रम का शुभारंभ नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि एनएचएआई द्वारा एन.एच-2 सिक्स लेन सड़क निर्माण के दौरान तोपचांची सुभाष चौक में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के प्रतिमा को सड़क निर्माण के बाद पुनः स्थापित करने की बात कह कर हटा दिया गया । पर सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी एनएचएआई द्वारा तोपचांची सुभाष चौक पर नेताजी का प्रतिमा नहीं लगाया गया। इस संबंध में कई बार एनएचएआई के अधिकारियों से वार्ता की गई। लेकिन एनएचएआई ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी का प्रतिमा स्थापित करने के लिए कोई सार्थक पहल अब तक नहीं किया। धरना के माध्यम से मैं चेतावनी देते हुए कहना चाहता हूं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का अपमान करना बंद करें।

## डीएवी में मनी महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर दो.दिवसीय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एके झा ने कहा कि स्वामी दयानंद जी ने समृद्ध दर्शन के प्रतिरूप आर्य समाज के नियमों को जन.जन तक पहुंचाने के लिए लोक कल्याण के निमित्त जीवनपर्यंत किया।मौके पर बच्चों ने भजन, चित्रकला व भाषण में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। स्वामी दयानंद की वेशभूषा में सजे.धजे बच्चों ने वेदों की ओर चलो तथा वैदिक धर्म को सर्वमान्य करने की प्रेरणा दी। क्षेत्रीय सहायक अधीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि स्वामी दयानंद जी के विचारों का प्रचार.प्रसार जन कल्याण के लिए आवश्यक है। लगभग 296 बच्चों को विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा सफल होने के लिए पुरस्कृत किया।

**जयंती पर याद किये गये तिलका मांझी**

बोकारो। सेक्टर आठ स्थित विस्थापित चौक में सेनानी तिलका मांझी की जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता वीरू मुंडा ने तथा संचालन गौरांग चंद्र पातर ने किया। तिलका मांझी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए योगेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि 1857 के सिपाही विद्रोह से लगभग सौ साल पहले आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले तिलका मांझी को इतिहास में तवज्जो नहीं दी गई। तिलकामांझी ने आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व करते हुए 1771 से 1784 तक अंग्रेजों से लम्बी लड़ाई लड़ी तथा 1778 ई में पहाड़िया सरदारों से मिलकर रामगढ़ को अंग्रेजों से मुक्त कराया था। मौके पर शिवानंद, कुलदीप कुमार महतो, नरेश कुमार, गगन दास, नरेश राम, सुबोध कुमार, नागेंद्र, सुनील, अनमोल, गणेश कुमार, जयंत दत्ता, नंदू कुमार, बीरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, विजय साव, समरेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## किसी कीमत पर ग्रामीणों को उजड़ने नहीं देंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुमारधुबी।** पिछले पांच दशकों से भी ज्यादा समय से रह रहे ग्रामीणों के सामने अपने आशियाना उजड़ने का डर साफ झलक रहा जिसको लेकर ग्रामीणों के आंखों में आसूं छलक रहा है।उन्ही आंसू को पोंछने एवमं ग्रामीणों के दुख को कम करने को लेकर रविवार दोपहर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी कुमारधुबी के मेढा बस्ती एवम मैथन मोड़ पहुंचकर ग्रामीणों को ढांढस बंधाते हुए ये आश्वस्त किया की किसी भी कीमत पर यहां रह रहे ग्रामीणों को उजाड़ने नही देंगे।

उजाड़ने से पहले उन सभी का पुनर्वास कराने का काम करेंगे .इधर मीडिया से बातचीत में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा की आसनसोल रेल डी आर एम से सकारात्मक बात इसको लेकर हुई है जितना कम हो सकेगा रेल प्रबंधन उतना ही जमीन अधिग्रहण करने का काम करेगा।

**डर के साये में जी रहे हैं ग्रामीण**

विधायक अरूप चटर्जी ने कहा की रेलवे द्वारा दी जा रही नोटिस से ग्रामीण सकते में है और डर के साए में जीने को विवश है इन्ही सब बातों को लेकर आज वो ग्रामीणों के बीच पहुंचे है ताकि उनके मन में डर को खत्म किया जाए।श्री चटर्जी ने आश्वस्त किया की वो इन सभी को पहले बसाने का काम करेंगे तब ही यहां से उजाड़ने देंगे' मौके पर रामजी यादव, रोशन मिश्रा, रामजी शर्मा, माले नेता नगेंद्र कुमार,बिल्टू, मुखिया मनोज रावत, मुन्ना यादव, भोला यादव, सोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## बिजली उपभोक्ताओं ने की मीटर रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से 12 फरवरी को गोमिया प्रखंड में साड़म संतोषी मंदिर के निकट ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। मेला में तेनुघाट विद्युत प्रमण्डल क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। सबसे ज्यादा समस्याएं मीटर रीडिंग और बिजली बिल की थीण उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई कि मीटर लगा होने के बावजूद बिल नहीं मिलती। मासिक बिजली बिल भेजने में गड़बड़ी की जाती हैण कई जगहों पर बिजली की पोल जर्जर हालत में होने की भी शिकायत की गई। उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनकर तत्काल मीटर रीडिंग में कम ज्यादा बिल का समाधान किया गया। मेला में यह जानकारी भी दी गई कि सरकारी योजना के तहत एक सौ यूनिट तक बिजली बिल मुफ्त मिलेगा। इसके लिए घर में मीटर लगा होना जरूरी है। मेला में तेनुघाट प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समीर कुमार, सहायक विद्युत अभियंता गिरधारी सिंह मुंडा, कनीय अभियंता नरेंद्र मिंज, कर्मचारी राजन यादव, मुखिया शोभा देवीए कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेयए संजय डे समेत ध्रुव सिंहए मनीष कुमारए दिलीप रजकए संतोष रामए भागीरथ नायकए दुलार यादवए भास्कर यादव मौजूद थे।

## आरक्षण के लिए नहीं, स्वावलंबी बनने के लिए हों संगठित: पंकज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** फुसरो स्थित डॉ शकुंतला कुमार के आवास पर में रविवार को कायस्थ परिवार के सदस्यों की एक बैठक डॉ एस कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ स बैठक में आगामी 9 अप्रैल को होने वाले महासम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा महासम्मेलन की सफलता के लिए कई बिंदुओं पर सभी से राय ली गई स यहां वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि समस्त संगठनों को एक मंच पर आकर कायस्थ महासम्मेलन का आयोजन किया जाना चाहिए स ताकि कायस्थ समाज के ताकत और शक्ति का प्रदर्शन किया जा सके स उपस्थित सदस्यों ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर एक मंच पर अपने एकता दिखाने के लिए सभी भेदभाव और आपसी विचारों की विभिन्नता को दरकिनार कर एक सोच में आकर कायस्थ समाज की एकता और अखंडता पर विचार करते हुए एक माला का रूप में पिरो कर अपनी एकता को प्रदर्शित करना ही एकमात्र लक्ष्य है

यहां संजय कुमार सिन्हा ने कहा हमारा समाज विभिन्न समितियों में बिखरा हुआ हैए जिससे हमें समाज में उचित सम्मान और मान नहीं मिल पा रहा हैएहम सभी को एक मंच पर आकर एक सशक्त और शक्तिशाली संगठन के रूप में ऊभरने की जरूरत है।

## मिथिला एकेडमी में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया।11वीं कक्षा के छात्र.छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। कक्षा 12 वीं के छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई विजेताओं का चयन किया गया। अमन कुमार मिस्टर मैप्स एवंए नंदिनी कुमारी को मिस मैप्स 2022.23 के खिताब से नवाजा गया। वहींए कक्षा के अन्य छात्रों को विभिन्न टाइटल्स के साथ सम्मानित किया। स्कूल के चेयरमैन हरिमोहन झाए उपाध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी विद्यालय की संचालक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद के उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमारए महासचिव अविनाश कुमार झा एवं अविनाश कुमार ष्अविष ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिए।

# कतरास की लाइफ लाइन कतरी नदी के अस्तित्व से खिलवाड़

**पारसनाथ की पहाड़ियों से है नदी का उद्गम**

**बिनोद रजक**



**धनबाद/कतरास।** कतरी नदी जिसका उद्गम स्थल पारसनाथ की पहाड़ियों से है और जिस नदी के नाम पर कतरास का नाम कतरास पड़ा जिसके अस्तित्व को बचाने के लिए कतरी नदी बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है। कतरी नदी का अस्तित्व को बचाने के लिए कतरी नदी बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा लिलोरी स्थान कतरी नदी के तट पर गंगा आरती कार्यक्रम की गई । कतरी नदी संघर्ष समिति के लोगों का नजर सिर्फ लिलोरी स्थान मंदिर से लेकर छठ घाट सूर्य मंदिर कतरी नदी के तट तक ही सीमित होकर रह गया है।भारत में किसी भी प्राकृतिक संपदा से छेड़छाड़ की इजाजत भारतीय संविधान भी नहीं देता है, लेकिन बार-बार जमीन माफियाओं के द्वारा कतरी नदी का कत्ल करने का प्रयास किया जा रहा है। प्राकृतिक संपदा और सरकारी संपत्ति के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। कुछ वर्षों पहले भी खमार गोडा मौजा में जमीन कारोबारियों के द्वारा कतरी नदी के ऊपर बिना सरकारी आदेश लिए हुए पुल का निर्माण करा दिया गया था अखबारों में खबर छपने के बाद बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह ने कार्रवाई करते हुए उस पुल को तुड़वाया था। ताजा मामला में एक बार फिर से जमीन कारोबारियों के द्वारा कतरी नदी के अस्तित्व को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है।

बताते चलें कि जिला धनबाद अंचल बाघमारा हल्का नंबर 5 मौजा नंबर 209 मौजा खमार गोडा एवं हल्का नंबर 1 मौजा नंबर 206 मौजा कांको जिसमें कतरी नदी का सीमा लगभग ढेड किलोमीटर तक फैला हुआ है। जिसमें पश्चिम में काको मौजा एवं पूर्व में खमारगोडा मौजा है। उपरोक्त जगह पर जमीन खरीद-फरोख्त करने वाले कारोबारियों ने नदी को मिट्टी से भरना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही लगभग आधा दर्जन बड़े बड़े पेड़ों को काटकर नदी में गिरा दिया गया है।

**लाल मिट्टी से नदी को भर दिया गया**

नदी में लाल मिट्टी भर दिया गया है और लगभग आधा दर्जन बड़े बड़े पेड़ों को काटकर नदी में गिरा दिया गया है, और ऊपर से बाउंड्री वाल की जा रही है। वर्तमान में कांको मौजा में नदी का अतिक्रमण पश्चिम तरफ से हो रहा है। जंहा वर्तमान में जमीन का मार्केट वैल्यू लगभग चार लाख रुपैया डिसमिल है। इतना कुछ होने के बाद भी ना तो कतरी नदी बचाओ संघर्ष समिति के लोग ना ही किसी सामाजिक संस्था और ना ही बाघमारा अंचलाधिकारी का ध्यान इस ओर गया है। अब सवाल ये उठता है कि इतने बड़े जमीन की खरीद-फरोख्त हुई तो इसमें जमीन की रजिस्ट्री जरूर हुई होगी ,मोटेशन अंचल के द्वारा जरूर किया गया होगा। इसके बावजूद जमीन कारोबारियों का साहस तो देखिए लगभग आधा दर्जन बड़े बड़े पेड़ों को काटकर गिरा दिया गया, नदी को अतिक्रमण किया जा रहा है आखिर यह सब किसके इशारे पर हो रहा है या तो जांच का विषय है।

**स्पीड न्यूज**

### सिंदरी: भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में लिया गया संकल्प

**सिन्दरी ।** भारतीय जनता पार्टी की सिन्दरी नगर ईकाई युवा मोर्चा अध्यक्ष सुशांत कुमार की अध्यक्षता में भाजपा युवा मोर्चा सिन्दरी नगर की आवश्यक बैठक रोहड़ाबाँध भाजपा कार्यालय में रविवार को संपन्न हुई। बैठक को युवा मोर्चा महामंत्री बिरेन्द्र प्रसाद और संदीप पाण्डेय ने संबोधित किया। उन्होंने युवा मोर्चा को सशक्त और मजबूत बनाने पर विचार रखे। युवा मोर्चा नगर के लोगों व युवाओं के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहकर लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष सन्नी कुमार, उपाध्यक्ष सूरज लांबा, मंत्री शुभम कुमार, रोहित सिंह, श्रवण कुमार, सुनील मंडल, बबलू कुमार, अमित यादव, राहुल यादव मौजूद थे।

### 70 रुपया किलो हुआ दूध का भाव

**कतरास।** पंचगढ़ी बाजार मालगोदाम दुर्गा मंडप में दुग्ध विक्रेता संघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से बढ़ती महंगाई को लेकर दुग्ध विक्रेता संघ ने दूध का मूल्य 70 रुपया किलो और खोवा का मूल्य 260 रुपया प्रति किलो करने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित युवा यादव समाज के जिला अध्यक्ष चुन्ना यादव ने कहा कि गोपालकों का परिवार बढ़िया शिक्षा और चिकित्सा से भी वंचित रहता है। बैठक को श्री भगवान यादव, विजय यादव, सचिदा यादव, आनंद यादव आदि ने संबोधित किया। बैठक में कृष्ण यादव, प्रकाश यादव, संजय यादव, बिनोद यादव, आनंद यादव, कपिल यादव, नागेंद्र यादव, बिजय यादव, अशोक यादव, धर्मेंद्र यादव मौजूद थे।

### झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल: राजेश

**बेरमो।** भाजपा किसान मोर्चा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने रविवार को पेटरवार प्रखंड के चलकरी उत्तरी पंचायत के गिरि टोला में पेयजल समस्या को देखते हुए अपने निजी मद से ओपेन वायल समरसेबुल मोटर ग्रामीणों को दिया। जिससे गिरी टोला के ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध हो सके। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल है। मौके पर भाजपा नेता राजेश कुमार ठाकुरए वार्ड सदस्य अरुण गिरि, महेश गिरि, अर्जुन गिरिएमहेंद्र गिरिए कुन्ती देवी, वीणा देवी पिकी देवीएदुखनी देवी मौजूद थे।

### यूथ फोर्स स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर

**पूर्वी टुंडी।** यूथ फोर्स द्वारा 14वां स्थापना पर मैरानावाटांड पंचायत सचिवालय में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व यूथ फोर्स के प्रखंड अध्यक्ष परिमल दे ने किया। साथ ही मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह मौजूद थे।

### बीडीओ ने दिव्यांग शिविर जागरूक रथ को किया रवाना

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय और प्रदान के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग शिविर को ले जागरूकता रथ को बीडीओ विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**एक नजर में**

### सरस्वती विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह



**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में द्वादश कक्षा के छात्र.छात्राओं के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव सिद्धेश नारायण दास ने भैया.बहनों को उनके सुखद भविष्य की कामना के साथ.साथ विद्यालय से प्राप्त शिक्षा एवं संस्कार का सदुपयोग कर भविष्य में समाज और देश के प्रति समर्पित होने का लक्ष्य दिया। प्राचार्य रणसुमन सिंह ने कहा कि आप सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पदस्थापित होकर अपने को समाज को साथ ही साथ विद्यालय को गौरवान्वित करेंए यही अपेक्षा है। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### दुर्गा सोरेन सेना का झरिया में विस्तार



**झरिया।** रविवार को दुर्गा सोरेन सेना की एक बैठक झरिया श्री राम लॉज में हुई। जिसको सफल बनाने के लिए दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय युवा अध्यक्ष विशाल बाल्मिकी उपस्थित हुए। जिसमे झरिया नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा की जिमेदारी प्रकाश सिंह को दिए और झरिया नगर युवा मोर्चा कार्यकारणी अध्यक्ष सोनू बाल्मिकी को दिया गया। साथ ही दर्जनों युवा दुर्गा सोरेन सेना में शामिल हुए । मौके पर लोग सुजीत सिंह, दीपू सिंह,विवेक प्रसाद ,चंदन पोद्दार,मोहन रजक,मुन्ना यादव ,जितेंद्र चंदरवंसी,विकाश किशोर राम, साजन कुमार,रितेश बाल्मिकी,काली बाल्मिकी,अनिल बाल्मिकी,भीम यादव ,लीला बावरी,शांति हरिजन,मीना पंडित, निशी देवी,इत्यादि लोग मौजूद थे ।श्री बाल्मिकी ने कहा दुर्गा सोरेन सेना गरीब मजदूर यूवाओ का हक के लिए लड़ने का काम करता है आने वाला समय में दुर्गा सोरेन सेना पूरे राज्य में एक मजबूत संगठन के रूप में उभर के सामने आएगा।

### हाइवा ने बाइक सवार को मारी ठोकर, तीन घायल

**बेरमो/जारंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह मुख्य बाजार में बीते देर शाम एक तेज गति हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार बुरी तरह घायल कर डाला। इस घटना मे बाइक सवार तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। बताते चलें कि हाइवा ने चकमा देते हुए बाइक सवार तीनों युवकों को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ दूर तक घसीट कर ले गया, जिससे सभी घायल हो गये।

### बीजेपी किसान मोर्चा ने चलकरी मे लगाया चौपाल

**बेरमो।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व मे पेटरवार प्रखंड के चलकरी बस्ती स्थित गिरि टोला मे किसान चौपाल कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की केंद्र की अनेकों किसान कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के सभी किसानों तक पहुंचाने का कार्य किसान मोर्चा के हर कार्यकर्ताओं का दायित्व है। कहा कि एक तरफ देश में मोदी सरकार दिन-रात किसान हित में कार्य कर रही है वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस और राजद की संयुक्त सरकार किसानों के अस्तित्व को ही मिटाने पर तुली हुई हैस उन्होंने कहा कि किसानों के बीच भ्रम फैलाकर सत्ता में आई हेमंत सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैंस कहा कि पूर्व की भाजपा की रघुवर सरकार द्वारा किसानों के हितों में चलाई जाने वाली योजनाओं को बंद कर दिया गया। यहां पर कार्यकर्ताओं द्वारा भारतवर्ष के अन्नदाताओ को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान हित में 2023-24 मे बजट में दिए गए योजना की जानकारी हेतु पर्चा वितरण किया गया। मौके पर भाजपा नेता राजेश कुमार ठाकुर, वार्ड सदस्य अरूण गिरि, महेश गिरि, अर्जुन गिरि, महेंद्र गिरि, कुन्ती देवी, वीणा देवी, पिकी देवी, दुखनी देवी, सोना देवी, अमित कुमार, मुन्ना गिरि, लीला गिरि, पार्वती देवी, दशमी देवी, लीला देवी, कंचन देवी, दिनेश, अमित, कमलेश्वर, पिंटू, सोनू सहित सैकडो लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### युवाओ के भविष्य मे परिवारवाद एक बड़ा बाधा

**बेरमो।** बेरमो के समाजसेवी और शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने सीसीएल ढोरी के चपरी रेस्ट हाउस मे रविवार को प्रेस को बताया कि बेरमो के विकास और युवाओं के भविष्य में एक राजनीतिक परिवार बड़ा बाधक बना हुआ है। कहा किष्वंशवाद की राजनीति केवल वंशवाद के लाभ के लिए हैएबेरमो के लिए नहींष। कहा कि बेरमो मे विकास एवं युवाओ के सुरक्षित भविष्य के लिए बेरमो से परिवारवाद की राजनीति की खात्मा जरूरी है। कहा कि केवल एक ही परिवार का कोयला ट्रांसपोर्टिंगए रैक लोडिंगए, लोकल सेल से कोयले का उठावए शिक्षाए स्वास्थ्य और श्रमिक संगठन पर वर्चस्व रहा है।

**पेज एक का शेष**

### सीपी राधाकृष्णन, सीएम ने किया स्वागत...

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बधाई देते हुए कहा झारखंड की वीर भूमि पर आपका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। रविवार को श्री सोरेन ने ट्वीट कर कहा- झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल को राज्य की जनता की ओर से अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। वहीं, सीएम ने निवर्तमान राज्यपाल रमेश बास को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने पर भी उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर रमेश बैस को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**कौन कहां के राज्यपाल बने:** छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनसुइया उइके को मणिपुर का दायित्व सौंपा गया है। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बी बी हरिचरण को उनकी जगह पर नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक को अरुणाचल प्रदेश, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम, सीपी राधाकृष्णन को झारखंड, शिवप्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश, गुलाब चंद्र कटारिया को असम और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार एल गणेशन (मणिपुर) को नगालैंड , फागू चौहान (बिहार) को मेघालय , राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर (हिमाचल प्रदेश) को बिहार , रमेश बैस (झारखंड) को महाराष्ट्र , ब्रिगेडियर बी डी मिश्रा (अरुणाचल प्रदेश) को लद्दाख के उपराज्यपाल बनाया गया है।

### खेला करनेवाली भाजपा के साथ खेला होगा...

तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड में भी पार्टी को मजबूत करना है। यदि किसी को लगता है कि झारखंड में राजद कमजोर है, तो वो उनकी भूल है। संगठन में थोड़ी चूक हुई है, लेकिन इस बार भूल नहीं करते हुए सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। हमारी ताकत बढ़ेगी, तभी झारखंड में महागठबंधन की ताकत बढ़ेगी। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा दलित-पिछड़ा विरोधी पार्टी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर यहां भी जातीय जनगणना की सलाह दी, ताकि इस राज्य के दबे-कुचले वर्ग का उत्थान हो सके। तेजस्वी यादव रविवार को प्रदेश राजद कार्यकर्त्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय कुमार यादव, प्रदेश प्रभारी जय प्रकाश यादव, राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दकी मौजूद थे। इसके पूर्व सम्मेलन स्थल पर तेजस्वी यादव के पहुंचते ही नेताओं और कार्यकर्त्ताओं ने झारखंड के पारंपरिक रीतिरिवाज के साथ स्वागत किया। मौके पर छऊ नृत्य कर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं पद्मश्री मुकुंद नायक की टीम के साथ तेजस्वी यादव ने मांदर की थाप पर थिरके।

स्पीड न्यूज

## कर्मचारी की हत्या मामले में दो आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने रोहिणी के सेक्टर-12 में इस सप्ताह की शुरूआत में एक खानपान कर्मचारी की हत्या करने के आरोप में बिहार के समस्तीपुर जिले से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद दोनों आरोपी, अमन (22) और अंशुल वर्मा (19) बिहार भाग गए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान विवाद होने पर संदीप ठाकुर नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि एक निजी पार्टी के दौरान, खानपान कर्मचारी ठाकुर आरोपियों के साथियों को खाने की ह्यप्लेटह्न उपलब्ध नहीं करा पाया था, जिसके चलते उनके बीच विवाद हुआ था।

## पाक में ट्रांसजेंडर की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में एक अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में एक ट्रांसजेंडर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार रात तब हुई जब तीनों ट्रांसजेंडर कोहाट जिले में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौत

**कटिहार।** बिहार में कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र के कटरिया के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 31 पर रविवार सुबह सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौत हो गई । पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि तड़के करीब चार बजे एक स्कॉर्पियो की अज्ञात वाहन से सीधी टक्कर हो गई । इस दुर्घटना में स्कोर्पियो पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी।

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख पहुंचे सीरिया

**काहिरा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक, टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस सीरिया पहुंचे जहां पर पांच दिन पहले शक्तिशाली भूकंप आया था। यह जानकारी सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने रविवार को दी।सना कि रिपोर्ट के अनुसार, श्री घेब्रेयेसस सीरिया के अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां से वह देश के स्वास्थ्य मंत्री और अलेप्पो के गवर्नर के साथ शहर के कुछ अस्पतालों का दौरा करेंगे।

## असम के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके

**गुवाहाटी।**असम के कुछ हिस्सों में रविवार को चार तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। भूकंप से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की जानकारी नहीं है।

## बांग्लादेश के अगले राष्ट्रपति होंगे चुप्पू

**ढाका।** न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू का बांग्लादेश का अगला राष्ट्रपति बनना लगभग तय है क्योंकि देश की संसद में पूर्ण बहुमत रखने वाली पार्टी अवामी लीग ने उन्हें इस शीर्ष पद के लिए नामित किया है। वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद का कार्यकाल इस साल 24 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

## तेंदुआ के हमले से बालक की मौत

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में निशानगाड़ा रेंजक्षेत्र के हरैय्या गांव में शनिवार शाम घर के बाहर खेल रहा एक पांच वर्षीय बालक तेंदुए के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार सुबह मौत हो गई। हरैय्या गांव में राकेश वर्मा का पुत्र शिवम शनिवार शाम घर के बाहर खेल रहा था, तभी गन्ने के खेत से एक तेंदुए निकला एवं उसने उस पर हमला कर दिया।

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का पहला चरण राष्ट्र को किया समर्पित, कहा

# बुनियादी ढांचे में बड़ा निवेश कर रही सरकार

**एजेंसी**

▸▸ देश के सबसे बड़े आधुनिक एक्सप्रेस वे में से एक है यह, विकसित होते भारत की एक और भव्य तस्वीर है : मोदी

▸▸ कांग्रेस के पास न विजन, न उसकी बातों में कोई वजन



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया तथा इसे विकसित होते भारत की एक और भव्य तस्वीर करार दिया एवं कहा कि केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे में बड़ा निवेश कर रही है। दौसा में आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने 18,100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण रिमोट दबाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित करते हुए मुझे बहुत गर्व हो रहा है। यह देश के सबसे बड़े एवं सबसे आधुनिक एक्सप्रेसवे में से एक है। यह विकसित होते भारत की एक और भव्य तस्वीर है। उन्होंने कहा कि जब ऐसी आधुनिक सड़कें बनती हैं, आधुनिक रेलवे स्टेशन, ट्रेन, मेट्रो, हवाई अड्डे बनते हैं तो देश की प्रगति को गति मिलती है। दुनिया में ऐसे अनेक अध्ययन हैं जो बताते हैं कि बुनियादी ढांचे में लगाई गई राशि जमीन पर कई गुणा ज्यादा असर दिखाती है। बुनियादी ढांचे में होने वाला निवेश उससे भी अधिक निवेश को आकर्षित करता है। मोदी ने कहा कि बीते नौ वर्षों से केंद्र सरकार भी बुनियादी ढांचे पर निरंतर बहुत बड़ा निवेश कर रही है। राजस्थान में भी राजमार्ग के लिए बीते वर्षों में 50000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई है। इस वर्ष में बजट में हमने बुनियादी ढांचे के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। यह 2014 की तुलना में पांच गुना अधिक है।

उन्होंने कहा कि इस निवेश का बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को होने वाला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर राजस्थान एवं देश की प्रगति के दो मजबूत स्तंभ बनने वाले हैं। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे का दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड 247 किलोमीटर लंबा है, जिसे 12,173 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

इस खंड के चालू हो जाने से दिल्ली से जयपुर का यात्रा समय पांच घंटे से घटकर लगभग साढ़े तीन घंटे रह जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री 247 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी जिन्हें 5940 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाना है। इन परियोजनाओं में 2000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाला बांदीकुई से जयपुर तक का 67 किमी लंबा चार लेन वाला शाखा-मार्ग, लगभग 3775 करोड़ से विकसित होने वाला कोटपूतली से बाराओदानियो तक और लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाले लालसोट-करौली खंड के दो लेन वाले पक्के किनारे शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अपने बजट भाषण के दौरान हुई गफलत की ओर परोक्ष इशारा करते हुए रविवार को कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष किया और कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस के पास न विजन है और न ही उसकी बातों में कोई वजन है।

मोदी ने कहा कि राजस्थान को अब ऐसी अस्थिर सरकार व अनिश्चितता से मुक्ति चाहिए तभी राजस्थान में कानून का राज स्थापित हो पायेगा और यह तेज विकास के रास्ते पर चल पायेगा।

उल्लेखनीय है कि गहलोत ने शुक्रवार को अपने बजट भाषण की शुरूआत में कुछ अंश पिछले साल के बजट से पढ़ दिए थे। इसकी ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ह्यह्यसाथियों ! मैं मानता हूं कि गलती किसी से भी हो सकती है, लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि कांग्रेस के पास ना ही विजन है और ना ही उसकी बातों में कोई वजन रह गया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिये बजट और घोषणाएं होती ही कागजों में लिखने के लिये है। योजनाओं और कार्यक्रमों को जमीन पर लागू करने का कांग्रेस का कोई इरादा नहीं होता। उन्होंने गहलोत का नाम लिए बिना कहा,ह्यह्यसवाल यह नहीं है कि कौन सा वाला पढ़ा.. सवाल यह है कि पहले वाला जब पढ़ा था.. साल भर उसको डिब्बे में बंद रखा था.. इसके कारण यह हुआ है.. अब राजस्थान को अस्थिर सरकार से मुक्ति चाहिए.. अनिश्चितता से मुक्ति चाहिए.. अब राजस्थान को स्थिर और विकास वाली सरकार चाहिए तभी राजस्थान में कानून का राज स्थापित हो पायेगा.. तभी राजस्थान तेज विकास के रास्ते पर चल पायेगा।

## विरासत और विकास की पटरी पर चल रहा भारत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत पूरे स्वाभिमान के साथ अपनी विरासत पर गर्व रहा है और इस बात पर जोर दे रहा है कि वह आधुनिकता लाने के साथ ही अपनी परंपराओं को मजबूत करेगा।मोदी ने यह भी कहा कि देश की नीतियों और प्रयासों में कोई भेदभाव नहीं है और इसका उद्देश्य गरीबों, पिछड़ों तथा वंचितों की प्राथमिकता के साथ सेवा करना है।

मोदी ने समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती के 200वें जयंती समारोह का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने जयंती समारोह के लोगोका भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भारत पर्यावरण के क्षेत्र में दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत इस साल जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। मोदी ने कहा कि देश आज पूरे स्वाभिमान के साथ अपनी विरासत पर गर्व कर रहा है। देश पूरे आत्मविश्वास के साथ कह रहा है कि हम आधुनिकता लाते हुए अपनी परंपराओं को मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश विरासत और विकास की पटरी पर चल रहा है।

# ममता के जंगलराज को खत्म करेगी भाजपा

**एजेंसी**

टीएमसी का मतलब आतंक, माफिया और भ्रष्टाचार : नड्डा



**पूर्बस्थली (पश्चिम बंगाल)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कोआतंक, माफिया और भ्रष्टाचारह्न का पर्याय करार देते हुए भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को उसपर पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं करने का आरोप लगाया। टीएमसी के शासन में राज्य के ठहरजाने का दावा करते हुए नड्डा ने कहा कि भाजपा ममता बनर्जी के जंगलराज को खत्म करेगी। उन्होंने कहा कि जब पीएमएवाई का ऑडिट किया जा रहा है तब बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इससे पता चला है कि जिन लोगों के पास तीन मंजिला-दो मंजिला मकान हैं, उन्हें इस योजना के तहत मकान मिले हैं। पश्चिम बंगाल में यह स्थिति है। नड्डा ने यह भी कहा कि महिला मुख्यमंत्री होने के बाद भी पश्चिम बंगाल महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की सूची में शीर्ष पर है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि टीएमसी यानी टेरर , माफिया और करप्शन है। पश्चिम बंगाल में सर्वत्र भ्रष्टाचार है। चाहे एसएससी भर्ती हो या किसी अन्य प्रकार की भर्ती, नौकरियां बेची जा रही हैं।

## कोश्यारी को बहुत पहले हटा देना चाहिए था : पवार

**मुंबई।** राकपा अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जाने से महाराष्ट्र राहत में है लेकिन केंद्र द्वारा यह फैसला काफी पहले ले लिया जाना चाहिए था। उन्होंने मांग की कि कोश्यारी ने अगर कोई असंवैधानिक फैसले लिए हैं तो उसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने नागपुर में पत्रकारों से कहा कि महाराष्ट्र अब राहत में है। यह बहुत अच्छा फैसला है लेकिन इसे काफी पहले ले लिया जाना चाहिए था। अपने इतिहास में महाराष्ट्र ने राज्यपाल के पद पर कभी ऐसा व्यक्ति नहीं देखा था। पवार ने कहा कि कोश्यारी ने जो भी फैसले लिए हैं जो संविधान के खिलाफ हैं उनकी उचित जांच होनी चाहिए।

# ओम, अल्लाह, मनु व पैगंबर एक ही आदमी हैं : मदनी



**नयी दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य लोकेश मुनि की मौजूदगी में ओम और अल्लाह तथा मनु और पैगंबर आदमी को एक बताते हुए रविवार को दावा किया कि बहुसंख्यक समाज के पूर्वज हिंदू नहीं थे, बल्कि मनु थे, जो एक ओम यानी अल्लाह की इबादत करने वाले थे। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के घर वापसी संबंधी बयान पर मदनी ने कहा कि इस्लाम भारत के लिए कोई नया मजहब नहीं है, बल्कि अल्लाह ने पैगंबर आदम यानी मनु को यहीं उतारा, उनकी पत्नी हव्वा को उतारा, जिन्हें वे (हिंदू) हमवती कहते हैं और वे सारे नबियों, मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों के पूर्वज हैं। मदनी के बयान पर आचार्य लोकेश मुनि ने असहमति जताते हुए कहा कि भगवान ऋषभदेव पहले तीर्थंकर थे, जिनके पुत्र भरत के नाम पर इस भारत देश का नाम पड़ा है और मदनी को शास्त्रार्थ के लिए आमंत्रित करते हुए जमीयत के 36वें अधिवेशन से चले गए।

# अमेरिका ने एक और हवाई घुसपैठिए को मार गिराया

**एजेंसी**

चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराने के बाद तीसरी बार इस तरह की कार्रवाई की गयी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को एक और उड़ने वाली वस्तु को मार गिराया। इस बार कनाडा में दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वित कार्रवाई हुई। 28 जनवरी को अलास्का से होते हुए अमेरिका में प्रवेश करने के एक सप्ताह तक अमेरिकी मुख्य भूमि के ऊपर 4 फरवरी को चीनी जासूसी गुब्बारे के मार गिराने के बाद अमेरिका द्वारा शनिवार की तीसरी बार इस तरह की कार्रवाई की गई।

शुक्रवार को भी अलास्का के ऊपर उड़ रही एक वस्तु को मार गिराया था। शनिवार को गिराई गई वस्तु की उत्पत्ति, स्वामित्व और उद्देश्य के बारे में अमेरिका और कनाडा दोनों की तरफ से कोई बयान नहीं आया है।कनाडा के प्रधान मंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच एक कॉल के बाद, राष्ट्रपति बाइडेन ने उत्तरी कनाडा के ऊपर उड़ रही वस्तु को मार गिराने के लिए कनाडा के साथ काम करने को उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) को सौंपे गए अमेरिकी लड़ाकू विमान को अधिकृत किया। एनओआरएडी ने शुक्रवार को अलास्का के ऊपर वस्तु का पता लगाया। रक्षा विभाग ने कहा कि दो अमेरिकी एफ-22 लड़ाकू विमानों ने वस्तु का अध्ययन करने और उसकी पहचान करने के लिए निगरानी की, और कहा कि निगरानी तब तक जारी रही जब तक कि वस्तु कनाडा के हवाई क्षेत्र में तैरने लगी, अमेरिकी जेट कनाडा के सीएफ- 18 और सीपी-140 विमानों से जुड़ गए। यूएस और कनाडाई अधिकारियों द्वारा समन्वयित एक मिशन में, एक अमेरिकी एफ-22 ने अंततः एआईएम 9एक्स का उपयोग करके कनाडाई क्षेत्र में वस्तु को मार गिराया।

## देश में 1.80 लाख से अधिक गांव ओडीएफ प्लस घोषित

**नयी दिल्ली।** देश में अब तक 1.80 लाख से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस (खुले में शौच से मुक्त-प्लस) का दर्जा हासिल किया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, सरकार की योजना इस संख्या को मौजूदा वर्ष में दोगुना करने की है।

ओडीएफ प्लस का दर्जा उन गांवों को दिया जाता है, जो खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बनाए रखते हैं तथा ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन करते हैं।

शौचालय सुविधाओं के उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए खुले में शौच मुक्त ओडीएफ के दर्जे की स्थिरता की दिशा में काम करने वाले क्षेत्रों को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) ओडीएफ प्लस के रूप में वर्गीकृत किया गया है।एसबीएम-ग्रामीण के द्वितीय चरण को फरवरी 2020 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि देश के सभी गांव 2024 के अंत तक खुद को ओडीएफ प्लस घोषित करें।

# सीजेआइ आज दो न्यायाधीशों को दिलायेंगे शपथ

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ सोमवार को दो नए न्यायाधीशों न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को शपथ दिलाएंगे।उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त होने से पहले न्यायमूर्ति बिंदल इलाहबाद उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश थे, जबकि न्यायमूर्ति कुमार गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। इनके शपथ लेने के बाद शीर्ष न्यायालय में न्यायाधीश की संख्या नौ महीने के अंतराल के बाद 34 हो जाएगी। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों की संख्या प्रधान न्यायाधीश को मिलाकर 34 है।

न्यायमूर्ति राजेश बिंदल :पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मूल कैडर के न्यायमूर्ति बिंदल 11 अक्टूबर 2021 से इलाहबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। सोलह अप्रैल 1961 को जन्मे न्यायमूर्ति बिंदल ने 1985 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एलएलबी की और सितंबर 1985 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में भर्ती हुए। उन्हें 22 मार्च 2006 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।इलाहबाद उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, न्यायमूर्ति बिंदल ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में अपने कार्यकाल में करीब 80,000 मुकदमों का निस्तारण किया। जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय में तबादला होने पर उन्होंने 19 नवंबर 2018 को पद की शपथ ली और बाद में उन्हें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति बिंदल ने पांच जनवरी 2021 को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली और उन्हें 29 अप्रैल 2021 से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का दायित्व निभाने का जिम्मा सौंपा गया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार : कर्नाटक उच्च न्यायालय कैडर के न्यायमूर्ति कुमार 13 अक्टूबर 2021 से गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहे थे। 14 जुलाई 1962 में जन्मे न्यायमूर्ति कुमार 1987 में वकील बने।उन्हें 1999 में कर्नाटक उच्च न्यायालय में केंद्र सरकार का अतिरिक्त स्थायी वकील नियुक्त किया गया। वह 2002 में क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त हुए और बाद में उन्हें 2005 में भारत का सहायक सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति कुमार को 26 जून 2009 को कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह सात दिसंबर 2012 को स्थायी न्यायाधीश बने।

## चार हाइकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली।** चार उच्च न्यायालयों में रविवार को मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इनमें से दो न्यायाधीश इस महीने ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। गुजरात उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोनिया गिरिधर गोकानी को इसका मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। शपथ लेने के बाद वह किसी उच्च न्यायालय में इकलौती महिला मुख्य न्यायाधीश होंगी। न्यायमूर्ति सबीना हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के तौर पर काम कर रही हैं। न्यायमूर्ति गोकानी 25 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगी। वह गुजरात न्यायिक सेवा से हैं। कॉलेजियम ने पिछले सप्ताह उनके नाम की सिफारिश करते हुए कहा था कि सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश होने के अलावा मुख्य न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति गोकानी की नियुक्ति से समावेशन और मुख्य न्यायाधीश के पद पर सेवाओं से लिए गए जजों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा।

# मनोज वाजपेयी की फिल्म गुलमोहर का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म गुलमोहर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म गुलमोहर में शर्मिला टैगोर भी नजर आएंगी। इस फिल्म से शर्मिला 12 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। मनोज वाजपेयी ने इस ट्रेलर को शेयर किया है।मनोज बाजपेयी ने फिल्म गुलमोहर के ट्रेलर को पोस्ट करते हुए लिखा कि मेरी बत्रा फैमिली, आपको अपने परिवार के साथ स्वागत करती है।

बताया जा रहा है कि फिल्म गुलमोहर बत्रा परिवार की कहानी है। जिसमें मनोज वाजपेयी एक पिता के रोल में तो वहीं शर्मिला टैगोर उनकी मां के रोल में नजर आ रही हैं। स्टार स्टूडियोज के बैनर तले फिल्म गुलमोहर का निर्माण हुआ है। फिल्म में शर्मिला टैगोर, मनोज वाजपेयी, सिमरन, सूरज शर्मा अमोल पालेकर लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 3 मार्च को डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**सैफ और करीना मार्वल फ्रेंचाइजी इंटरनेशनल फिल्म को देंगे आवाज :** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और करीना कपूर समेत कई कलाकार मार्वल फ्रेंचाइजी इंटरनेशनल फिल्म को अपनी आवाज देने जा रहे हैं।

मार्वल्स वेस्टलैंडर्स' के हिंदी वर्जन में सैफ अली खान, करीना कपूर खान के अलावा व्रजेश हिरजी, शरद केलकर, आशीष विद्यार्थी, जयदीप अहलावत, मिथिला पालकर, प्राजक्ता कोली, यशस्विनी दयामा जैसे बॉलीवुड के बड़े सितारे आवाज देंगे। करीनाजहां ब्लैक विडो के किरदार को अपनी आवाज दे रही है, तो वहीं सैफ स्टार-लॉर्ड के किरदार को आवाज देंगे। 28 जून को पहला एपिसोड ऑडिबल पर रिलीज होगा।

**मान्यता दत्त ने एनिवर्सरी पर संजय दत्त के साथ शेयर किया डांस वीडियो :** मान्यता दत्त ने अपने पति संजय दत्त के साथ अपनी 15वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर सोशल मीडिया पर डांस वीडियो शेयर किया है। मान्यता दत्त ने 11 फरवरी को 15वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में संजय दत्त और मान्यता क्लब में अमिताभ बच्चन के गाने तुम साथ हो जब अपने में कपल डांस करते नजर आ रहे हैं। मान्यता ने एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने शादी के पंद्रह साल को याद करते हुए लिखा कि हम दोनों एक दूसरे को 21 सालों से जानते हैं। हमने गलती की, माफी मांगी, एक दूसरे को चांस भी दिया, माफ किया, मस्ती मजाक भी किया और एक दूसरे से प्यार भी किया। संजय दत्त ने लिखा, मान्यता, इस खास दिन पर मैं इस मोमेंट को सेलिब्रेट करना चाहता हूं। तुमने मेरे जीवन के हर एक दिन को खुशी और प्यार भर दिया है। मेरी वंडरफुल वाइफ और दोस्त, मैं तुमसे हमेशा प्यार करता रहूंगा।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !